आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
* इंदिरा एकादशी

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 264 | उज्जैन, मंगलवार 06 अक्टूबर, 2026 | आश्विन कृष्ण 11 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

देश विदेश

मोदी कैबिनेट से हरदीप पुरी, बीएल वर्मा होंगे बाहर

नई दिल्ली। बीजेपी ने राज्यसभा चुनाव को लेकर एक और लिस्ट कर दी है। इस सूची में केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी और बीएल वर्मा का नाम नहीं है। भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने उत्तर प्रदेश में होने वाले राज्यसभा चुनाव के लिए आठ उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में दो महिलाओं के नाम शामिल हैं। बीजेपी ने प्रियंका सिंह रावत और श्रुति गंगवार को टिकट दिया है। हालांकि, इस लिस्ट में सबसे चौंकाने वाली बात यही है कि केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी और बनवारी लाल वर्मा का नाम गायब है।

चिकित्सा क्षेत्र में 3 लोगों को मिला नोबेल पुरस्कार

नई दिल्ली। साल 2026 में चिकित्सा क्षेत्र के लिए नोबेल पुरस्कार तीन वैज्ञानिकों कार्ल डिशेरोथ, पीटर हेगेमैन और जॉर्ज नागेल को दिया गया है। नोबेल प्रेस वक्तव्य के अनुसार इन्हें यह सम्मान प्रकाश-नियंत्रित आयन चैनलों और ऑप्टोजेनेटिक्स पर उनकी खोजों के लिए दिया गया है। मेडिसिन कमिटी (चिकित्सा समिति) के सचिव थॉमस पर्लमैन ने सोमवार को इस अवॉर्ड की घोषणा की। नोबेल असेंबली ने स्वीडन के स्टॉकहोम में कैरोलिंस्का इंस्टिट्यूट में इस पुरस्कार की घोषणा की। मेडिसिन में नोबेल पुरस्कार लाइफ साइंस या मेडिसिन में बड़ी खोजों को सम्मान देता है।

रूस में अज्ञात वायरस से लैब कर्मचारी की मौत

कीव। रूस में 28 साल की महिला कर्मचारी की मौत के बाद उसके संपर्क में आए करीब 200 लोगों को मेडिकल निगरानी में रखा गया है। महिला साइबेरिया के एक एंटी-प्लेग रिसर्च इंस्टीट्यूट में काम करती थी। स्थानीय रिपोर्टों के मुताबिक, 25 सितंबर को लैब में काम करते समय उससे जीवित जैविक नमूनों वाली एक टेस्ट ट्यूब टूट गई थी। 29 सितंबर को तबीयत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां हालत गंभीर होने पर वेंटिलेटर पर रखा गया। इलाज के दौरान 1 अक्टूबर की रात उसकी मौत हो गई।

सुप्रीम कोर्ट ने राजपाल से कहा
आपकी जगह जेल में



घमंड को सही जगह दिखानी होगी, पता होना चाहिए कब मुंह खोलना है

नई दिल्ली। चेक बाउंस के सात मामलों में दोषी एक्टर राजपाल यादव को सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट के आदेश के बावजूद 5 करोड़ नहीं जमा करने पर सोमवार को जस्टिस जॉयमाल्य बागची नाराज हो गए। उन्होंने कहा, इस घमंड को सही जगह दिखानी होगी। आपको पता होना चाहिए कि कब मुंह खोलना है। आपकी जगह जेल में है। सुप्रीम कोर्ट ने राजपाल यादव को आखिरी मौका देते हुए 6 अक्टूबर तक पैसे जमा करने का आदेश दिया। मामले की अगली सुनवाई 7 अक्टूबर को होगी। कोर्ट ने इससे पहले 15 सितंबर को भी उन्हें भुगतान के लिए समय दिया था। साथ ही उन्हें सरेंडर करने से मिली अंतरिम राहत 5 अक्टूबर तक बढ़ा दी थी। सुनवाई के दौरान राजपाल यादव की ओर से 50 लाख रुपए के डिमांड ड्राफ्ट की कॉपी पेश की गई। उनके वकील ने बताया, ड्राफ्ट बैंक में प्रोसेस हो रहा है। इस पर बेंच ने कहा, उसे अभी यह भी नहीं पता कि ड्राफ्ट वास्तविक है या नहीं। कोर्ट ने यह भी कहा कि राजपाल यादव को 5 अक्टूबर तक 5 करोड़ रुपए जमा करने का निर्देश दिया गया था, लेकिन उन्होंने इसका पालन नहीं किया।

नैनो न्यूज

- **नई दिल्ली :** इंडिगो टिकट आज से महंगी, फ्यूल चार्ज बढ़ाया, घरेलू उड़ानों में 1300, इंटरनेशनल में 10 हजार तक ज्यादा देने होंगे, 6 महीने में तीसरी बढ़ोतरी।
- **नंदीग्राम :** बीजेपी हावी, रेजीनगर में हुमायूं ने पेंच फंसाया, 6 सीटों पर उपचुनाव, तमिलनाडु की दो सीटें सीएम विजय का पहला टेस्ट।
- **नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने कहा- अपराधियों में मौत का डर पैदा करना जरूरी, नहीं तो रेप जैसे अपराध रोकना मुश्किल, अदालत ने रेप की 3 घटनाओं पर खुद नोटिस लिया।
- **ब्राजील :** राष्ट्रपति लूला हार सकते हैं चुनाव, ट्रम्प के करीबी फ्लाविया बोल्सेनारो पहले दौर में आगे, पिता 27 साल जेल की सजा काट रहे।
- **वाशिंगटन :** चीन के लिए जासूसी के शक में अमेरिकी महिला गिरफ्तार, ताइवानी राष्ट्रपति के बेटे का वीडियो बनाया, चीन जाते समय एयरपोर्ट पर गिरफ्तार।

31 दिसंबर 2029 के बाद क्या उज्जैन में शराब के डिपो भी बंद होंगे?

अमित शाह के नशामुक्त मध्यप्रदेश के संकल्प के बीच शहर के प्रवेश द्वारों पर खुले शराब डिपो पर उठे सवाल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन


केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने भोपाल में मध्यप्रदेश को 31 दिसंबर 2029 तक नशामुक्त बनाने का लक्ष्य घोषित किया है। उन्होंने कहा कि इस तारीख के बाद प्रदेश में बेटों-बेटियों के लिए नशे की कोई जगह नहीं होगी और लक्ष्य हासिल करने के लिए विस्तृत योजना तैयार की जाएगी।

शाह के इस ऐलान के बाद प्रदेश में नशामुक्ति को लेकर नई बहस शुरू हो गई है। इसी कड़ी में धार्मिक नगरी उज्जैन में शहर की सीमा और प्रमुख प्रवेश मार्गों पर संचालित शराब के बड़े डिपो और दुकानों को लेकर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए शहर का प्रवेश द्वार ही उज्जैन की पहली तस्वीर पेश करता है। ऐसे में धार्मिक नगरी की पहचान और नशामुक्त प्रदेश के संकल्प के बीच इन शराब प्रतिष्ठानों की मौजूदगी चर्चा का विषय बन सकती है।

डिपो का भविष्य क्या होगा?

अमित शाह की घोषणा में 'नशा' और 'नशीले पदार्थों' से प्रदेश को मुक्त करने की बात कही गई है। उपलब्ध रिपोर्टों में उन्होंने शराब की दुकानों या शराब डिपो को 31 दिसंबर 2029 से बंद करने की कोई अलग समय-सीमा घोषित नहीं की है। इसलिए फिलहाल यह कहना जल्दबाजी होगा कि उक्त तारीख को प्रदेश के सभी शराब डिपो स्वतः बंद हो जाएंगे। लेकिन इस घोषणा के बाद यह सवाल जरूर महत्वपूर्ण हो गया है कि नशामुक्त मध्यप्रदेश की विस्तृत कार्ययोजना में शराब को लेकर सरकार की नीति क्या होगी? क्या शराब की बिक्री पर नियंत्रण बढ़ेगा? क्या धार्मिक एवं पर्यटन नगरी के प्रवेश क्षेत्रों में शराब की दुकानों और डिपो के स्थान को लेकर अलग नीति बनेगी? और क्या आने वाले वर्षों में उज्जैन जैसे धार्मिक शहरों के प्रवेश द्वारों को नशामुक्त क्षेत्र बनाने पर विचार होगा?


तपोभूमि जैन मंदिर


अभ्युदय जैन मंदिर


शनि मंदिर

उज्जैन के लिए इसलिए अहम

उज्जैन देश की प्रमुख धार्मिक नगरी है। महाकाल दर्शन के लिए वर्षभर बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां आते हैं। शहर में 2028 के सिंहस्थ की तैयारियां भी चल रही हैं। ऐसे में शहर की पहचान, प्रवेश मार्गों का स्वरूप और श्रद्धालुओं को मिलने वाला पहला संदेश भी महत्वपूर्ण है। 31 दिसंबर 2029 अभी दूर है, लेकिन सरकार ने लक्ष्य की तारीख तय कर दी है। अब निगाह इस बात पर रहेगी कि आने वाले समय में तैयार होने वाली कार्ययोजना में शराब और अन्य नशीले पदार्थों को लेकर क्या प्रावधान किए जाते हैं। यदि नशामुक्ति का संकल्प व्यापक रूप से लागू होता है तो उज्जैन में शहर की सीमा पर खड़े बड़े शराब डिपो के भविष्य पर भी स्वाभाविक रूप से सवाल उठेंगे।

अगले विधानसभा चुनाव के बाद क्या होगा?

मामला अब आने वाले अगले विधानसभा चुनाव से भी जुड़ता दिखाई दे रहा है। यदि चुनाव के बाद भाजपा की सरकार बनती है और नशामुक्त मध्यप्रदेश के लक्ष्य को आगे बढ़ाते हुए शराब को लेकर भी कोई नई नीति बनाई जाती है, तो उज्जैन के इन डिपो की स्थिति पर फैसला होना महत्वपूर्ण होगा।
जैन समाज के लिए सवाल केवल शराब के कारोबार का नहीं, बल्कि धार्मिक स्थलों के आसपास के वातावरण का भी है। तपोभूमि-शनि मंदिर क्षेत्र हो या बड़नगर रोड पर चंदूखेड़ी स्थित अभ्युदय मंदिर के आसपास का क्षेत्र– धार्मिक पहचान वाले इन स्थानों के समीप शराब डिपो की मौजूदगी लंबे समय से चर्चा का विषय बन सकती है।

1183 दिन बाद शराब डिपो से मिलेगी मुक्ति?

31 दिसंबर 2029 की नशामुक्ति की डेडलाइन के बीच उज्जैन के धार्मिक क्षेत्रों में उठ रहा सवाल

- केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मध्यप्रदेश को 31 दिसंबर 2029 तक नशामुक्त बनाने का लक्ष्य घोषित किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और गृह विभाग के अधिकारियों के साथ विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने की बात कही है। शाह के अनुसार 31 दिसंबर 2029 के बाद प्रदेश में बेटों-बेटियों के लिए नशे की जगह नहीं होगी।
- इस घोषणा के बाद धार्मिक नगरी उज्जैन में शहर के प्रमुख धार्मिक क्षेत्रों के आसपास संचालित शराब डिपो को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। तपोभूमि और शनि मंदिर के बीच स्थित शराब डिपो के साथ ही बड़नगर रोड पर चंदूखेड़ी के पास स्थित शराब डिपो को लेकर जैन समाज की निगाह अब सरकार की आगामी नशामुक्ति नीति पर है। चंदूखेड़ी में स्थित अभ्युदय मंदिर सहित आसपास का धार्मिक परिवेश इस सवाल को और महत्वपूर्ण बनाता है।

नशामुक्ति में शराब शामिल होगी या नहीं?

शाह की घोषणा में मध्यप्रदेश को नारकोटिक्स/ड्रग्स से मुक्त करने की बात कही गई है। उपलब्ध घोषणा में शराब की दुकानों अथवा शराब डिपो को 31 दिसंबर 2029 को अनिवार्य रूप से बंद करने का अलग आदेश या समय-सीमा घोषित नहीं की गई है। इसलिए फिलहाल यह कहना सही नहीं होगा कि उक्त तारीख को ये डिपो निश्चित रूप से बंद हो जाएंगे।
लेकिन यही घोषणा अब एक बड़ा सवाल खड़ा कर रही है–यदि मध्यप्रदेश को वास्तव में नशामुक्त बनाने की विस्तृत कार्ययोजना तैयार होती है, तो शराब की बिक्री और धार्मिक क्षेत्रों के आसपास स्थित शराब डिपो को लेकर सरकार की नीति क्या होगी?

31 दिसंबर 2029 तक उलटी गिनती

आज से 31 दिसंबर 2029 तक करीब 1183 दिन बाकी हैं। यानी सरकार के पास नशामुक्ति के लक्ष्य को लेकर नीति बनाने और उसे जमीन पर उतारने के लिए पर्याप्त समय है। अब निगाह इस बात पर रहेगी कि आने वाली विस्तृत कार्ययोजना में केवल ड्रग्स और नशीले पदार्थों पर कार्रवाई होती है या शराब को लेकर भी कोई व्यापक नीति सामने आती है।

मंडी गेट से स्टेशन मार्ग पर ट्रैक्टर ट्राली लगाकर किया चक्काजाम, हजारों वाहन फंसे

सोयाबीन के भाव पर किसानों का आक्रोश भड़का, तराना में 3 घंटे जाम

विधायक परमार ने कहा- किसानों को उसकी मेहनत का उचित भाव नही मिल रहा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तराना

प्रदेश सरकार की भावांतर योजना में सोमवार को सोयाबीन की उपज का उचित भाव नहीं मिलने से किसानों द्वारा कृषि उपज मंडी बन्द कर मंडी गेट के बाहर स्टेशन मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। किसानों ने बताया कि मंडी में 4400 रुपए प्रति क्विंटल की बोली लगाई जा रही है। जबकि बाहर 5 हजार से अधिक मिल रहै है। सुबह 11 बजे से ही मंडी गेट के बाहर स्टेशन मार्ग पर दोनों तरफ ट्रैक्टर लगाकर चक्का जाम कर सड़क पर किसान बैठ गए थे इसके चलते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई थी। जिस वजह से करीब 3 घंटे तक यह प्रमुख मार्ग बंद रहा।

प्रदेश में सरकार भावांतर पर किसानों का पंजीयन कर रही है और भारतीय किसान संघ सहित किसानों की सोयाबीन के लागत भाव की मांग की जा रही है। उसके बाद भी मंडी में भाव को लेकर किसानों का आक्रोश भड़क रहा है। तराना मंडी में भी सोमवार को यही स्थिति सामने आने पर किसान आक्रोशित हो गए और मंडी बंद करते हुए उन्होंने चक्काजाम कर दिया। मार्ग बंद होने की वजह से नागरिकों को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मौके पर टीआई रामनारायणसिंह भदौरिया एवं तहसीलदार लखन सोनानिया भी पहुंचे थे।



विधायक परमार ने कहा प्रशासन फेलियर

किसानों द्वारा चक्काजाम की जानकारी लगने पर कांग्रेस विधायक महेश परमार मौके पर पहुंचे एवं किसानों से मिले और उनकी परेशानियों को सुना। विधायक परमार ने कहा कि मुख्यमंत्री के गृह जिले में किसान परेशान हो रहे हैं उन्हें उपज का भाव नहीं मिल रहा है और किसानों को 3 घंटे तक सड़क पर बैठना पड़ रहा। यह प्रशासन फेलियर है। अधिकारी भ्रष्टाचार करने में लगे हैं दो बार कलेक्टर से फोन पर बात की फिर भी मंडी सचिव एवं एसडीएम मौके पर नहीं पहुंचे। अधिकारियों का जनता, किसानों से कोई सरोकार नहीं है।

गलतफहमी से रूकी नीलामी- एसडीएम

एसडीएम अनिरुद्ध मिश्रा ने बताया कि तराना मंडी में किसानों और व्यापारियों के बीच गलतफहमी के चलते नीलामी रुक गई थी व्यापारी प्रतिनिधियों एवं किसानों से चर्चा कर सभी को आश्वासन दिया है कि सही रेट पर नीलामी होगी शाम करीब 4.30 बजे एसडीएम तराना के द्वारा मुहूर्त की बिकवाली करवा कर नीलामी शुरू करवाई।

मप्र में 1 लाख शिक्षक के पद खाली : राहुल गांधी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश में शिक्षक भर्ती में पद बढ़ाने की मांग को लेकर अभ्यर्थी 46 दिनों से भोपाल में आंदोलन कर रहे हैं। इसी बीच राहुल गांधी ने सीएम मोहन यादव को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि 1 लाख से ज्यादा शिक्षक के पद खाली हैं, लेकिन शिक्षक भर्ती-2025 में वर्ग-3 के 13,089 और वर्ग-2 के 10,800 पद ही निकाले गए। राहुल ने वर्ग-2 में हर विषय के 3 हजार और वर्ग-3 में 25 हजार पद बढ़ाने की मांग की। उन्होंने आंदोलनकारी अभ्यर्थियों के नोटिस वापस लेने और दूसरे चरण की काउंसलिंग जल्द शुरू करने को भी कहा। इससे पहले इंदौर में छात्रों की गूंज कार्यक्रम में इंदौर की दीप्ति सिंह ठाकुर ने राहुल गांधी से कहा था- अभ्यर्थी उल्टियां कर रहे हैं, उनकी हालत गंभीर है, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। इस पर राहुल ने कहा था- अपने आंदोलन में मुझे भी बुलाइए।

चुनाव आयोग ने कानून तोड़ा तो फैसले रोक देंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने की याचिका पर सुनवाई की। उन पर एसआईआर से जुड़े करीब 14 फैसले दो अन्य चुनाव आयुक्तों की सहमति के बिना लेने का आरोप है। अदालत ने उन्हें निलंबित करने का अंतरिम आदेश देने से तो इनकार किया, लेकिन चुनाव आयोग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कोर्ट ने कहा कि अगर फैसले बिना सहमति के लिए पाए गए, तो उन्हें वापस लिया जा सकता है। सुनवाई के दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने कहा- फार्म-6 में किसी संशोधन को सुप्रीम कोर्ट ने मंजूरी नहीं दी है। जबकि, 9 दिन पहले चुनाव आयोग ने कहा था कि एसआईआर के लिए फार्म-6 के साथ लगाए गए डिक्लेरेशन को सुप्रीम कोर्ट से मंजूरी मिली है।

मायावती ने आकाश को फिर बसपा में दी जिम्मेदारी

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने आकाश आनंद को फिर पार्टी का राष्ट्रीय संयोजक बनाया है। कुछ दिन पहले आकाश ने सोशल मीडिया के माध्यम से दोबारा पार्टी में काम करने की इच्छा जताई थी। मायावती ने उनके अनुरोध और पार्टी नेताओं की राय के बाद उन्हें पुरानी जिम्मेदारी सौंपने का फैसला किया।

बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को एक बार फिर पार्टी में सक्रिय भूमिका देने का फैसला किया है। उन्होंने आकाश आनंद को बीएसपी का राष्ट्रीय संयोजक बनाकर दोबारा पार्टी में काम करने का मौका दिया है। यह फैसला ऐसे समय हुआ है, जब कुछ दिन पहले ही आकाश आनंद ने सोशल मीडिया के जरिए मायावती से दोबारा पार्टी में काम करने का अवसर मांगा था।

रेपो रेट 0.25% बढ़ने से लोन लेना महंगा हो जाएगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

आरबीआई की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की तीन दिन की मीटिंग 5 अक्टूबर से शुरू हो गई है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इस बार रिजर्व बैंक रेपो रेट में 0.25% की बढ़ोतरी कर सकता है। अगर ऐसा होता है, तो फरवरी 2023 के बाद रेपो रेट में होने वाली यह पहली बढ़ोतरी होगी, जिससे रेपो रेट 5.25% से बढ़कर 5.50% पर पहुंच जाएगी। इस मीटिंग में लिए गए फैसलों की जानकारी 7 अक्टूबर को आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा देंगे। रिजर्व बैंक ने वर्ष 2025 में 4 बार में रेपो रेट में 1.25% की। इससे रेपो रेट 6.50% से घटकर 5.25% पर आ गई। वहीं 2026 में हुई अब तक चार बैठकों में रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं हुआ है। अक्टूबर की यह बैठक देश के पीक फेस्टिव सीजन के दौरान हो रही है। इस दौरान ऑटोमोबाइल्स, इलेक्ट्रॉनिक्स और हाउसिंग सेगमेंट में क्रेडिट यानी लोन की मांग ज्यादा रहती है। अगर आरबीआई रेपो रेट में 0.25% की बढ़ोतरी करता है, तो बैंकों की एक्सटर्नल बेंचमार्क लेंडिंग रेट्स तुरंत बढ़ जाएंगी। इससे नए लोन महंगे हो जाएंगे और मौजूदा होम लोन व ऑटो लोन के ग्राहकों की ईएमआई बढ़ सकती है, जो त्योहारी सीजन में उपभोक्ता मांग को प्रभावित कर सकती है।

6 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

एजेंसी ▸▸ चंडीगढ़

पंजाब और हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ के छह प्रतिष्ठित स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी भरा संदेश मिलने के बाद सोमवार सुबह पूरे शहर में हड़कंप मच गया। पुलिस कंट्रोल रूम को मिले एक अज्ञात संदेश में शहर के अलग-अलग सेक्टरों में स्थित छह शिक्षण संस्थानों को निशाना बनाने की बात कही गई थी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, उच्चाधिकारी और तमाम सुरक्षा एजेंसियां तुरंत अलर्ट मोड पर आ गईं और एहतियात के तौर पर सुरक्षा घेरा कड़ा कर दिया गया।


कंट्रोल रूम को प्राप्त धमकी भरे संदेश में शहर के कई प्रमुख स्कूलों के नाम शामिल हैं। इनमें एयरफोर्स स्कूल (सेक्टर-31), सेंट सोल्जर इंटरनेशनल स्कूल (सेक्टर-28), डीएवी मॉडल स्कूल (सेक्टर-15), सेंट स्टीफंस स्कूल (सेक्टर-45) और अजित स्कूल (सेक्टर-41 व 45) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त पंजाब यूनिवर्सिटी परिसर में स्थित अंकुर स्कूल को लेकर भी इसी प्रकार का धमकी भरा संदेश मिलने की सूचना सामने आई है।

तलाशी अभियान

धमकी की खबर मिलते ही पुलिस की विभिन्न टीमों ने संबंधित सभी स्कूलों में पहुंचकर मोर्चा संभाल लिया। विद्यार्थियों और शिक्षकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कई स्थानों पर एहतियाती कदम उठाए गए। बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड के साथ सुरक्षा एजेंसियों ने स्कूल परिसरों, कक्षाओं और आसपास के इलाकों में गहन तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। राहत की बात यह है कि प्राथमिक जांच के दौरान किसी भी स्कूल परिसर से कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है। धमकी किस माध्यम से भेजी गई– ईमेल, इंटरनेट कॉल या सामान्य संदेश–इसकी पुष्टि के लिए चंडीगढ़ पुलिस की साइबर सेल और तकनीकी शाखा को जांच में लगा दिया गया है।



महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का सोमवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

खुसूर-फुसूर

दाम निकाल रहे आम की जेब का दम

बाजार में जाने पर आजकल आम आदम की जेब का दम निकल रहा है। हर एक वस्तु का दाम बढ़ा हुआ ही सामने आ रहा है। अगर दाम नहीं बढ़ा है तो उसकी पैकिंग में वजन कम कर दिया गया है। कुल जमा दाम आम की जेब का दम निकाल रहा है। दूध के मुद्दे पर भी यही हाल कायम को चुका है। वैसे तो फूटकर विक्रेताओं ने प्रति लीटर 66 रूपए का दाम वृद्धि के साथ घोषित किया है। इसके बाद भी कई विक्रेता 70 रूपए तक उसे हाई फैट का बता कर बेच रहे हैं। दूध की शुद्धता के पैमाने को लेकर अब भी विश्वास की कड़ी बहुत दूर ही कही जाएगी। शुद्ध दूध को लेकर आम आदमी के सामने दाम का संशय बराबर बना हुआ ही है। ये आज का मसला नहीं लंबे समय से ही चला आ रहा है। इसकी जांच के लिए रेपिड कीट भी आ चुका है उसके बाद भी अलग-अलग स्थितियों में ही सब सामने आ रहा है। खुसूर-फुसूर है कि दूध आम आदमी की प्राथमिक जरूरतों में शामिल है। उसके दाम में बराबर बढोतरी की स्थिति से सीधे तौर पर बच्चे अधिक प्रभावित होते हैं। बच्चों को ही दूध की सर्वाधिक जरूरत होती है। दूध की शुद्धता को लेकर भी यही स्थिति है। दूध छोटे बच्चों का प्रिय आहार होता है और उसकी शुद्धता कायम रखना समाज और निगरानी विभाग की ही नहीं व्यवसायियों की भी नैतिकता में शामिल होना चाहिए। आए दिन दूध की अशुद्ता के सामने आने वाले मामलों से यह तय हो रहा है कि पैसों के लिए कतिपय व्यवसायी पानी समान दूध का विक्रय कर बच्चों को कमजोर कर रहे हैं। बाजार में आम आदमी का बढे दाम जेब का दम निकाल रहे हैं ऐसे मे जिम्मेदारों को अब शुद्धता के लिए भी सौ फिसदी मापदंड एवं नियमों का पालन करवाना चाहिए।

नैनो न्यूज

- आयुर्वेद, योग एवं भारतीय जीवनशैली अपनाने का दिया संदेश, डॉ. प्रकाश टाटा के उज्जैन आगमन पर श्री नाथ ग्रुप ने किया स्वागत, स्वास्थ्य गोष्ठी आयोजित
- श्री सिंथेटिक्स के कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं। कर्मचारियों द्वारा सरकार को कई बार ज्ञापन देकर मांगों के निराकरण की मांग की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से कर्मचारियों में नाराजगी है।
- श्राद्ध पक्ष में पितरों के निमित्त श्रीमद्भागवत कथा, का आज कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ, इस धार्मिक आयोजन में समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं को सपरिवार सादर आमंत्रित किया गया है।
- किसी का खंडन न करें अपनी जड़ों और परंपराओं से जुड़े रहें, आचार्य मुक्तिसागरसूरीश्वरजी के सान्निध्य में तपागच्छीय सम्मेलन संपन्न, थावरचंद गेहलोत ने बताई जैन धर्म की महत्ता
- कालिदास अभिरंग नाट्य गृह में स्वर-संगीत द्वारा सजी महफिल रेट्रो वाईब्स पुराने दौर की सुरों की यात्रा बन गई। अवसर था, संगीतकार और पार्श्वगायक हेमंत कुमार और तलत मेहमूद के गीतों की संगीत संध्या का।
- चामुण्डा माता मंदिर में भव्य नवरात्रि महोत्सव की तैयारियां पूर्ण, 11 अक्टूबर से शुरू होगा पर्व, 20 को नवमी का हवन
- समालखा में 23 से 26 अक्टूबर तक सजेगा 79वां निरंकारी संत समागम, 'जागृति' विषय पर केंद्रित इस चार दिवसीय आयोजन में उज्जैन जोन 25 के श्रद्धालु भी करेंगे शिरकत
- सिंहस्थ में विदेशी संस्थाओं के काम करने पर लगे पूर्ण प्रतिबंध, विश्व मांगल्य स्वनाथ परिषद की अखिल भारतीय कार्यशाला का समापन, अनाथ बच्चों के कल्याण के लिए पारित हुआ प्रस्ताव
- रामघाट पर 166 अज्ञात मृतकों का किया तर्पण, 45 वर्षों से लावारिस लाशों को मोक्ष दिला रहे अनिल डागर, अब तक 22 हजार शवों का कर चुके हैं अंतिम संस्कार

ट्रेंडिंग



सिंहस्थ-2028 में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आसपास के जिलों में भी रहेगी ठहराव की व्यवस्था

शाजापुर, रतलाम, देवास, नीमच जिलों के होल्डिंग प्लान फायनल

उज्जैन की तरफ आने वाले मार्गों की लेफ्ट साइड में ही अधिकांश होल्डिंग एरिया बनाए जाएं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ 2028 में आने वाले श्रद्धालुओं को यहां आने से पूर्व इंदौर झउज्जैन संभाग के सीमावर्ती जिलों में होल्डिंग के प्लान बी को लेकर प्रशासन की तैयारी जारी है। शाजापुर, रतलाम, देवास, नीमच जिलों के होल्डिंग प्लान को फाइनल किया गया तथा शेष जिलों से एक सप्ताह में प्लान बनाकर प्रस्तुत करने के लिए कहा गया। इसी के तहत ट्रैफिक कंट्रोल एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए उज्जैन एवं इंदौर संभाग के सीमावर्ती जिलों में उन मार्गों पर, जो उज्जैन से सीधे जुड़ते हैं, वहां बड़े होल्डिंग एरिया बनाए जाएंगे।



इस सिलसिले में मेला अधिकारी सह संभागायुक्त आशीष सिंह एवं एडीजी राकेश गुप्ता ने उज्जैन संभाग के सभी कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षकों से बैठक में रूबरू चर्चा की है। इसके साथ ही इंदौर, धार, सीहोर जिलों के कलेक्टरों से ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़कर होल्डिंग एरिया चिन्हित किए जाने तथा उनकी प्लानिंग के बारे में जाना।

4 जिलों में फायनल शेष में एक सप्ताह में होंगे

बैठक में शाजापुर, रतलाम, देवास, नीमच जिलों के होल्डिंग प्लान को फाइनल किया गया तथा शेष जिलों से एक सप्ताह में प्लान बनाकर प्रस्तुत करने के लिए कहा गया। बैठक में इंदौर कलेक्टर द्वारा बताया गया कि भंवरासा, बरलाई, खंडवा रोड पर तथा धार रोड पर होल्डिंग एरिया प्रस्तावित किया गया है।

सीहोर एवं धार जिले में भी बनेंगे

सीहोर जिले में 10 होल्डिंग एरिया चिन्हित किए गए हैं, जिनमें 07 बड़े हैं। कुल 119 हेक्टेयर में वाहनों के लिए होल्डिंग एरिया बनाया जाएगा। सीहोर में आष्टा, सीहोर, डोडी आदि स्थानों पर होल्डिंग बनाए जाएंगे। धार जिले में कलमाड़ा खुर्द, बदनावर, मसावदा, केसूर में 104 हेक्टेयर में होल्डिंग प्रस्तावित है। नीमच जिले में नयागांव में तथा रतलाम जिले में 03 स्थानों पर कुल 27 हेक्टेयर में होल्डिंग एरिया बनाया जाना प्रस्तावित है। देवास जिले में 04 होल्डिंग एरिया चिन्हित किए गए हैं। इनमें गोपाल चौराहा, सोनकच्छ, शिप्रा, राजोदा और चापड़ा में होल्डिंग एरिया बनेगा। मंदसौर में 54 हेक्टेयर में 03 स्थान चिन्हित किए गए हैं। इन होल्डिंग एरिया में श्रद्धालुओं के रूकने के साथ सभी प्रकार की सुविधाएं जुटाई जाएंगी।

ग्रीन फिल्ड हाईवे पर भी बनेगा

उन्हें संभागायुक्त श्री सिंह ने नए बन रहे इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड हाईवे पर भी होल्डिंग के लिए स्थान चिन्हित करने के लिए कहा है। साथ ही निर्देशित किया गया है कि उज्जैन की तरफ आने वाले मार्गों की लेफ्ट साइड में ही अधिकांश होल्डिंग एरिया बनाए जाएं।

नवरात्रि के पूर्व ही लगा रहे अर्जी


गढ़कालिका मंदिर की दीवारों पर श्रद्धालु लिख रहे कामना...

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मां अपने बच्चे की पीड़ा को बहुत जल्दी समझ जाती है और अपने बच्चे की खुशहाली के लिए अपना सर्वस्व भी न्यौछावर कर देती है। बाबा महाकाल की पावन नगरी में ही महाकवि कालीदास की आराध्य देवी गढ़कालिका का भी मंदिर है जहां दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं और मनौती मांगते हैं। आश्चर्य का विषय ये है कि इस वर्ष श्राद्धपक्ष मे भी श्रद्धालु बाबा महाकाल व देवी मंदिरों में दर्शन के लिए भारी संख्या में आ रहे हैं।

गढ़कालिका मंदिर की दीवारों पर ढेरों अर्जियां- कालिका देवी का अतिप्राचीन मंदिर है गढकालिका। नवरात्रि के दौरान यहां भक्तों की भारी भीड़ रहती है किन्तु श्राद्धपक्ष के दौरान भी लगातार भीड़ बनी हुई है। मंदिर की बाहरी दीवारों को देखने पर बड़ा ही रोचक अनुभव होता है। दीवारों पर श्रद्धालुओं ने विभिन्न रंग के पेन से अपनी मनोकामनाएं लिख दी हैं। ज्यादातर नीली व काली स्याही से भक्तों ने अपनी भिन्न-भिन्न मांग माताराणी से की है।









किसी को ऋणमुक्ति तो किसी को चाहिए मकान

गौर से इन मनौतीवाले वाक्यों को पढ़ने पर पता लगता है कि किसी को मां की सहायता कर्ज से मुक्ति हेतु चाहिए तो किसी को जल्दी ही स्वयं का मकान चाहिए। कोई श्रद्धालु मां को अर्जी मे लिख रहा है कि उसे प्रतियोगी परीक्षा में सफलता दिलाई जाए तो किसी ने लिखा है मां मुझे संतान चाहिए। छात्र-छात्राओं ने भी परीक्षा मे सफलता हेतु मां से अर्ज किया है। हैरत तो तब होती है जब कुछ कामनाएं मराठी व बंग्ला भाषा में भी लिखी दिखती हैं। आखिर मां तो सभी भाषा को समझने की प्रज्ञा जो है।

चेतावनी व जुर्माने की अनदेखी- मां गढ़कालिका के दरबार में ऐसी कामनाओं से रंगीन दीवारों से परेशान होकर ही मंदिर मे चेतावनी बोर्ड लगा नजर आता है जिसमें साफ लिखा है कि दीवार पर लिखना सख्त मना है और लिखते पाए जाने पर रू 250 रु. का जुर्माना भरना पड़ेगा। इस चेतावनी के बावजूद भक्त अपनी मां से मन की पीड़ा शब्दों से बयां करने का मोहसंवरण नहीं कर पा रहे और निरंतर दीवारें शब्दों से रंगबिरंगी होती दिखाई पड़ रही हैं।

दीप-स्तंभ पर सिक्का चिपकाने की होड़- गढ़कालिका माता मंदिर परिसर में ही दो दीप-स्तंभ हैं जिनमे नवरात्रि व अन्य पर्वों पर दीप प्रज्जवलित किए जाते हैं। इन्हें ही दीपमालिका भी कहा जाता है। दीपमालिका स्तंभ पर तेल चिपकने से वे चिपचिपे हो चुके हैं। बाहर से आए श्रद्धालुओं के लिए ये दीपमालाएँ भी माता तक अर्जी पहुंचाने का माध्यम बनी हुई हैं। बहुत से श्रद्धालु इन दीपमालिकाओं पर सिक्के चिपका कर मनौती मांगते नजर आते हैं। देखादेखी में एक के बाद एक श्रद्धालु सिक्के चिपकाते रहते हैं और मां से कामना पूर्ति की विनती करते हैं। आखिर मां के दरबार मे अर्जी लगाना बेटे व बेटी अपना अधिकार मानते हैं।

दिल की बीमारियों में ईसीजी की जांच महत्वपूर्ण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ईसीजी जैसी सस्ती सरल कही भी करने वाली, नुकसान रहित चन्द मिनटों में होने वाली, बार बार भी रिपीट करने वाली का अभी भी महत्वपूर्ण पायदान है दिल की बीमारियों में उपरोक्त कथन- सीनियर प्रोफेसर डॉ. विजय गर्ग ने राजमुंदरी (आँध्रप्रदेश) में 3 व 4 अक्टूबर को सम्पन्न अखिल भारतीय ईसीजी सोसायटी के सम्मेलन में अतिथि उदबोदन में वयक्त किया।

डॉ. विजय गर्ग ने बताया अब समय आ गया है आप अपना ईसीजी घर पर बैठकर तकलीफ होने पर घर पर खुद निकालकर अपने डॉ. को ब्लूटूथ (मोबाईल) के द्वारा अपने डॉ. को भेजकर परामर्श ले सकते है, की सामन्य है या मुझे हॉस्पिटल आना है। वर्तमान युग में जहां दिल की बीमारी की जांचे महंगी होती जा रही है, इस समय भी ईसीजी का कोई मुकबला नहीं, सभी हृदय रोग विशेषग्य सबसे ईसीजी देखकर आगे की रूप रेखा तैयार करते है, डॉ. विजय गर्ग कहते है ईसीजी अभी भी आसानी से चंद मिनटों में बता देता है की आपको दिल का दौरा है या नहीं आपका दिल बड़ तो नहीं गया, आपको ब्लड प्रेशर के कारण दिल की कोई तकलीफ है या नहीं, का उत्तर आसानी से मालूम किया जा सकता। हर सामान्य मनुष्य को भी अपना 1 ईसीजी निकाल कर पास में रखना चाहिए जिससे तकलीफ होने पर, होने वाले ईसीजी से डॉ. मिलान कर सके एंव भंयकर खतरे को पहचान सकते है, गहन चिकित्सा ईकाई में तो ईसीजी का महत्व प्रचंड है।

10 अक्टूबर तक होगा फसलों का पंजीयन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिये पंजीयन प्रक्रिया जारी है। अभी तक 3 लाख 5 हजार 82 किसानों ने पंजीयन कराया है। किसान 10 अक्टूबर तक पंजीयन करा सकते हैं। किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है। प्रदेश में 1100 से अधिक पंजीयन केन्द्र बनाये गये हैं। जबलपुर संभाग में 1 लाख 47 हजार 824, नर्मदापुरम में 16 हजार 824, भोपाल में 8 हजार 599, रीवा में 94 हजार 384, शहडोल में 21 हजार 456 और सागर संभाग में 16 हजार 155 किसानों ने पंजीयन कराया है।

ऑनलाइन संजा गीत प्रतियोगिता में कर्शनी और यशोधरा प्रथम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मध्यप्रदेश नागर ब्राह्मण महिला परिषद के तत्वावधान में रविवार को संजा गीत प्रतियोगिता का ऑनलाइन आयोजन किया गया। परिषद की प्रदेश अध्यक्ष सोनिया मंडलोई की पहल तथा कार्यकारी अध्यक्ष नेहा प्रतिमा मेहता के सहयोग से आयोजित प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से करीब 150 महिलाओं ने सहभागिता की।

कार्यक्रम प्रदेश अध्यक्ष केदार रावल के मुख्य आतिथ्य, सोनिया मंडलोई की अध्यक्षता एवं नेहा प्रतिमा मेहता की सह-अध्यक्षता में हुआ। प्रादेशिक महासचिव हेमंत व्यास तथा पूर्व महिला प्रदेश अध्यक्ष एवं जय हाटकेश हाटकेश्वर समाचार की प्रधान संपादक आभा मेहता विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन महासचिव श्रीमती अर्चना व्यास ने किया। महासचिव श्रीमती प्रतिभा मेहता ने संजा पर्व एवं संजा गीतों के सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका डॉ. कविता मेहता एवं श्रीमती सुषमा मंडलोई ने निभाई। परिणामों में उज्जैन की कुमारी कर्शनी नागर एवं सांवेर की कुमारी यशोधरा नागर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय पुरस्कार उज्जैन की नेहा अम्बरीष नागर एवं खंडवा की प्रियंका अभिलाष दीवान को मिला। तृतीय पुरस्कार खंडवा की शोभना जोशी, मेघ मंडलोई एवं इंदौर की रचना नागर को दिया गया। सांत्वना पुरस्कार खंडवा की दर्शन ललित भट्ट, उज्जैन की अनिता मनोज नागर, खंडवा की राजश्री मनोज जोशी एवं संध्या अतुल मंडलोई को प्रदान किया गया।

13वीं बार सर्वपितृ अमावस्या पर दुर्लभ संयोग

एक साथ शनिश्चरी अमावस्या, सर्वपितृ अमावस्या और गजछाया का योग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

10 अक्टूबर को सर्वपितृ अमावस्या का पर्व होगा। इसी दिन शनिश्चरी अमावस्या, सर्वपितृ अमावस्या और गजछाया योग का एक साथ विशेष संयोग होगा। खास बात यह है कि बीते 81 वर्षों में इस तरह का संयोग अब तक सिर्फ 12 बार बना है। इस बार यह संयोग 13वीं बार बन रहा है। मान्यता है कि ऐसे संयोग में पितरों का तर्पण करने का महत्व और बढ़ जाता है।

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि भारतीय ज्योतिष शास्त्र में श्राद्ध पक्ष के दौरान अलग-अलग प्रकार के ग्रह योग एवं संयोग बन रहे हैं। सामान्यतः जो लोग श्राद्ध के 15 दिन पूजा-अर्चना के लिए घाटों पर नहीं आ पाते हैं, वे सर्वपितृ अमावस्या पर आते हैं। इस बार सर्वपितृ अमावस्या पर शनिश्चरी अमावस्या के साथ गजछाया नाम का योग भी है। यह योग श्राद्ध पक्ष में महत्वपूर्ण माना गया है। मान्यता है कि सूर्य और चंद्रमा जब अपने विशेष अंश-कला में होते हैं, तब इस योग का निर्माण होता है। दोनों ग्रहों को पितरों के वैदिक क्रम का परम साक्षी माना गया है। हालांकि गजछाया योग दो या तीन वर्ष में बनता है, किंतु गजछाया योग के साथ ग्रहों की पुनरावृत्ति में आरंभ हुआ श्राद्ध और अलग-अलग ग्रहों के अलग-अलग बलों एवं दृष्टियों का संबंध हर बार नहीं बनता। यह दशकों या शताब्दी में बनता है। इस दृष्टि से गणना के आधार पर इसे विशेष परिवर्तनकारी भी माना है।



इस प्रकार के दुर्लभ योग में पितृ कर्म का विशेष लाभ

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, शनि बृहस्पति की राशि मीन में बैठे हैं और बृहस्पति चंद्रमा की राशि कर्क में बैठे हैं। बृहस्पति अपनी नवम दृष्टि से शनि को देख रहे हैं, जो केंद्र-एकादश के संबंध को स्पष्ट करते हैं। दोनों ही ग्रह धर्म और अध्यात्म के कारक माने जाते हैं। इनकी साक्षी में किया गया कर्म एवं बनने वाला योग दुर्लभ होता है।

स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर आयुर्वेद कॉलेज के छात्र धरने पर बैठे

करीब 300 छात्र-छात्राओं और इंटर्न ने किया प्रदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, उज्जैन के करीब 300 छात्र-छात्राओं और इंटर्न ने सोमवार को स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर अस्पताल के बाहर धरना दिया। हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर प्रदर्शन करते नजर आए। छात्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा स्टाइपेंड बढ़ाने की घोषणा किए जाने के बावजूद अब तक इसका लिखित आदेश जारी नहीं हुआ है। इससे नाराज होकर छात्रों ने धरना प्रदर्शन शुरू किया है

वर्तमान में बीएएमएस इंटर्न को मिल रहा 9,383 स्टाइपेंड- प्रदर्शन कर रहे छात्रों का कहना है कि मध्यप्रदेश में बीएएमएस इंटर्न को वर्तमान में 9,383 प्रतिमाह स्टाइपेंड दिया जा रहा है। वहीं, एमबीबीएस इंटर्न का स्टाइपेंड हाल ही में बढ़ाकर 21,500 प्रतिमाह किया गया है। छात्रों का कहना है कि दोनों पाठ्यक्रमों के इंटर्न अस्पतालों में मरीजों की देखभाल, ड्यूटी और अन्य चिकित्सकीय कार्य करते हैं, ऐसे में स्टाइपेंड में इतना बड़ा अंतर उचित नहीं है। छात्रों की मांग है कि बीएएमएस इंटर्न का स्टाइपेंड भी एमबीबीएस इंटर्न के समान 21,500 प्रतिमाह किया जाए और इसे तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए।

15 सितंबर को दिया था ज्ञापन- छात्रों ने बताया कि स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर 15 सितंबर को संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन दिया गया था। इसके बाद 23 सितंबर को भोपाल में आयुर्वेद महाविद्यालय के एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्टाइपेंड बढ़ाने की घोषणा की थी। छात्रों का कहना है कि घोषणा के बाद भी आदेश जारी नहीं होने से उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा।



एनसीआईएसएम के नियमों का दिया हवाला

धरने पर बैठे छात्रों ने नेशनल कमीशन फॉर इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन के क्लाज 15 (बी) और 15 (डी) का हवाला देते हुए स्टाइपेंड में समानता की मांग की। छात्रों का कहना है कि इन प्रावधानों के अनुसार अलग-अलग चिकित्सा पद्धतियों के इंटर्न के स्टाइपेंड में भेदभाव नहीं होना चाहिए। छात्रों का आरोप है कि मध्यप्रदेश में आयुर्वेद इंटर्न को एमबीबीएस इंटर्न की तुलना में काफी कम स्टाइपेंड दिया जा रहा है।

भोपाल में हुई बैठक, प्रतिनिधिमंडल भी पहुंचा

छात्रों की मांग को लेकर सोमवार को भोपाल में भी बैठक हुई। इसमें महाविद्यालय की ओर से प्रतिनिधिमंडल शामिल होने पहुंचा। धरने पर बैठे छात्रों ने कहा कि यदि बैठक में उनकी मांग पर सहमति बनती है और लिखित आदेश जारी किया जाता है, तो वे धरना समाप्त कर देंगे। फिलहाल छात्रों ने कहा है कि जब तक स्टाइपेंड बढ़ाने का लिखित आदेश जारी नहीं होता, तब तक उनका धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा।

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

न्यूज ब्रीफ

अक्टूबर की शुरूआत में मौसम ने बदली चाल, रातें ठंडी, दिन में तपन

भोपाल। मानसून का दौर खत्म होते ही मौसम ने करवट ले ली है। अक्टूबर की शुरूआत में प्रदेश में दिन और रात के तापमान में बड़ा अंतर देखने को मिल रहा है। रातें ठंडी हो रही हैं, जबकि दिन में तेज धूप के कारण गर्मी का अहसास बढ़ गया है। भोपाल, इंदौर और उज्जैन समेत कई शहरों में न्यूनतम तापमान 20 डिग्री से नीचे रिकॉर्ड हुआ है। बीती रात अमरकंटक में पारा 17.1 डिग्री, शाजापुर में 17.3, धार में 17.5, इंदौर और पचमढ़ी में 17.6 तथा भोपाल और उज्जैन में 18 डिग्री दर्ज हुआ। दूसरी ओर, दिन में बड़वानी, धार, उज्जैन, भोपाल और नर्मदापुरम में तापमान 35 डिग्री के पार पहुंच रहा है।

हेलमेट नहीं पहनने वालों पर कार्रवाई, 600 का चालान

उज्जैन। बिना हेलमेट पहनकर वाहन चलाने और नंबर प्लेट को छिपाने या उसके नंबरों को अस्पष्ट करने की कोशिश अब वाहन चालकों को भारी पड़ रही है। यातायात पुलिस ने 4 दिन में ऐसे 600 लोगों पर कार्रवाई की है। यातायात थानाप्रभारी श्री तिवारी ने बताया कि चेकिंग के दौरान टेप लगाकर नंबर छिपाने, नंबर प्लेट को साइड से मोड़ने वाले वाहन चालकों सहित बगैर हेलमेट के वाहन चलाने वालों की धरपकड़ की गई। यातायात पुलिस की कार्रवाई में ऐसे कई वाहन सामने आ रहे हैं, जिनमें नंबर प्लेट को जानबूझकर इस तरह लगाया या मोड़ा गया है कि कैमरे अथवा पुलिस की नजर से नंबर स्पष्ट न आ सके। पुलिस ऐसे वाहनों को रोककर नंबर प्लेट दुरुस्त कराने के साथ चालान भी कर रही है। ऐसे कई दो पहिया वाहन और रिक्शा पुलिस ने पकड़े जिनके नंबरों से छेड़छाड़ की गई थी और उनसे जुमार्ना वसूला गया।

दीपावली-छठ पर रेल यात्रियों को राहत, चलेगी पूजा स्पेशल

भोपाल। दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पर्व के दौरान यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने प्रयागराज से हडपसर के बीच पूजा स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इस ट्रेन का लाभ बीना, रानी कमलापति और इटारसी के यात्रियों को भी मिलेगा। गाड़ी संख्या 04107 प्रयागराज-हडपसर स्पेशल 21 अक्टूबर से 18 नवंबर तक प्रत्येक बुधवार को प्रयागराज से रात 10:20 बजे रवाना होगी। यह बीना रात 11:35 बजे, रानी कमलापति अगले दिन रात 2 बजे और इटारसी सुबह 3:35 बजे पहुंचेगी। हडपसर में शाम 7:30 बजे पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 04108 हडपसर-प्रयागराज स्पेशल 22 अक्टूबर से 19 नवंबर तक प्रत्येक गुरुवार को रात 10:40 बजे चलेगी। यह इटारसी दोपहर 12:20, रानी कमलापति 2:15 और बीना शाम 4:45 बजे पहुंचेगी।

31 जनवरी तक पाठ्यक्रम खत्म करने के निर्देश



भोपाल। प्रदेश के हाईस्कूल और हायर सेकंडरी स्कूलों में त्रैमासिक परीक्षाएं समाप्त होने के बाद अब अर्धवार्षिक परीक्षाओं की तैयारी शुरू हो गई है। कक्षा 11वीं और 12वीं की अर्धवार्षिक परीक्षाएं 18 नवंबर और नौवीं व 10वीं की 21 नवंबर से प्रस्तावित हैं। ऐसे में स्कूलों के पास पाठ्यक्रम पूरा कराने के लिए करीब डेढ़ महीने का समय ही बचा है। त्योहारों की छुट्टियों के कारण वास्तविक शिक्षण कार्य के दिन और कम हो जाएंगे। त्रैमासिक परीक्षा के परिणामों के आधार पर विद्यार्थियों के विषयवार प्रदर्शन का आकलन किया जा रहा है। कम अंक वाले विद्यार्थियों की पहचान कर उन्हें अतिरिक्त कक्षाओं के माध्यम से पढ़ाने की योजना है। गणित, विज्ञान और अंग्रेजी जैसे विषयों में कमजोर विद्यार्थियों की बुनियादी समझ मजबूत करने पर विशेष जोर रहेगा। स्कूलों में नियमित कक्षाओं के साथ अतिरिक्त कक्षाएं संचालित करने की चुनौती भी रहेगी। अर्धवार्षिक परीक्षाओं से पहले करीब 40 से 45 वास्तविक कार्यदिवस ही मिल पाएंगे। इन दिनों में नियमित पढ़ाई, कमजोर विद्यार्थियों के लिए अतिरिक्त कक्षाएं और परीक्षा की तैयारी साथ-साथ करनी होगी। ऐसे में शिक्षकों के सामने कम समय में पाठ्यक्रम पूरा कराने की चुनौती बनी हुई है। स्कूलों को आवश्यकता के अनुसार समय-सारणी में बदलाव कर एक फरवरी से पहले पाठ्यक्रम पूरा कराने और विद्यार्थियों की अपेक्षित दक्षताएं पूरा करने के लिए कहा गया है।

नैनो न्यूज

- **देवास – शांतिवन में बनेगा स्नानघर-** केरवासा के शांतिवन में तीन लाख रुपए की लागत से सामुदायिक स्नानघर बनाया जाएगा। सुविधा मिलने से आसपास के लोगों को राहत मिलेगी।
- **शाजापुर – सड़कों पर विकास की उम्मीद-** शाजापुर जिले में सड़क और अन्य विकास कार्यों को लेकर प्रशासनिक गतिविधियां जारी हैं। क्षेत्र में अधोसंरचना सुधार से आवागमन आसान होने की उम्मीद है।
- **सुसनेर – उपचुनाव में खिला कमल-** सुसनेर नगर परिषद उपचुनाव में भाजपा ने जीत दर्ज की। परिणाम के बाद स्थानीय राजनीतिक गतिविधियों के साथ क्षेत्र में विकास की चर्चाएं तेज हुईं।
- **आगर – उज्जैन-झालावाड़ फोरलेन से उम्मीद-** उज्जैन से झालावाड़ के बीच प्रस्तावित मेगा फोरलेन से आगर-सुसनेर क्षेत्र की कनेक्टिविटी बेहतर होने की उम्मीद है। व्यापार और आवागमन को फायदा मिलेगा।
- **रतलाम – व्यापारी के खातों से लाखों पार-** बड़ावदा क्षेत्र के किराना व्यापारी के तीन बैंक खातों से 3.45 लाख रुपए निकाल लिए गए। व्यापारी ने ओटीपी साझा नहीं किया था।
- **मंदसौर – नगर पालिका कर्मचारियों की हड़ताल-** 15 सूत्रीय मांगों को लेकर मंदसौर नगर पालिका कर्मचारी काम बंद हड़ताल पर चले गए। वे नियमित वेतन और स्थायी नियुक्ति सहित मांगें उठा रहे हैं।

विजयादशमी पर भगवान महाकाल की सवारी राजसी परंपरा का प्रतीक मानी जाती है, कार्तिक-अगहन में शिप्रा तट पर तीर्थपूजन

अश्विन से मार्गशीर्ष तक 6 बार नगर भ्रमण पर निकलेंगे बाबा महाकाल

विजयादशमी पर शमी पूजन के लिए दशहरा मैदान पहुंचेंगे, वैकुंठ चतुर्दशी पर गोपाल मंदिर में होगा हरि-हर मिलन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर की समृद्ध पूजन परंपरा में आने वाले तीन माह विशेष होंगे। अश्विन से मार्गशीर्ष तक भगवान महाकाल छह बार चांदी की पालकी में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकलेंगे।

विजयादशमी पर अवंतिकानाथ राजा के रूप में दशहरा मैदान पहुंचकर शमी वृक्ष का पूजन करेंगे, जबकि वैकुंठ चतुर्दशी पर श्रीहरि विष्णु से मिलने गोपाल मंदिर जाएंगे। कार्तिक-अगहन मास में निकलने वाली सवारियों में भगवान महाकाल शिप्रा तट पर तीर्थपूजन की परंपरा भी निभाएंगे। महाकाल मंदिर की पूजन परंपरा में श्रावण-भाद्रपद की सवारियां सर्वाधिक प्रसिद्ध हैं, लेकिन भगवान महाकाल का नगर भ्रमण केवल इन दो महीनों तक सीमित नहीं है। विजयादशमी, कार्तिक और अगहन मास में भी विशेष पर्वों के अवसर पर सवारी निकलती है। इस बार अश्विन से मार्गशीर्ष तक इन परंपराओं के छह अवसर आएंगे। इनमें 20 अक्टूबर की दशहरा की सवारी विशेष होगी, क्योंकि इसी दिन भगवान महाकाल साल में एक बार फ्रीगंज क्षेत्र में प्रवेश कर दशहरा मैदान पहुंचेंगे। विजयादशमी पर भगवान महाकाल की सवारी राजसी परंपरा का प्रतीक मानी जाती है। दशहरा मैदान पहुंचकर अवंतिकानाथ शमी वृक्ष का पूजन करेंगे। भारतीय परंपरा में शमी को विजय, शक्ति और मंगल का प्रतीक माना गया है। महाकाल को उज्जैन का अधिपति और राजा मानने की परंपरा में विजयादशमी का यह पूजन राजधर्म और लोकमंगल की भावना से जुड़ा है।

वैकुंठ चतुर्दशी पर होगा हरि-हर मिलन

कार्तिक मास की सवारी का सबसे महत्वपूर्ण प्रसंग वैकुंठ चतुर्दशी का होगा। 23 नवंबर की रात भगवान महाकाल की सवारी गोपाल मंदिर पहुंचेगी, जहां रात 12 बजे हरि-हर मिलन की परंपरा निभाई जाएगी। मान्यता है देवशयनी एकादशी पर भगवान विष्णु शिव को सृष्टि का भार सौंपकर राजा बलि के यहां पाताल लोक चले जाते हैं। देवप्रबोधिनी एकादशी पर भगवान विष्णु के योगनिद्रा से जागने और वैकुंठ आगमन के बाद वैकुंठ चतुर्दशी पर भगवान महाकाल श्रीहरि विष्णु को सृष्टि का भार सौंपने जाते हैं। गोपाल मंदिर में हरि हर मिलन इसी धर्म प्रसंग को जीवंत करता है।

सनातन धर्म परंपरा में कार्तिक-अगहन मास को स्नान, दान और तीर्थपूजन के लिए विशेष मास माना गया है। कार्तिक और अगहन मास में भगवान महाकाल की सवारियां तीर्थपूजन की इसी परंपरा से भी जुड़ी हैं। भगवान महाकाल उज्जैन के राजा हैं, इसलिए वें स्वयं तीर्थ पूजन के लिए शिप्रा तट पहुंचते हैं और प्रजाजनों के साथ तीर्थ का पूजन करते हैं।

12 अक्टूबर : उमा संग सांझी विसर्जित करने जाएंगे महेश

भगवान महाकाल की सवारियों से पहले 12 अक्टूबर को अश्विन शुक्ल द्वितीया पर उमा माता की सवारी निकलेगी। उमा माता चांदी की पालकी में सवार होकर रामघाट पहुंचेंगी और उमा सांझी उत्सव के समापन पर शिप्रा में सांझी का विसर्जन होगा। मंदिर की परंपरा में माता पार्वती की यह सवारी वर्ष में केवल एक बार निकलती है। इस सवारी में भी भगवान नंदी पर मनमहेश रूप में सवार होकर नगर भ्रमण करते हैं।

प्रारंभिक मतदाता सूची में मतदाता संख्या घटकर 24 लाख 20 हजार 171 रह गई

इंदौर जिले में एसआईआर में 4.47 लाख नाम कटे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाता सूची से बाहर हुए चार लाख 47 हजार 123 मतदाताओं को फिर खोजा जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर ऐसे मतदाताओं को सूची में वापस जोड़ने के लिए अभियान चलेगा।

जिले के 3226 बूथों पर बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) इन मतदाताओं तक पहुंचेंगे और उनका सत्यापन करेंगे। सत्यापन में पात्र पाए जाने वाले मतदाताओं के नाम दोबारा मतदाता सूची में जोड़े जाएंगे। यानी एसआईआर में नाम कटने के बाद अब उन्हें सूची में वापस लाने की कवायद शुरू होगी। दरअसल वर्ष 2025 अक्टूबर माह से एसआईआर की प्रक्रिया शुरू होने से पहले जिले में 28 लाख 67 हजार 294 मतदाता थे। एसआईआर के दौरान चार लाख 47 हजार 123 मतदाताओं के फार्म भरकर नहीं आए, यानी इनका नाम प्रारंभिक सूची में नहीं था।

3226 बूथों पर होगी तलाश

अब नए अभियान में एसआईआर के दौरान हटाए गए मतदाताओं को केंद्र में रखा जाएगा। जिले के 3226 बूथों पर बीएलओ इन मतदाताओं की जानकारी के आधार पर उनसे संपर्क करेंगे। पात्र पाए जाने वाले मतदाताओं के नाम जोड़ने के बाद दावे-आपत्तियां भी बुलाई जाएंगी। आपत्तियों का निराकरण करने के बाद नाम मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे।

एक झटके में लाखों नाम सूची से बाहर हो गए। एसआईआर के दौरान 66,825 मतदाताओं के नाम जोड़े गए। 21 फरवरी 2026 को अंतिम प्रकाशन में मतदाता संख्या 24 लाख 86 हजार 996 पहुंची।

इंदौर-5 में सबसे ज्यादा नाम बाहर हुए

एसआईआर के प्रारंभिक प्रकाशन में सबसे ज्यादा कमी इंदौर-5 में 87,591 मतदाताओं की रही। इसके बाद इंदौर-1 में 75,014 और इंदौर-2 में 72,969 मतदाताओं की संख्या घटी। वहीं सांवेर में 24,811 और महू में 27,673 मतदाताओं की कमी दर्ज हुई। अब इन्हीं हटे नामों में पात्र मतदाताओं को खोजकर सूची में वापस लाने की प्रक्रिया होगी।

विभिन्न कारणों से विलोपित किए गए मतदाताओं का नाम जोड़ने का एक और अवसर दिया जा रहा है। परिवर्तन वाले मतदान केंद्र, पुरानी और वर्तमान सूचियों के मिलान से तैयार सूची के आधार पर इनकी जांच की जाएगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि फार्म-6 के साथ लगाई जाने वाली घोषणा में 2003 की जानकारी देना अनिवार्य नहीं होगा। गैर-एसआईआर अवधि में निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1960 के तहत निर्धारित प्रपत्रों का ही उपयोग होगा।

यह हैं आंकड़े

- **28,67,294** मतदाता थे एसआईआर से पहले
- **4,47,123** मतदाता एसआईआर में नहीं हुए शामिल
- **24,20,171** मतदाता एसआईआर के बाद प्रारंभिक सूची में शामिल
- **66,825** मतदाताओं के नाम एसआईआर अवधि में जोड़े गए
- **24,86,996** मतदाता 21 फरवरी को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची में शामिल
- **15,567** मतदाताओं के नाम एसआईआर के बाद अब तक जुड़े
- **25,02,563** मतदाता आज दिनांक तक सूची में शामिल

कूनो में फिर गूंजी चीतों की किलकारी, पांच शावकों का जन्म

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ग्वालियर

मध्य प्रदेश के श्योपुर स्थित कूनो नेशनल पार्क से प्रोजेक्ट चीता को लेकर एक और बड़ी खुशखबरी सामने आई है। सोमवार को यहां मादा चीता केजेपी21 ने पांच स्वस्थ शावकों को जन्म दिया। इसके साथ ही देश में अब चीतों की कुल संख्या बढ़कर 60 हो गई है, जिनमें 41 चीते भारत की धरती पर जन्मे हैं।

केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने इंटरनेट मीडिया 'एक्स' पर नवजात शावकों की तस्वीरें और वीडियो साझा कर इस उपलब्धि की जानकारी दी। उन्होंने इसे प्रोजेक्ट चीता के लिए एक और ऐतिहासिक और खुशी का पल बताया। केंद्रीय मंत्री यादव ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर पोस्ट करते हुए लिखा- प्रोजेक्ट चीता के लिए एक और ऐतिहासिक व आल्हादित कर देने वाला पल! भारत में जन्मी 32 माह की चीता केजेपी 21 ने आज (सोमवार) को कूनो नेशनल पार्क में पांच स्वस्थ शावकों को जन्म दिया है। वह भारत में जन्म लेने वाली तीसरी ऐसी मादा चीता है, जिसने यहां शावकों को जन्म दिया है। इससे पहले मुखी और केजेपी 12 भी भारत में शावकों को जन्म दे चुकी हैं। वन्यजीव संरक्षण के लिहाज से इसे प्रोजेक्ट चीता के लिए अहम पड़ाव माना जा रहा है, क्योंकि इससे देश में चीतों की अगली पीढ़ी तैयार होने की प्रक्रिया और मजबूत हो रही है।

पंजाब के लोकनृत्य की बात हो तो सबसे पहले गिद्दा व भांगडा ही याद आते हैं

पंजाब की महक के साथ बरसाया लोक नृत्य का रंग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पंजाब के लोकनृत्य की बात हो तो सबसे पहले गिद्दा व भांगडा ही याद आते हैं। पंजाब के ग्रामीण क्षेत्रों मे उत्सव व समारोह गिद्दा नृत्य के बिना अधूरे ही माने जाते हैं। घर परिवार मे मांगलिक अवसरों पर गिद्दा की धूम रहती है जो जीवन मे उत्साह व उमंग का रंग घोलती सी जान पडती है। विशेषकर शादी समारोह मे महिलाएं मनोरंजन व हास- परिहास के लिए गिद्दा नृत्य का सहारा लेती हैं।

लोक संस्कृति के लिए समर्पित शहर की संस्था प्रतिकल्पा द्वारा आयोजित लोकपर्व मे पंजाब के गुरदासपुर से आए कलाकारों ने मालवा की माटी मे गिद्दा का ऐसा सुन्दर प्रदर्शन किया कि दर्शकों ने देर तक कलाकारों के फन की दाद दी। पंजाब लोक- कला केन्द्र, गुरदासपुर से अपने कलाकारों के समूह के साथ आई नृत्यांगना प्रीति राजगढ़िया ने दैनिक अवंतिका से चर्चा करते हुए बताया कि पंजाब मे लडके की बारात रवाना होने जैसे मांगलिक अवसर पर महिलाएं घर मे गिद्दा नृत्य द्वारा हास- परिहास व मनोरंजन करती हैं । ये एक समूह नृत्य है जिसमे महिलाएं होती हैं। पुरूष का रोल भी महिला ही अदा करती हैं। नृत्य मे भावभंगिमा व मुद्राओं द्वारा जीवंत संप्रेषण होता है जैसे बुआ व फूफा पर केन्द्रित हल्की नोक झोंक को नृत्य द्वारा प्रस्तुत किया जाता है। इसमे नृत्य के साथ लोकवाद्य भी बजते हैं। पंजाब के परंपरागत परिधान ,सलवार- कुर्ता, घाघरा आदि पहनकर कलाकार नृत्य करती हैं। मालवा मे कल समीपस्थ ग्राम पानबिहार मे प्रीति के ग्रुप ने गिद्दा नृत्य की प्रस्तुति दी तो ग्रामीणों ने इसका खूब आनंद लिया। ग्रामीणों का कहना था कि भले ही पंजाबी भाषा समझ नहीं आ रही पर कलाकारों की भावभंगिमा व मुद्राओं से भाव समझ आ रहे हैं।

लोकनृत्य को प्रोत्साहन की जरूरत

चर्चा करते हुए नृत्यांगना प्रीति ने बताया कि गिद्दा जैसे लोकनृत्य को प्रोत्साहन की बहुत आवश्यकता है अन्यथा हमारी पुरातन सांस्कृतिक विरासत लुप्त हो जाएगी। वे स्वयं स्कूल कालेज मे गिद्दा नृत्य की वर्कशाप आयोजित करती हैं,ताकि नई पीढी हमारे लोकनृत्य को लंबे समय तक सहेजकर रखें और हास परिहास से मनोरंजन की गंगा तिरोहित करते रहें। प्रीति का प्रयास धीरे धीरे रंग ला रहा है और पंजाब के बच्चे नृत्य के इस फन को सिखने में खासी रूचि ले रहे हैं।

मंथर गति से लौट रहा सामान्य दिनों की ओर, लौटी रौनक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शाही मस्जिद प्रकरण के बाद छावनी मे तब्दील हुआ छत्रीचौक व आसपास का क्षेत्र बेरौनक व शांत हो चुका था। कल दोपहर बाद से प्रशासन ने गुदरी से कभी मार्ग तक रास्ता आमजन के लिए खोल दिया। इसी प्रकार सतीगेट से भोलागुरू व छोटा सराफा तक का रास्ता खोला गया।

प्रशासन द्वारा बैरिकेड्स हटाने से इन मार्गों पर आवागमन पुनः निर्बाध रूप से शुरू हो गया इससे सबसे ज्यादा खुश स्थानीय रहवासी, मंदिरों मे नियमित दर्शन करनेवाले श्रद्धालु व छोटे रहडीवाले के दुकानदार नजर आए। आज सुबह का दृश्य दिल को सुकून देनेवाला नजर आया जब सुबह से ही भगवान व पितरों के लिए फूल व माला की दुकानों पर खरीददार दिखे। छत्रीचौक क्षेत्र पर बेजार हो चुका हार फूल बाजार पुनः रौनक से भरपूर दिखा। हारफूल के अलावा ठेलों पर से लोग कुंकुम व पूजन सामग्री भी खरीद रहे थे। गोपाल मंदिर मे दर्शन करने भी श्रद्धालु बेखौफ होकर आ रहे थे। सुरक्षा के लिए तैनात दस्तों के जवान सुबह चाय व नाश्ता करते दिखे। अभी भी पर्याप्त फोर्स शाही मस्जिद क्षेत्र मे तैनात है। अतिआवश्यक सेवा के वाहन द्वारा सुरक्षाबल के जवानों को नाश्ता उपलब्ध कराया जा रहा है। लोग प्रसन्न हैं कि शहर वापस सामान्य दिनों की ओर लौट रहा है।

गांधी भवन की बैठक में फूटा कांग्रेस कार्यकर्ताओं का गुस्सा,

छात्रों की गूंज के बाद उठी ब्लॉक अध्यक्षों की गूंज

पास वितरण से लेकर उपेक्षा तक उठे सवाल; सीडब्ल्यूसी तक शिकायत पहुंचाने की बात

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

राहुल गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रम की गूंज अभी थमी भी नहीं थी कि कांग्रेस के गांधी भवन में अब ब्लॉक अध्यक्षों की गूंज सुनाई देने लगी। कार्यक्रम की समीक्षा के लिए बुलाई गई बैठक में संगठन की अंदरूनी नाराजगी खुलकर सामने आ गई। सहप्रभारी ऊषा नायडू के साथ ब्लॉक अध्यक्षों, वार्ड अध्यक्षों और बाद में शहर कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की बैठक में कार्यकर्ताओं ने अपनी शिकायतों का पिटारा खोल दिया।

मामला सिर्फ राहुल गांधी से मुलाकात या कार्यक्रम में पहुंचने तक सीमित नहीं रहा। कार्यकर्ताओं की नाराजगी का असली केंद्र पास वितरण और कथित उपेक्षा को लेकर रहा। बैठक में कार्यकर्ताओं ने सवाल उठाया कि जो लोग कांग्रेस के कार्यक्रमों और आंदोलनों में दिखाई तक नहीं देते, वे राहुल गांधी के कार्यक्रम में पास बांटते नजर आए, जबकि पार्टी के निर्देश पर जमीन पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं को अलग स्थिति का सामना करना पड़ा। बैठक में यह नाराजगी इतनी मुखर हुई कि कई कार्यकर्ताओं ने संगठन के सामने नियमों के कथित उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग तक रख दी। यानी ह्यछात्रों की गूंजह्ण के सफल आयोजन की चर्चा के बीच कांग्रेस के भीतर कार्यकर्ताओं की असंतुष्टि ने नया राजनीतिक सवाल खड़ा कर दिया है।

राहुल गांधी तक छात्रों की आवाज पहुंची

अब गांधी भवन तक कार्यकर्ताओं की बैठक का सबसे बड़ा राजनीतिक संदेश यही रहा कि राहुल गांधी के कार्यक्रम में जहां छात्रों की आवाज को मंच मिला, वहीं कार्यक्रम खत्म होने के बाद कार्यकर्ताओं की आवाज सीधे गांधी भवन तक पहुंच गई।



कार्यकर्ताओं ने अपनी पीड़ा सामने रखते हुए यह सवाल उठाया कि पार्टी के कार्यक्रमों में सक्रिय रहने वालों के लिए एक व्यवस्था और प्रभावशाली लोगों के लिए दूसरी व्यवस्था क्यों दिखाई दी? इसी मुद्दे को लेकर बैठक में कई मौकों पर माहौल गरमाता नजर आया। स्थिति को भांपते हुए सहप्रभारी ऊषा नायडू ने कार्यकर्ताओं की शिकायतें सुनीं और उन्हें आगे रखने की बात कही। साथ ही यह भी कहा गया कि पूरे मामले को कांग्रेस कार्यसमिति यानी सीडब्ल्यूसी की बैठक में रखा जाएगा।

सफल आयोजन के बाद संगठन के भीतर उठे सवाल

कांग्रेस संगठन ह्यछात्रों की गूंजह्ण को सफल आयोजन मान रहा है, लेकिन आयोजन के बाद गांधी भवन की बैठक ने पार्टी के भीतर की दूसरी तस्वीर सामने ला दी। एक तरफ मंच से छात्रों की आवाज उठी, दूसरी तरफ संगठन की बैठक में अपने ही कार्यकर्ताओं ने अपनी उपेक्षा का मुद्दा उठा दिया। अब राजनीतिक नजर इस बात पर है कि गांधी भवन में उठी इन शिकायतों को संगठन किस स्तर तक ले जाता है और जिन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठी है, उस पर आगे क्या रुख अपनाया जाता है। छात्रों की गूंज के बाद अब कांग्रेस में असली सवाल यही ह–क्या गांधी भवन से उठी ह्यब्लॉक अध्यक्षों की गूंज भोपाल और सीडबल्यूसी तक पहुंचेगी?

महाकाल मंदिर प्रबंध समिति की सराहनीय पहल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

यदि शहरवासी चेन की नींद सो रहे हैं और शहर मे अमन व शांति है तो इसके लिए पुलिस व सुरक्षाबल के अधिकारी व जवान बधाई के पात्र हैं। रात की नींद का त्याग करके ये सुरक्षाकर्मी घंटो मुस्तैदी से ड्यूटी दे रहे हैं। रात मे कुछ मौके पर,तो पेयजल भी नहीं पी पा रहे जब पाइंट पर अलर्ट मोड पर होना होता है। इनकी परेशानी को समझते हुए ही महाकाल मंदिर प्रबंध समिति द्वारा सुबह सेड्यूटीरत जवानों को नाश्ता उपलब्ध कराया जा रहे है जो सराहनीय है। प्रबंध समिति की वेन सुबह से ही इस कार्य मे जुट जाती है। आज सुबह वेन गोपाल मंदिर, पटनीबाजार, गुदरी आदि क्षेत्रों मे पोहे वितरित करती नजर आई। सुरक्षाबल के जवान भी नाश्ता पाकर संतुष्ट दिखे।

सामान के साथ पैदल चलने की जद्दोजहद

शहर के हालातों की मार बाहर से आए पर्यटकों व तीर्थयात्रियों को भी झेलना पड रही है। शहर के अंदरूनी हिस्सों मे आवागमन के साधन उपलब्ध न होने की दशा मे यात्रियों को मय सामान व छोटे बच्चों के साथ पैदल ही चलना पड रहा है। छोटा सराफा, भागसीपुरा, बंसफोड गली , नमकमंडी, नईपेठ, मगरमुहा, लखेरवाडी आदि क्षेत्रों मे सुबह पब्लिक वाहन आटोरिक्षा, ई- रिक्शा आदि न होने पर यात्री लगेज व बच्चों के साथ पैदल ही मुख्य सडकों पर जाते नजर आए। इस दौरान छोटे बच्चों वाले,यात्रियों को ज्यादा असुविधा हुई।

न्यूज कालम



तीन माह से वेतन बकाया, नगर पालिका कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

सनावद। तीन माह का बकाया वेतन नहीं मिलने से नाराज नगर पालिका सनावद के स्थायी एवं अस्थायी कर्मचारियों ने 5 अक्टूबर से अनिश्चित कालीन कामबंद हड़ताल शुरू करने की सूचना दी है। कर्मचारी संघ ने पूर्व में बकाया वेतन का भुगतान करने के साथ आगामी माह से हर महीने की 15 तारीख तक वेतन, ईपीएफ एवं एनपीएस का भुगतान करने की मांग की थी। 2 अक्टूबर से हड़ताल प्रस्तावित थी, लेकिन गांधी जयंती एवं 4 अक्टूबर को सेवा सेतु अभियान शिविर के चलते हड़ताल नहीं की गई। अब कर्मचारी संघ ने मांग पूरी होने तक हड़ताल जारी रखने की बात कही है। संघ ने हड़ताल के कारण नागरिकों को होने वाली असुविधा की जिम्मेदारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं नपाध्यक्ष की होने की बात कही है। मामले की सूचना कलेक्टर खरगोन, एसडीएम बड़वाह, तहसीलदार सनावद सहित संबंधित अधिकारियों को भी दी गई है।

लायंस क्लब ने लगाया रक्तदान शिविर, 20 यूनिट रक्त संग्रहित



सनावद। सेवा सप्ताह के तृतीय दिवस लायंस क्लब सनावद स्नेह द्वारा नत्थूलाल मोरी हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में रक्तदाताओं ने 20 यूनिट रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया।क्लब अध्यक्ष ला. भागचंद जैन ने रक्तदाताओं का आभार जताया। एलसीआईएफ डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर ला. अनिता जैन ने कहा कि रक्तदान महादान है, जो जरूरतमंद मरीजों और घायलों के लिए जीवनरक्षक साबित होता है। शिविर में रेखा दातार, विपिन गुप्ता, अजय तंवर, तनिष सुल्तानपुरे, विनय जायसवाल, संजय दांगोडे, विजय राठौर, योगेश सोनी सहित अन्य ने रक्तदान किया। डॉ. सुभाष मोरी सहित क्लब सदस्य एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने सहयोग प्रदान किया।

डीएचआरकी 146 साल पुरानी आर्किटेक्चरल विरासत का जश्न मनाया



मालीगांव। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने 3 अक्टूबर को सुकना स्टेशन महोत्सवका आयोजन किया। यह आयोजन यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल, दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे (डीएचआर) की ऐतिहासिक इमारतों के 146 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में किया गया था। इस कार्यक्रम में एनएफआरके महाप्रबंधक श्री चेतन कुमार श्रीवास्तव, कई वरिष्ठ रेल अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। इस दौरान रेलवे की ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित करने और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया। समारोह के दौरान, महाप्रबंधक ने नवीनीकृत सुकना म्यूजियम का उद्घाटन किया। यह म्यूजियम डीएचआरके समृद्ध इतिहास और संचालन से जुड़ी विरासत को प्रदर्शित करता है। साथ ही, उन्होंने डीएचआरकी विरासत और इतिहास पर आधारित कलेक्टर्स एडिशनकेप्रथम संस्करण का विमोचन किया। सिलीगुड़ी के नारायणा स्कूल और सुकना स्कूल के छात्रों ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। निबंध और चित्रकला प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गईं, जिनमें हर श्रेणी के शीर्ष तीन विजेताओं को डीएचआरप्रमाणपत्र प्रदान किए गए। कलाकार अजय सरकार ने लाइव नेल आर्टका प्रदर्शन किया और इसआर्टवर्क को औपचारिक रूप से सुकना के स्टेशन प्रबंधक को सौंपा गया।

आगामी त्यौहारों को लेकर शांति समिति एवं आयोजकों की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न



निवाली। जिला पुलिस अधीक्षक श्री पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन में आगामी त्यौहारों–नवरात्रि, दशहरा, पथ संचलन एवं दीपावली को शांतिपूर्ण, सुरक्षित तथा गरिमामय माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से आज थाना परिसर निवाली में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में तहसीलदार महोदय, सीएमओ (नगर परिषद), नगर परिषद अध्यक्ष, बिजली विभाग के अधिकारी एवं थाना प्रभारी की उपस्थिति रही। इसके साथ ही माताजी के पांडालों के आयोजक, शांति समिति सदस्य, नगर सुरक्षा समिति सदस्य, क्षेत्र के वरिष्ठ व गणमान्य नागरिक, व्यापारी वर्ग तथा सर्वसमाज के प्रमुखों सहित लगभग 50 से 60 नागरिक उपस्थित हुए। बैठक के दौरान आगामी त्यौहारों एवं आयोजनों की व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा शासन द्वारा जारी निर्धारित दिशा-निदेर्शों के संबंध में सभी को अवगत कराया गया। आयोजकों को शासन एवं प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइंस, ध्वनि विस्तारक यंत्रों (लाउडस्पीकर/डीजे) की निर्धारित समय सीमा एवं डेसिबल मानकों का कड़ाई से पालन करने हेतु निर्देशित किया गया। माताजी के पांडालों में सुरक्षा के समुचित प्रबंध, विद्युत सुरक्षा (शॉर्ट सर्किट से बचाव) तथा भीड़ नियंत्रण हेतु आयोजकों को वालंटियर्स तैनात करने की समझाइश दी गई। नगर परिषद एवं बिजली विभाग के अधिकारियों को त्यौहारों के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति, प्रकाश व्यवस्था तथा मार्ग एवं पांडाल स्थलों पर स्वच्छता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।दशहरा एवं पथ संचलन के दौरान यातायात व्यवस्था सुगम रखने तथा निर्धारित मार्गों से ही जुलूस निकालने पर सहमति बनी।

मंत्री श्री चौहान ने ग्राम बेहडवा की चार फलियों में 32.09 लाख रुपये की लागत से विद्युत डीपी का लोकार्पण किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आलीराजपुर



क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान ने आज ग्राम बेहडवा की चार अलग-अलग फलियों में स्थापित नवीन विद्युत ट्रांसफार्मरों (डीपी) का लोकार्पण किया। इन चारों विद्युत डीपी की स्थापना पर कुल 32 लाख 09 हजार रुपये की राशि खर्च की गई है। ग्राम बेहडवा की चौकीदार फलिया, भुरियाकुआं फलिया, डुडवी फलिया एवं गुजरी फलिया में नवीन विद्युत ट्रांसफार्मर स्थापित किए गए हैं। इन डीपी के प्रारंभ होने से संबंधित फलियों के ग्रामीणों को विद्युत आपूर्ति में काफी राहत मिलेगी और लंबे समय से चली आ रही वोल्टेज एवं विद्युत आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं का समाधान होने की उम्मीद है।

लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामवासियों द्वारा क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था को लेकर लगातार मांग की जा रही थी, जिसे पूरा करते हुए इन चारों स्थानों पर नवीन विद्युत डीपी स्थापित की गई हैं। सरकार का प्रयास है कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी शहरों की तरह बेहतर और सुचारू विद्युत सुविधा उपलब्ध हो।

मंत्री चौहान ने कहा कि नवीन ट्रांसफार्मरों के शुरू होने से विद्युत वितरण व्यवस्था मजबूत होगी और ग्रामीणों को कम वोल्टेज की समस्या से राहत मिलेगी। पर्याप्त वोल्टेज मिलने से घरों में विद्युत उपकरणों का बेहतर उपयोग हो सकेगा। वहीं विद्यार्थियों को भी पढ़ाई के लिए पर्याप्त रोशनी एवं निर्बाध बिजली उपलब्ध होगी, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित नहीं होगी। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए भी पर्याप्त बिजली अत्यंत महत्वपूर्ण है। समय पर और पर्याप्त विद्युत उपलब्ध होने से किसान अपनी कृषि भूमि की सिंचाई सुचारू रूप से कर सकेंगे। खेतों में आवश्यकतानुसार पानी उपलब्ध होने से फसलों की स्थिति बेहतर होगी, उत्पादन में वृद्धि होगी और किसानों की आय बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार का मूल उद्देश्य गांव और ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना तथा विकास को अंतिम छोर तक पहुंचाना है। सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पानी, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित विभिन्न मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि ग्रामीण क्षेत्रों के किसी भी परिवार को मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान न होना पड़े। इसी दिशा में क्षेत्र की आवश्यकता और ग्रामीणों की मांग के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ स्वीकृति दिलाकर धरातल पर उतारा जा रहा है। नवीन विद्युत डीपी के लोकार्पण से ग्रामीणों में भी उत्साह देखा गया। ग्रामीणों ने क्षेत्र की विद्युत समस्या के समाधान की दिशा में किए गए इस कार्य के लिए कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान का आभार व्यक्त किया।

श्रीमद भागवत महापुराण की कथा का स्मरण बड़े भाग्य की बात- सुश्री जया देवी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मनावर



रुद्र महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन प्रातः कालीन समय में महारूद्र यज्ञ प्रारंभ हुआ। रुद्रमहा यज्ञ शिव के रूद्र स्वरूप को समर्पित एक अत्यंत शक्तिशाली और पवित्र वैदिक अनुष्ठान है। यज्ञ मे यजमानो द्वारा 108 आहुतियां दी गई। यह कर्मों के प्रभाव को शुद्ध और नकारात्मक उर्जा को दूर करता है।

इस आयोजन में संतश्री अखंडानंद जी महाराज द्वारा ऐसी यज्ञशाला का निर्माण कराया गया है, जो हमारे शास्त्रों में निहित है। यज्ञ के द्वितीय दिवस पंचकुण्डी यज्ञ में मुकेश -ऋतु पाटीदार, अंकित- शिवानी शुक्ला, दीपक-सोनिका मोगरिया, राजा- शालिनी पाठक, अरविंद- सोनु पाटीदार ने 108 आहुतियां अर्पित की। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की द्वितीय दिवस पर व्यास पीठ से कथावाचिका सुश्री जया देवी जी ने बताया कि कथा संसार में मनुष्य को जीना सिखाती है। मन ,कर्म और धर्म से जुडा होना चाहिए। कथा पितृ पक्ष के पावन पर्व पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हो रहा है। नैमिषारण्य तीर्थ मे 88 हजार ऋषियो मुनियो को श्री सूत जी ने कथा सुनाई थी। इस दौरान कथा स्थल पर मनावर के विधायक हीरालाल अलावा भी अपने कार्यकताओं के साथ पहुंचे। कथा के द्वितीय दिवस कथा का स्मरण करने सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए कथा के दौरान मंत्र मुक्त कर देने वाले भजनों पर माताएं झूमते दिखाई दी। उक्त आयोजन श्राद्ध पक्ष में पहली बार मनावर नगरी को पवन करने के लिए संत श्री अखंडनंद जी महाराज द्वारा आयोजित किया गया है। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार बसंत जख्मी एवं स्वप्निल शर्मा को भी समिति द्वारा सम्मानित किया गया।

अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस सप्ताह के तहत न्यायालय परिसर में विधिक जागरूकता शिविर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सनावद



अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस सप्ताह के अंतर्गत तहसील विधिक सेवा समिति, सनावद द्वारा न्यायालय परिसर में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में वरिष्ठ नागरिकों को उनके कानूनी अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता तथा शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में न्यायाधीश मो. असलम देहलवी, न्यायाधीश योगेश चालीसा एवं न्यायाधीश सुश्री आकांक्षा गर्ग ने कहा कि वृद्धजन समाज और देश का सम्मान हैं। उनके साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। परिवार एवं समाज का दायित्व है कि बुजुर्गों को सम्मान के साथ सुरक्षित और गरिमापूर्ण जीवन उपलब्ध कराया जाए।

शिविर में नालसा की वरिष्ठ नागरिकों को कानूनी सेवाएं योजना की जानकारी देते हुए बताया गया कि 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को विभिन्न मामलों में निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

पात्र वरिष्ठ नागरिकों को दीवानी अथवा आपराधिक मामलों में निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने के साथ न्यायालय शुल्क, अधिवक्ता मानदेय, ड्राफ्टिंग एवं आवश्यक दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतियां प्राप्त करने से संबंधित खर्च भी विधिक सेवा संस्थाओं द्वारा वहन किया जाता है।

वक्ताओं ने बताया कि माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 के तहत जरूरतमंद माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों को अपने बच्चों अथवा कानूनी वारिसों से भरण-पोषण प्राप्त करने का अधिकार है। इस अधिकार की रक्षा के लिए विधिक सेवा संस्थाओं के माध्यम से निःशुल्क कानूनी सहायता एवं पैरवी प्राप्त की जा सकती है। वरिष्ठ नागरिकों को जानकारी दी गई कि कानूनी सहायता के लिए नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 तथा वरिष्ठ नागरिक सहायता के लिए 14567 पर संपर्क किया जा सकता है।



गुरुनानक देव चौराहा का समारोह पूर्वक हुआ नामकरण, कीर्तन के साथ की आतिशबाजी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खरगोन

शहर का गुरुनानक चौराहा रविवार शाम जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल के जयघोष से गूंज उठा। यहां कीर्तन संगत ने गुरुबाणी का जसगान कर गुरु भक्ति किया, तो वहीं उत्साही युवाओं ने आकाशीय आतिश बाजी कर खुशी का इजहार किया। अवसर था पोस्ट ऑफिस चौराहे का गुरुनानक देव चौराहा के समारोहपूर्वक नामकरण बोर्ड अनावरण का। नामकरण बोर्ड का अनावरण विधायक बालकृष्ण पाटीदार, नगर पालिका अध्यक्ष छाया जोशी, सकल हिन्दू समाज अध्यक्ष बबलू पाल और पार्षद किशोर पुजारी की उपस्थिति किया गया। जैसे ही बोर्ड का अनावरण हुआ, चौराहे पर भव्य आकाशीय आतिशबाजी की गई। कार्यक्रम का संचालन सेक्रेटरी कमलजीत सिंह गांधी ने किया। श्री गुरुसिंघ सभा के प्रधान हरचरण सिंह भाटिया और लंगर सेवा प्रमुख जसबीर सिंह भाटिया ने बताया कि स्त्री सत्संग जत्थे की प्रमुख बीबी रानू सैनी के नेतृत्व में समूह संगत कीर्तन करते हुए गुरुद्वारा साहिब से चौराहे पर पहुंची। सभा को बोर्ड बनवाकर देने की सेवा रमणदीप सिंह भाटिया परिवार ने की। सभा के मीत प्रधान अमर जीत सिंह छाबड़ा, मनवीर सिंह भाटिया, परविंदर सिंह छाबड़ा, सहित त्रिलोचन सिंह भाटिया, राजा भाटिया आदि उपस्थित थे।

लायंस क्लब सनावद स्नेह ने जरूरतमंद परिवार को एक माह का राशन दिया

सनावद। लायंस क्लब सनावद स्नेह द्वारा सेवा सप्ताह के चतुर्थ दिवस फूड फॉर हंगर के तहत इनपुन रोड स्थित जरूरतमंद परिवार को एक माह की खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई गई। क्लब ने परिवार को पूरे वर्ष सहयोग देने का संकल्प भी लिया। एलसी आईएफ डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर अनिता जैन ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा समाज के प्रति जिम्मेदारी है। इस अवसर पर सदस्यों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और क्लब के 5001 पौधे लगाने के संकल्प को आगे बढ़ाया। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जयप्रकाश त्रिपाठी, मधुबाला त्रिपाठी, मनोज नाहर, संजना खत्री, आशा उपाध्याय, प्रेरणा दुबे, जयप्रकाश चौहान, वसीम कुरेशी सहित क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।



महाविद्यालय बड़वानी में साइबर सुरक्षा कार्यशाला आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी

तकनीकी शिक्षा विभाग के आयुक्त के निर्देशन में संचालित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आज शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय बड़वानी में साइबर सुरक्षा विषय पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को बढ़ते साइबर अपराधों, ऑनलाइन धोखाधड़ी, डिजिटल सुरक्षा, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा व्यक्तिगत एवं वित्तीय जानकारी की सुरक्षा के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य श्री कमलेश गुप्ता ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में तकनीक का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है, ऐसे में साइबर सुरक्षा प्रत्येक व्यक्ति की आवश्यकता बन गई है। विद्यार्थियों को इंटरनेट एवं डिजिटल माध्यमों का उपयोग करते समय सजग और जिम्मेदार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक करने, संदिग्ध वेबसाइट पर व्यक्तिगत जानकारी दर्ज करने अथवा पासवर्ड साझा करने से गंभीर आर्थिक एवं व्यक्तिगत नुकसान हो सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक होने की अपील की



सीबीएसई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मेक्रो विजन एकेडमी का दबदबा

बुरहानपुर। भोपाल में आयोजित सीबीएसई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 में मेक्रो विजन एकेडमी बुरहानपुर के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। एकेडमी ने बालिका वर्ग में ओवरऑल चैंपियनशिप अपने नाम कर जिले का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में एकेडमी के खिलाड़ियों ने कई स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीते। आस्था सोइन ने अंडर-19 डिस्कस थ्रो में स्वर्ण, अंडर-17 43400 मीटर रिले टीम (दिसाक्षी, कृषिका, इशिता, भूमिक और हिमान्या) ने स्वर्ण पदक जीता। पृथ्वी मोरे ने अंडर-19 800 मीटर, पीहू कांदिया ने अंडर-17 डिस्कस थ्रो, अवनी केशरी ने अंडर-17 ट्रिपल जंप और अनन्या राय ने अंडर-19 ट्रिपल जंप में रजत पदक हासिल किया। वहीं संस्कृति श्रीवास्तव ने अंडर-14 शॉटपुट और श्रेया सिंह ने अंडर-19 तीन हजार मीटर में कांस्य पदक जीता।अंडर-17 43400 मीटर रिले टीम (मान, कार्तिक, अर्णव और मोक्ष) ने स्वर्ण, शिवेंद्र पटेल ने अंडर-14 हाई जंप में रजत, धैर्य चौहान ने अंडर-17 शॉटपुट और प्रत्येश वानखेड़े ने अंडर-14 शॉटपुट में कांस्य पदक जीता। इस प्रदर्शन के आधार पर एकेडमी के खिलाड़ियों ने 115 अक्टूबर से शुरू होने वाली सीबीएसई नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है।



दिव्य अखंड ज्योत लाने भक्तों का जत्था माता वैष्णो देवी रवाना

मंडलेश्वर। श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में नवरात्रि महोत्सव के तहत मां वैष्णो देवी की गुफा की झांकी तैयार की जा रही है। इसी क्रम में माता वैष्णो देवी धाम, कटरा से दिव्य अखंड ज्योत लाने के लिए भक्तों का जत्था रविवार को श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से जम्मू-कश्मीर के कटरा के लिए रवाना हुआ। दोपहर 2 बजे समाजसेवी मनोज शर्मा, विपिन पाटीदार, निर्मल पाटीदार, नलखेड़ा के पंडित जितेंद्र जी महाराज सहित भक्तों का जत्था रवाना हुआ। श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर के पूज्य चैतन्यपुरी महाराज जी ने वाहन एवं ध्वज का पूजन कर भक्तों को रवाना किया। इस अवसर पर मां नर्मदा जी का पूजन-अर्चन भी किया गया। जानकारी के अनुसार, भक्तों का जत्था (जम्मू कश्मीर)कटरा स्थित मां वैष्णो देवी मंदिर से दिव्य अखंड ज्योत लेकर आएगा। 11 अक्टूबर, रविवार को यह दिव्य अखंड ज्योत वापस श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी। पवित्र पावन नवरात्रि में मां वैष्णो देवी गुफा की झांकी के साथ में दिव्या अखंड ज्योत का भी दर्शन लाभ लेंगे।ओंकार सेवा मिशन ट्रस्ट के अध्यक्ष नितिन पाटीदार ने बताया कि श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर परिसर में मां वैष्णो देवी की गुफा की झांकी की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। झांकी को मां वैष्णो देवी गुफा के स्वरूप में तैयार किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के चयनित स्वयं सेवक करेंगे जिले का प्रतिनिधित्व

बड़वानी । प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी की राष्ट्रीय सेवा योजना के चारों इकाइयों के चयनित स्वयंसेवक प्री-आरडी कैंप में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। चयनित स्वयंसेवकों का यह चयन महाविद्यालय एवं जिले के लिए गौरव का विषय है। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक विभिन्न सेवा गतिविधियों, सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों, परेड, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता के आधार पर प्री-आरडी कैंप के लिए चयनित हुए हैं। 6 अक्टूबर को कैंप में स्वयंसेवक राष्ट्रीय सेवा योजना की भावना के अनुरूप सेवा, अनुशासन, नेतृत्व एवं राष्ट्र निर्माण का संदेश देंगे। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वीणा सत्य ने चयनित स्वयं सेवकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि महाविद्यालय एवं जिले के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने स्वयंसेवकों को कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले एवं महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित करने के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रशासनिक अधिकारी डॉ धीरज कुमार वर्मा, राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ. आर.एस. मुजाल्दा तथा महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. रणजीत सिंह मेवाड़े, डॉ. रंजना चौहान, डॉ निर्मला मौर्य ने भी चयनित स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं दीं।

पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल

ई-निविदा सूचना

टेंडर नोटिस नंबर: EL-79-80-26-27-15, दिनांक: 05.10.2026. कार्य का नाम: Embedded/ Deteriorated अर्थिंग को बदलने से जुड़ा इलेक्ट्रिकल काम और साइड यार्ड में 3- फेज़ और सिंगल फेज़ बिजली सप्लाई की व्यवस्था से जुड़ा इलेक्ट्रिकल कामा सहायक परियोजना प्रबन्धक (बिजली), सी साइट, फ्रीलैंडगंज, दाहोद -389160. **काम की अनुमानित लागत:** रु. 34,22,495/-. **ई-टेंडर जमा करने और खोलने की तारीख और समय:** Submission Up to 15.00 Hrs on 27.10.2026 and & the tenders will be opened at 15.30 Hrs on the of same day. The Tender Notice and documents uploaded on the website **www.ireps.gov.in/** E-Tenders/Works / IR Electrical by this office.

AK/17/1/283

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल

ई-निविदा सूचना

टेंडर नोटिस नंबर: EL205-1-2026-27-17, दिनांक: 05.10.2026. कार्य का नाम: कालिडेम पंप हाउस में सबमर्सिबल पंप सेट की मरम्मत और रीवाइंडिंग से संबंधित विद्युत कार्य। सहायक परियोजना प्रबन्धक (बिजली), सी साइट, फ्रीलैंडगंज, दाहोद -389160. **काम की अनुमानित लागत:** रु. 8,68,413/-. **ई-टेंडर जमा करने और खोलने की तारीख और समय:** Submission Up to 15.00 Hrs on **27.10.2026** and the tenders will be opened at 15.30 Hrs on the same day. The Tender Notice and documents uploaded on the website **www.ireps.gov.in/** E-Tenders/Works / IR Electrical by this office.

AK/17/1/284

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे

गाड़ी संख्या 19310/09 में ट्रेन साइड वेंडिंग हेतु 01 (एक) वर्ष की अवधि के लिए अनुबंध प्रदान करने के उद्देश्य से ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा **खानपान सेवाओं के प्रावधान (ट्रेन साइड वेंडिंग) हेतु खुली प्रतिस्पर्धात्मक दो पैकेट प्रणाली** (Open Competitive Two-Packet Tender System) के अंतर्गत होगी। सभी निविदाकारों /ठेकेदारों से अनुरोध है कि वे नीचे निर्धारित निविदा प्रपत्र की लागत एवं बयाना राशि (Earnest Money Deposit - EMD) का भुगतान आईआरईपीएस (IREPS) एप्लीकेशन में अनुमत ऑनलाइन माध्यमों द्वारा करें। **गाड़ी संख्या** : 19310/09, **नाम** : ट्रेन साइड वेंडिंग (TSV), **वार्षिक आरक्षित मूल्य जीएसटी को छोड़कर (रूपये में)** : ₹ 12,31,875/-, **बयाना राशि (रूपये में)** : ₹ 24,700/-, निविदा दस्तावेजों की लागत (जीएसटी सहित) : 5,900, आरक्षित श्रेणी : सामान्य (कोई भी पात्र व्यक्ति/निविदाकार) । ई–निविदा में भाग लेने हेतु डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (Digital Signature Certificate) प्राप्त करना निविदाकार की स्वयं की जिम्मेदारी होगी। अनिवार्य दस्तावेज/पात्रता मानदंड के समर्थन में आवश्यक दस्तावेज आईआरईपीएस (IREPS) वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य है। सभी आवश्यक दस्तावेज आईआरईपीएस (IREPS) वेबसाइट पर उपलब्ध है।

ADM/273

Follow us on: twitter.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल

संख्या : W/623/NIT/1 **दिनांक: 03.10.2026**

ई-टेंडरिंग नोटिस

मण्डल रेल प्रबंधक /मण्डल कार्यालय (कार्यलेखा शाखा) पश्चिम रेलवे की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये "खुली निविदा" ई-निविदा के माध्यम ने वेबसाइट www.ireps.gov.in पर आमंत्रित करते हैं। विवरण इस प्रकार है - **क्र. सं.: 1. ई-टेंडरिंग: RTM-2026-27-71R. कार्य का नाम: 1.** Ratlam Division-HUT for the Pointsman / traffic assistant including electrical work & **2.** Ratlam Division - Provision of PF edge painting and contrasting colour scheme for structural elements at 68 stations. (Divyangjan Facilities). **अनुमानित लागत:** रु 5,81,45,063.08. **बयाना राशी:** रु 11,62,900/-. **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** Nil. **कार्य की समापन अवधि:** 15 Months. **वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि:** 03.10.2026. **निविदा खुलने की तिथि:** 27.10.2026.

क्र. सं.: 2. ई-टेंडरिंग: RTM-2026-27-93. कार्य का नाम: 1. Chanderiya - Nimach - TTR(FS+CS+CMSC) - 16 sets (1:12) , **2.** Chanderiya - Chittorgarh - TSR(P) - 10.231 Tkm and Cess work in connection with various track works under jurisdiction of DEN-North-RTM & **3.** Nagda - Bhopal - TSR(P) - 13.522 Tkm. **अनुमानित लागत:** रु 8,59,86,170.02. **बयाना राशी:** रु 17,19,700/-. **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** Nil. **कार्य की समापन अवधि:** 18 Months. **वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि:** 03.10.2026. **निविदा खुलने की तिथि:** 27.10.2026.

क्र. सं.: 3. ई-टेंडरिंग: RTM-2026-27-94. कार्य का नाम: CNA-RTM-FTD-UJN Section :- Provision of drain in yards at various stations in connection with track works. **अनुमानित लागत:** रु 2,75,93,595.40. **बयाना राशी:** रु 5,51,900/-. **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** Nil. **कार्य की समापन अवधि:** 12 Months. **वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि:** 03.10.2026. **निविदा खुलने की तिथि:** 27.10.2026.

क्र. सं.: 4. ई-टेंडरिंग: RTM-2026-27-95. कार्य का नाम: Balance Supply of AT Welding Portions and execution of Alumino thermic weldings for various track renewal works under Jurisdiction of DEN/North/RTM. **अनुमानित लागत:** रु 2,32,16,315.24. **बयाना राशी:** रु 4,64,300/-. **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** Nil. **कार्य की समापन अवधि:** 15 Months. **वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि:** 03.10.2026. **निविदा खुलने की तिथि:** 27.10.2026.

विस्तृत निविदा सूचना अर्हता तर्ते एवं अन्य शर्ते वेब-साईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

AK/5/1/281

Like us on: facebook.com/WesternRly | Follow us on: X.com/WesternRly

न्यूज -कॉलम

हेलमेट लगाने वाले बाइक सवारों का फूल देकर सम्मान



उज्जैन। सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों को लेकर पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान में रविवार को एसपी ने हेलमेट लगाने वालों को चाकलेट के साथ चाबी का छल्ला दिया गया था। सोमवार को पुलिस हेलमेट लगाने वाले और सीट बेल्ट लगाने वालों को देख उनके पास फूल लेकर पहुंची और नियमों का पालन करने पर सम्मानित किया। इस दौरान कहा गया कि यातायात नियमों का पालन चालान से बचना नहीं है, बल्कि स्वयं के साथ दूसरों के जीवन की सुरक्षा करना है। एसपी प्रदीप शर्मा ने वाहन चालकों से अपील करते हुये कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय आईएसआई मार्क वाला हेलमेट अनिवार्य रूप से पहने तथा पीछे बैठने वाले व्यक्ति को भी हेलमेट पहनाएं। कार में यात्रा करते समय सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य रूप से उपयोग करें, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग ना करे, नशे की हालत में वाहन चलाना ठीक नहीं है। चौराहा पर ट्राफिक संकेतों का पालन करें और पैदल यात्रियों का सम्मान करें। सड़क सुरक्षा को अपनी आदत का हिस्सा बनाएं। एक छोटी सी सावधानी किसी व्यक्ति का जीवन बचा सकती है। स्वयं यातायात नियमों का पालन करें और अपने परिवार, मित्रों के साथ परिचितों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

लकड़ी उठाने पहुंची महिला को सांप ने डंसा

उज्जैन। राजस्थान की रहने वाली प्रिया पति लखन प्रजापत परिवार के साथ कुछ सालों से पंचक्रोशी मार्ग स्थित ईंट-भट्टे पर काम कर रही है और भट्टे पर ही बने मकान में रहती है। सोमवार शाम वह खाना बनाने के लिये लकडी उठाने घर से बाहर आई थी, उसी दौरान उसके पैर में सांप ने डंस लिया। उसकी चिख सुनकर परिवार बाहर आया, सांप लकडियों के ढेर में चला गया था। प्रिया कुछ देर बाद बेहोश हो गई। उसे उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने हालत खतरे से बाहर बताई है और उपचार क लिये भर्ती किया। कुछ देर बाद प्रिया को होश आ चुका था।

दुर्घटना में घायल की सात दिन बाद हुई मौत

उज्जैन। आगर जिले से सडक दुर्घटना में घायल बाबूलाल पिता रामचंद्र विश्वकर्मा 49 साल को सात दिन पहले परिवार उपचार के लिये उज्जैन लेकर आया था। निजी अस्पताल में चल रहे उपचार के दौरान सोमवार तडके बाबूलाल की मौत हो गई। नीलगंगा थाना पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। परिजनों ने बताया कि बाबूलाल ग्राम पिपलिया गया था। वापस लौटते समय बाइक को पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी थी। बाबूलाल खेती किसानी का काम करता था और एक बच्चे का पिता था। नीलगंगा थाना पुलिस के अनुसार मर्ग डायरी जांच के लिये आगर जिले के बडौद थाना पुलिस को भेजी जायेगी।

बदमाशों ने रूपये नहीं देने पर युवक को मारा चाकू

उज्जैन। छोटी मायापुरी अमन नगर में रहने वाला संतोष पिता प्रहलाद लोधवाल 32 साल रविवार रात 11 बजे पैदल घर लौट रहा था। उसे रास्ते में रोशन और रमेश ने रोका और रूपयों की मांग की। संतोष ने देने से मना किया तो दोनों ने गाली गलौच करते हुये चाकू से हमला कर दिया। दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। घायल संतोष की शिकायत पर चिमनगंज थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर दोनों आरोपियों की तलाश शुरू की है। उधारी के पैसों को लेकर नीलकंठ द्वार के पास फराज पिता रियाजउद्दीन कुरैशी 30 साल निवासी अहमदनगर को रोक मारपीट की गई। महाकाल थाना पुलिस ने फराज की शिकायत पर एक आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

बाइक सवार दंपति को डंपर ने मारी टक्कर

उज्जैन। ग्राम पिंगलेश्वर में रहने वाला सद्दाम पिता मेहबूब पटेल 32 साल पत्नी अंजुम बी 30 साल के साथ इंदौर गया था। वापस लौटते समय निनौरा टोल प्लाजा के पास पीछे से आये डंपर ने टक्कर मार दी। घटनाक्रम में दंपति घायल हो गये। एम्बुलेंस की मदद से शासकीय चरक अस्पताल लाया गया। जहां अंजुम बी को गंभीर चोंट होने पर भर्ती किया गया। नानाखेडा थाना पुलिस ने घायल महिला के पति के बयान दर्ज कर डंपर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

दिन	678-1	457-6
मेन बाजार	258-5	229-3
कल्याण नाइट	266-4	560-1
मिलन डे	251-4	117-9
मिलन नाइट	127-0	288-8
मधुर डे	235-0	567-8
मधुर नाइट	123-6	400-4
शुभांक	3 9	5

5 किलो तांबे की पाइप लाइन बरामद, पुलिस ने भेजा जेल.....

गिरफ्त में मस्जिद में चोरी करने वाला बदमाश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

दिनदहाडे मस्जिद में चोरी करने वाला बदमाश पुलिस की गिरफ्त में आ गया। उसकी निशानदेही पर मस्जिद से चुराई गई एयर कंडीशन की तांबे से बनी 5 किलो की पाइप लाइन बरामद की गई है। बदमाश पूर्व में भी चोरी कर चुका था।

चामुंडा माता चौराहा अल्लाह करीम मस्जिद में 28 दिन पहले चोरी की वारदात हो गई थी। बदमाश एयर कंडीशन की तांबे से बनी पाइप लाइन के साथ 2 क्वाइल चुराकर ले गया था। मस्जिद के सचिव की शिकायत पर कोतवाली थाना पुलिस ने धारा 303(2), 305(ए) का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया था। चोरी दिनदहाडे होना सामने आई थी, वहीं बदमाश सीसीटीवी कैमरे तांबे की पाइप लाइन लेकर जाता दिखाई दिया था। जिसकी पहचान कर लगातार तलाश की जा रही थी। 28 दिन



बाद पुलिस ने आगररोड रेलवे क्वार्टर के पास से शादाब उर्फ खलीफा पिता अब्दुल 26 वर्ष निवासी जुना सोमवारिया हाल मुकाम अहमद नगर मदरसे के पास थाना चिमनगंज को गिरफ्तार किया। जिससे पूछताछ के बाद चोरी की गई 5 किलो वजनी तांबे की पाइप लाइन बरामद की गई। सीएसपी संजू चौहान ने बताया कि आरोपी से बरामद चोरी का मश्रुका 9 हजार कीमत का है। जिसकी गिरफ्तारी के लिये टीआई दिनबंधुसिंह तोमर के नेतृत्व में एसआई गोपाल सिंह राठौर, आरक्षक हेमराज और ऋषिकेश तोमर की टीम गठित की गई थी। आरोपी पूर्व में तोपखाना स्थित मस्जिद में चोरी को अंजाम दे चुका था। उसके खिलाफ चोरी नकबजनी के चार मामले दर्ज है। टीआई तोमर ने बताया कि चोरी का मामल बरामद होने पर सोमवार दोपहर न्यायालय में पेश किया गया था। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

इधर चोरों की तलाश में देख रहे फुटेज

तीन दिन पहले नानाखेडा थाना क्षेत्र के वृदांवनधाम कालोनी में 3 से 4 मकानों में ताला तोडकर चोरी की वारदात होना सामने आया था। पुलिस ने चोरों का पता लगाने के लिये क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखना शुरू किये थे। जिसके माध्यम से चोरों की संख्या 3 होना सामने आई थी। चोरों ने वृदांवनधाम कालोनी में ताले तोडने से पहले मोतीबाग क्षेत्र से एक्टिवा चोरी की थी। जिसे वृदांवनधाम कालोनी में छोडकर वहां से एक बाइक चुराकर भाग निकले थे। पुलिस जांच में बाइक चोरी के साथ हजारों की आभूषण चोरी होना सामने आया था। 2 दिनों से पुलिस चोरों के भागने वाले रूट को ट्रेस किया जा रहा है। फिलहाल उनके इंदौर की ओर जाने की जानकारी सामने आई है।

कक्षा 10 वीं के छात्र की कार्डियर अरेस्ट से मौत

बस स्टॉप पर छोड़ने आई थी, परिवार का था एकलौता पुत्र

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कक्षा 10 वीं में अध्ययन करने वाले छात्र के साथ सोमवार सुबह स्तब्ध करने वाली घटना हो गई। मां उसके बस स्टॉप पर छोडने आई थी। छात्र ने बस में बैठने के लिये दौड लगाई, लेकिन गिर पडा उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने कार्डियक अरेस्ट से निधन होना बताया। खबर सुनते ही परिवार पर दुखों का पहाड टूट गया। छात्र एकलौता पुत्र था।

घटनाक्रम श्रीकृष्ण कालोनी के बाहर का है। कालोनी में रहने वाला 16 साल का विधान कुशवाहा सेंट



थॉमस स्कूल में कक्षा 10 वीं का छात्र

था। सुबह मां आशा उसे कालोनी के बाहर बस स्टॉप पर छोडने आई थी। बस के रूकते ही विधान ने दौडकर बस में बैठने का प्रयास किया लेकिन वह गिर पडा। मां उसे उठाने के लिये दौडी, कुछ लोगों ने मदद की, लेकिन विधान ने आंखे नहीं खोली उसे पास के निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने कार्डियक अरेस्ट से निधन होने की जानकारी दी। खबर सुनते ही परिवार की आंखों से आंसू फूट पडे। विधान परिवार का एकलौता पुत्र था। घटनाक्रम के बाद सामने आया कि विधान कुछ महिनों का था उस दौरान मां कविता का निधन हो गया था। पिता रितेश कुशवाह पत्नी के निधन से टूट गये थे। विधान काफी छोटा था। जिसके चलते पिता के बडे भाई संजय कुशवाहा और भाभी आशा जिनकी संतान नहीं थी उन्होने विधान को अपना बेटा बना लिया था। विधान उनकी गोद में बडा हुआ था। परिवार फल का व्यवसाय करता है। विधान के निधन के बाद सामने आया कि वह पढ़ाई में काफी होनहार था। उसकी खेलों में रूचि थी। वह पढ़ाई के साथ कई प्रतियोगिताओं में पुरस्कार जीत चुका था। जैसे ही विधान का निधन होने की खबर स्कूल और उसके साथ पढ़ने वालों को मिली तो माहौल गमगीन हो गया। कालोनी में सभी की आंखे नम हो गई थी।

दुर्गा पंडालों में बालिकाओं की सुरक्षा का रखना होगा ध्यान

पुलिस ने समितियों के साथ बैठक कर दिये निर्देश



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नवरात्री का पर्व शुरू होने में कुछ दिन शेष बचे है। शहर में कई स्थानों पर दुर्गा पंडालों में माता की प्रतिमा स्थापित की जायेगी और गरबों का आयोजन होगा। सोमवार को पुलिस ने आयोजन समितियों के साथ बैठक आयोजित कर बालिकाओं, महिलाओं और बच्चों का विशेष ध्यान रखने के साथ सुरक्षा और नियमों का पालन करने के निर्देश जारी किये।

माता की आराधना का पर्व नवरात्री शांति और सौहार्द्र के साथ मनाया जा सके इसको लेकर पुलिस ने अपनी तैयारियां रविवार से शुरू कर दी थी। सोमवार को दुर्गा पांडाल समितियों के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिसमें सीएसपी संजू चौहान, महाकाल थाना प्रभारी ने अपने क्षेत्र में बनाये जाने वाले दुर्गा पांडाल समिति के पदाधिकारियों से चर्चा की और बताया गया कि पंडाल स्थापना के लिये आवश्यक अनुमति प्राप्त करने के बाद ही आयोजन किया जाए, पंडाल इस प्रकार से लगाये कि आमजन के साथ यातायात प्रभावित ना हो। प्रवेश एवं निकास के अलग-अलग मार्ग रखें, भीड को नियंत्रित करने हेतु पर्याप्त संख्या में स्वयंसेवक तैनात करें।

पंडाल में सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था तय की जाये। लाउडस्पीकर/डीजे का संचालन अनुमति के साथ निर्धारित नियमों के अनुसार ही करें। महिलाओं, बालिकाओं और बच्चों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। किसी भी प्रकार की छेडछाड या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। किसी भी विवाद की स्थिति में स्वयं कानून हाथ में न लें और तत्काल पुलिस को सूचना दें। पुलिस द्वारा आयोजन समितियों से अपनी की गई कि आस्था के साथ जिम्मेदारी निभाये। विदित हो कि रविवार को पुलिस द्वारा डीजे संचालकों की बैठक आयोजित की गई थी और रात 10 बजे बाद डीजे नहीं बजाने के निर्देश जारी करते हुये संचालकों से बॉण्ड भरवाये गये थे।

तैयारियों को लेकर समिति की बैठक संपन्न

उज्जैन। योगिराज मत्स्येंद्रनाथ समाधि संरक्षण, विकास तथा शरदोत्सव समिति द्वारा पीर मत्स्येंद्रनाथ समाधि स्थल पर 25 और 26 अक्टूबर 2026 को दो दिवसीय शरदोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। उत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी, भव्य जुलूस निकाला जाएगा और श्रद्धालुओं को खीर की महाप्रसादी वितरित की जाएगी। आयोजन की रूपरेखा तय करने और तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए समाधि स्थल पर समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।इस बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष डॉ प्रकाश रघुवंशी ने की। बैठक के दौरान आगामी शरदोत्सव को भव्य बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई और जिम्मेदारियां तय की गई।

निरीक्षण में चौडीकरण मार्ग पर पाया अतिक्रमण,तत्काल तुडवाया...

नाली पर अतिक्रमण , 05 हजार का जुर्माना लगाया

आयुक्त ने कहा किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं,जुर्माना भी लगाएं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने एवं नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा चौडे किए गए प्रमुख मार्गों पर अब किसी भी प्रकार का अतिक्रमण एवं अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सोमवार को निगम गैंग ने ऐसे ही एक अतिक्रमण को तौडा है । इसके साथ ही संबंधित से 5 हजार का जुर्माना भी वसूला गया है।

निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने सोमवार प्रात: शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान ढाबा रोड स्थित मावा बाजार क्षेत्र में नाली के ऊपर ब्लॉक लगाकर किए गए



अतिक्रमण एवं अवैध निर्माण पाया गया। निगम की रिमूवल गैंग द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया गया तथा संबंधित के विरुद्ध 5,000 हजार का जुर्माना लगाया गया। कार्रवाई स्वास्थ्य अधिकारी हरीश व्यास, भवन निरीक्षक शिवम गुप्ता एवं नगर निगम की रिमूवल गैंग द्वारा की गई।

चौडीकरण मार्गों पर निरीक्षण करें- आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चौडीकरण वाले सभी मार्गों पर नियमित रूप से निरीक्षण किया जाए। नाली, फुटपाथ अथवा सडक के हिस्से पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण पाए जाने पर तत्काल हटाने की कार्रवाई करते हुए नियमानुसार जुर्माना भी लगाया जाए। चौडीकरण के बाद मार्गों को पुन: अतिक्रमण मुक्त रखना नगर निगम की प्राथमिकता है, ताकि यातायात सुचारु रहे और नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो साथ ही दुकानदारों को ।

हाईवे पर हॉस्पिटल- एंबुलेंस और थानों के नंबर की लगेगी लिस्ट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

संभागीय सडक सुरक्षा समिति की बैठक में संभागायुक्त आशीष सिंह ने निर्देश दिए कि संभाग के जिलों में जहां-जहां भी ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं, वहां पर हाईवे के किनारे के ढाबों और रेस्टोरेंटों पर हॉस्पिटल, एंबुलेंस व थानों के नंबर की लिस्ट बनाकर प्रदर्शित की जाए। साथ ही ढाबों व रेस्टोरेंट पर कार्यरत कर्मचारियों को इस बात का प्रशिक्षण भी दिया जाए कि दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को किस तरह निकट के अस्पताल तक सुरक्षित पहुंचाया जाए। आवश्यकता हो तो ऐसे कर्मचारियों के समूह को डॉक्टर्स एवं पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा प्रशिक्षण दिलवाया जाना चाहिए। आपात स्थिति में सीपीआर किस तरह से दी जानी चाहिए, इसकी भी प्रॉपर ट्रेनिंग होनी चाहिए।

सोमवार को संभागीय सडक सुरक्षा समिति की बैठक प्रशासनिक संकुल भवन के द्वितीय तल स्थित कलेक्टर सभागृह में आयोजित की गई। बैठक में एडीजी राकेश गुप्ता, डीआईजी नवनीत भसीन, सभी जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, नगर निगम आयुक्त एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में पिछले माह आगर जिले के नलखेडा में हुए हादसे का जिक्र करते हुए संभागायुक्त ने कहा कि ऐसे धार्मिक व सामाजिक स्थलों के पास बनी हुई रपटें, जिन पर बाढ़ का पानी चड जाता है और वहां नलखेडा की तरह दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है, तो एसी जगहों पर बडे पुल बनाने का प्रस्ताव बनाकर जिले से भेजा जाए। ऐसे स्थानों पर सर्वोच्च प्राथमिकता से ब्रिज बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्गों एवं एमपीआरडीसी की सडकों पर बने हुए अवैधानिक कट पॉइंट को बंद किया जाए।

इंजीनियर्स को निर्देश दिए कि यदि ढाबों, पेट्रोल पंपों आदि के सामने अवैधानिक कट बनाए जाते हैं तो संबंधित इंजीनियर के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। संभागायुक्त ने कहा कि जहां भी कट पॉइंट है, वहां पर प्रॉपर साइनेज व नियमानुसार स्पीड ब्रेकर या रंबल स्ट्रिप लगाई जाना चाहिए। पेट्रोल पंप व ढाबों के लिए कट देने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने आवश्यक व अनावश्यक कट की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं।

उज्जैन में सब्जी मंडी,गौवंश परेशानी



एडीजी राकेश गुप्ता ने शहर में लगने वाली सब्जी मंडियों के कारण बिगडी ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार करने, स?कों पर दिखने वाले गौवंश को गौशाला में पहुंचाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि टोल नाके के आसपास सीट बेल्ट की चेकिंग की जानी चाहिए। दो पहिया वाहन चालको को हेलमेट लगाने के लिए प्रेरित किया जाए । चेकिंग के समय यह ध्यान रखा जाए कि इससे ट्रैफिक प्रभावित न हो। एनएचएआई, एमपीआरडीसी एवं पुलिस तीनों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए सडक दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अपने-अपने फोर्स व एंबुलेंस के नंबर आपस में साझा करें।

2 हजार वाहन की पार्किंग,बढाने की जरूरत-

उज्जैन पुलिस अधीक्षक ने बताया कि वर्तमान में उज्जैन में 2 हजार वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था है, इसके बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। इसी तरह प्राइवेट टैक्सी ऑपरेटरों के वाहन बेगम बाग से महाकाल की तरफ सडकों पर खडे रहते हैं, इनके लिए अलग पार्किंग बनाने की आवश्यकता है।

तालाब में डूबे बालक का दूसरे दिन मिला शव

उज्जैन। इंदौररोड स्थित निनौरा तालाब में रविवार को नाबालिग नहाने के लिये उतारा था लेकिन वापस बाहर नहीं आया। उसकी तलाश में अभियान की शुरूआत की गई थी। सोमवार को उसका शव तालाब से बरामद कर लिया गया। नानाखेडा थाना पुलिस ने बताया कि नवाखेडा में रहने वाला दीपक पिता मनोज कालबेलिया 14 साल घर से रविवार सुबह भैंस चराने निकला था। जो निनौरा तक आ गया था। दोपहर में उसके कपडे निनौरा तालाब के पास मिले थे। ग्रामीणों की सूचना पर उसके डूबने की आशंका में तलाशी अभियान शुरू किया गया था। होमगार्ड की टीम ने देर शाम तक सर्चिंग की थी लेकिन कुछ पता नहीं चला था। सोमवार सुबह फिर से सर्चिंग शुरू की गई। कुछ घंटे बाद तालाब से दीपक का शव बाहर निकाल लिया गया। पुलिस के अनुसार शव मिलने पर पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से परिजन अंतिम संस्कार के लिये बॉडी अपने साथ लेकर गये है। मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है।

कायथा में बाइक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

उज्जैन। कायथा में तेजगति से दौडते वाहन ने सामने से बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में पिता की दर्दनाक मौत हो गई। पुत्र घायल हुआ है। कायथा पुलिस ने सोमवार को मृतक का पोस्टमार्टम कराया।

कायथा थाना पुलिस ने बताया कि रविवार-सोमवार रात बाइक पर सवार रामेश्वर नायक और उसका पुत्र निकुंज निवासी कायथा घर लौट रहे थे। रास्ते में तेजगति से आये अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में रामेश्वर की दर्दनाक मौत हो गई और पुत्र घायल हो गया। दोनों को रात में ही उज्जैन लाया गया था। पुत्र को उपचार के लिये निजी अस्पताल में भर्ती किया गया। रामेश्वर का शव चरक अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया। सोमवार सुबह मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया। परिजनों ने बताया कि रामेश्वर वेल्डिंग की दुकान चलता था। रात में पिता-पुत्र दुकान बंद करने के बाद बाजार गये थे, जहां से वापस घर लौट रहे थे। पुलिस के अनुसार अज्ञात वाहन की तलाश के लिये आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखे जा रहे है। घायल पुत्र की हालत खतरे से बाहर है।

मुश्किलों से निपटने का मंत्र



हम सब कभी न कभी उस अजीब निराशा की गिरफ्त में आ जाते हैं, जो किसी ऐसी चीज में फंसने से होती है, जिसे हमने खुद चुना हो। चाहे वह कोई ऐसी नौकरी हो, जिसे आप कभी बहुत शिद्दत से पाना चाहते थे; कोई ऐसी कमिटी, जिसका नेता आप खुद बनाना चाहते थे या कोई ऐसा कार्यक्रम, जिसे होस्ट करने की जिद आपने की हो।

लोग तब बहुत परेशान होते हैं, जब वे अपने ही बनाए जाल में फंस जाते हैं या जब लगता है कि कोई चीज उन पर थोपी जा रही है। अगर आप खुद को याद दिलाएं कि यह मेरा ही चुना हुआ फैसला है। हां, जिस वक्त मैंने इसे सोचा और इसका आयोजन किया, तब हालात कुछ अलग थे और अब चीजें बदल गई हैं। तब मैंने यह नहीं सोचा था कि मेरे फैसले के मुश्किल नतीजे निकल सकते हैं, लेकिन अब मुझे इसका दायित्व लेना चाहिए। किसी दूसरे को दोष देने की जरूरत नहीं है। तो यह आपका मंत्र बन सकता है और आपको आगे बढ़ने की हिम्मत दे सकता है। इसे आजकल कहते हैं, कोपिंग मंत्र। एक छोटा, सोच-समझकर चुना गया वाक्य, जिसे आप तब इस्तेमाल कर सकते हैं, जब आपका दिमाग सबसे बुरे परिणामों के बारे में सोचना शुरू करता है। होता यह है कि जब कोई तनाव से घिर जाता है, तब छोटी-छोटी बातों पर ध्यान देने की गुंजाइश कम होती है। जब आपका शरीर फाइट-ऑर-फ्लाइट मोड (लड़ने या भागने की स्थिति) में होता है, तब आप तर्क-वितर्क करके उससे बाहर नहीं निकल सकते। तब आप खुद से यह कह सकते हैं : इसे हमने ही चुना था। हमने हर दिन इसे चुना। जब यह बहुत बड़ा और मुश्किल नहीं हुआ था, तब भी हम इसे छोड़ सकते थे और मैंने ऐसा न करने का फैसला किया, क्योंकि मुझे यह बहुत पसंद था। ऐसा मंत्र एक संबल है, जो आपकी बहुत ज्यादा बिखरी हुई ऊर्जा को कुछ आसान सा सहारा देता है और आपको अगला कदम तय करने के लिए थोड़ा समय देता है। जैसे सब ठीक हो जाएगा, एक प्यारा मंत्र है, जो बहुत लोग अपनाते हैं, मानो खुद को ही समझा रहे हैं। जब स्थिति बेकाबू हो जाए, तो खुद को समझाना पड़ता है। यह एक ऐसे भविष्य के बारे में किया गया वादा है, जिसे आप देख नहीं सकते; यह इसीलिए कहा जाता है, ताकि आपका बेचैन दिमाग कुछ स्थिर हो जाए। यह एक थेरेपी की तरह काम करता है। आपको हिम्मत और आगे बढ़ने की ताकत देता है, लेकिन अगर आप अंदर से यकीन नहीं करते, तो आपका दिमाग इसे नहीं मानेगा।

सब ठीक हो जाएगा मंत्र कोई भविष्य बताने का दावा नहीं करता, बल्कि आपके टूट रहे हौसले के पलों में भरोसा रखने के लिए उज्ज्वल भविष्य की आशा का दीप जलाता है।

सम्पादकीय

एशियाड से हासिल

जापान में खेलों के एशियाई महाकुंभ का सुखद समापन उत्सव और समीक्षा का समय है। जो पदक जीते हैं, वे उत्सव मना रहे हैं और इस बार जिनका संघर्ष सफल न हुआ, वे समीक्षा कर रहे हैं। उत्सव जितना जरूरी है, उससे ज्यादा जरूरी है समीक्षा। कोई भी देश खेलों में तभी ऊंचाई पर पहुंचता है, जब वह समीक्षा करता है और उसके अनुरूप अपनी कमियां दूर करता है। भारत ने भी अपनी अनेक कमियों को दूर करना शुरू किया है और लगातार दूसरी बार एशियाई खेलों में चौथे स्थान पर रहा है। पिछली बार भारत को 106 पदक मिले थे और इस बार 85 ही मिले हैं, लेकिन जीत का प्रतिशत ठीक है। इस बार भारतीय खिलाड़ियों का दल छोटा था, पर लगभग हर तीसरा भारतीय खिलाड़ी पदक के साथ लौटा है। चीन को देखें, तो उसका हर दूसरा खिलाड़ी पदक के साथ लौटा है, लेकिन ध्यान रहे, चीन खेल दुनिया में एशियाई चैंपियन 1982 में बना। उसके पहले जापान शिखर पर था। शिखर पर पहुंचने और रहने के लिए चीन ने बहुत मेहनत की है। आज चीन से ही नहीं, जापान, दक्षिण कोरिया से भी हम बहुत कुछ सीख सकते हैं।

यह चर्चा बहुत होगी कि इस बार भारत को पिछली बार से कम पदक मिले हैं। भारत को 21 पदक कम मिले हैं, तो चीन के 42 पदक घटे हैं। चीन की झोली में 32 स्वर्ण और 22 रजत पदक घटे हैं। जहां भारत को मेहनत बढ़ाने की जरूरत है, वहीं चीन भी अब ज्यादा मेहनत करेगा। उसे पता है, दूसरे देशों ने खेलों में मशक्कत बढ़ा दी है। मिसाल के लिए, हॉकी में भारतीय लड़कियों ने 44 साल बाद चीनी लड़कियों को फाइनल में हराकर स्वर्ण जीता है। भारतीय लड़कियों की जीत एक बेहतरीन उदाहरण है। यह टीम हमें बताती है कि नए युग में पदक जीतने वाले खिलाड़ी कहां से आएंगे, उन्हें मैदान पर कितना आक्रामक होना होगा और कितना रक्षात्मक? इस मोर्चे पर भारत का कौशल बढ़ा है, लेकिन प्रदर्शन में निरंतरता जरूरी है। वैसे, दुनिया में अभी माहौल खेलों के बहुत अनुकूल नहीं है। आधी से ज्यादा दुनिया युद्ध के चलते आर्थिक तनाव झेल रही है। क्या असर खेलों पर पड़ रहा है? क्या खेल बजट में कमी आई है? क्या धन कुछ खेलों तक सिमट जा रहा है? प्रश्न यह भी है कि हम व्यक्तिगत पदक क्यों कम जीत रहे हैं?

भविष्य के मजबूत इरादे

एशियाई खेलों में भारत का दमदार प्रदर्शन

जापान के आइची और नागोया में आयोजित 2026 के एशियाई खेल भारत के लिए अनेक उपलब्धियों और यादगार क्षणों से भरे रहे। भारतीय खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता के अंतिम चरण में जिस तरह शानदार प्रदर्शन करते हुए पदकों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी की, उसने पूरे देश को उत्साह और गर्व से भर दिया। भारत ने इन खेलों का समापन 21 स्वर्ण, 27 रजत और 37 कांस्य सहित कुल 85 पदकों के साथ किया और पदक तालिका में चौथा स्थान प्राप्त किया।



महेन्द्र तिवारी
(दैनिक अवन्तिका)

85 पदकों का आंकड़ा अपने आप में महत्वपूर्ण है। हालांकि भारत 2023 के हांगझोउ एशियाई खेलों में प्राप्त 106 पदकों के रिकॉर्ड को दोहरा नहीं सका, लेकिन 2026 में मिले 21 स्वर्ण पदक भारतीय खेल इतिहास में उल्लेखनीय उपलब्धि हैं। प्रतियोगिता के अंतिम दिन भारत ने जिस प्रकार लगातार स्वर्ण पदक जीते, उससे ऐसा लगा कि भारतीय दल ने अंतिम क्षण तक अपनी पूरी क्षमता का प्रदर्शन करने का संकल्प ले रखा था। अंतिम दिन ही क्रिकेट, हॉकी, कुश्ती, तीरंदाजी और गोल्फ में भारत ने स्वर्ण पदक हासिल किए।

पुरुष क्रिकेट टीम का पाकिस्तान के विरुद्ध स्वर्ण पदक मुकाबला इन खेलों का सबसे चर्चित मुकाबला रहा। निस्शिन में खेले गए इस मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 211 रन बनाए। अभिषेक शर्मा ने 61 रन की शानदार पारी खेली, जबकि तिलक वर्मा ने केवल 22 गेंदों पर नाबाद 51 रन बनाकर भारतीय पारी को मजबूत आधार दिया। जवाब में पाकिस्तान की टीम 6 विकेट पर 192 रन ही बना सकी। उसके बल्लेबाज हसन नवाज ने 96 रन की जुझारू पारी खेली, लेकिन वह अपनी टीम को जीत तक नहीं पहुंचा सके। भारत ने 19 रन से मुकाबला जीतकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

इस जीत का महत्व इसलिए भी बढ़ गया क्योंकि भारतीय महिला क्रिकेट टीम पहले ही स्वर्ण पदक जीत चुकी थी। इस प्रकार भारत ने एशियाई खेलों में क्रिकेट के दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक जीतकर शानदार दोहरी सफलता हासिल की। पुरुष टीम की पाकिस्तान पर जीत ने इस उपलब्धि को और विशेष बना दिया। भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मुकाबले हमेशा से खेल प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहे हैं। ऐसे में एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक के लिए हुआ यह मुकाबला लंबे समय तक याद किया जाएगा।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने भी देश को गौरवान्वित किया। फाइनल में भारत ने मलेशिया को 5-1 से हराकर लगातार दूसरी बार एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक जीता। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने दो गोल किए, जबकि जुगराज सिंह, हार्दिक सिंह और शिलानंद लाकड़ा ने एक-एक गोल करके भारत की जीत को मजबूत किया। मलेशिया ने शुरूआती बराबरी के बाद भारतीय दबाव का सामना करने की कोशिश की, लेकिन भारतीय टीम ने धीरे-धीरे मुकाबले पर पूरी तरह नियंत्रण स्थापित कर लिया।

हॉकी में मिली यह सफलता केवल स्वर्ण पदक तक सीमित नहीं रही। इस जीत के साथ भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने 2028 के लॉस एंजिलिस ओलंपिक खेलों में सीधे प्रवेश भी सुनिश्चित कर लिया। एशियाई खेलों की पुरुष हॉकी प्रतियोगिता के विजेता को ओलंपिक में सीधे प्रवेश मिलता है। इस प्रकार भारतीय टीम को अब ओलंपिक प्रवेश के लिए अलग से योग्यता प्रतियोगिता में संघर्ष नहीं करना पड़ेगा।

भारतीय हॉकी के लिए यह उपलब्धि विशेष महत्व रखती है। एक समय विश्व हॉकी में भारत का दबदबा था, लेकिन पिछले कुछ दशकों में उसे अनेक उतार-चढ़ाव से गुजरना पड़ा। अब लगातार दो एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतना यह बताता है कि भारतीय पुरुष हॉकी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत स्थिति फिर से बनाई है। 2028 के ओलंपिक के लिए सीधे प्रवेश से खिलाड़ियों को तैयारी के लिए पर्याप्त समय भी मिलेगा। अब भारतीय टीम के सामने चुनौती इस सफलता को ओलंपिक पदक में बदलने की होगी। इन खेलों में तीरंदाजी ने भी भारत को महत्वपूर्ण सफलता दिलाई। 17 वर्षीय कुमकुम अनिल महोद ने महिला व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा में स्वर्ण जीतकर इतिहास रच दिया। वह इस स्पर्धा में एशियाई खेलों का व्यक्तिगत स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। उनकी सफलता ने भारतीय तीरंदाजी में नई संभावनाओं को सामने रखा। महिला रिकर्व टीम की सफलता भी उल्लेखनीय रही और उसने दक्षिण कोरिया के लंबे समय से चले आ रहे प्रभुत्व को समाप्त किया। निशानेबाजी में भी भारत ने शानदार प्रदर्शन किया। नीरू धांडा ने महिला ट्रैप व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर 48 वर्ष का इंतजार समाप्त किया। मिश्रित ट्रैप स्पर्धा में नीरू धांडा और कयनान चेनाई की जोड़ी ने भी स्वर्ण पदक हासिल किया और नया एशियाई कीर्तिमान बनाया। निशानेबाजी से भारत को कुल 15 पदक मिले। इससे स्पष्ट है कि भारतीय निशानेबाज अब अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में लगातार मजबूत दावेदारी प्रस्तुत कर रहे हैं।

गोल्फ में प्रणवी उर्स ने भारतीय खेल इतिहास में नया अध्याय जोड़ा। उन्होंने महिला व्यक्तिगत गोल्फ स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर इस प्रतियोगिता में भारत की पहली महिला व्यक्तिगत गोल्फ स्वर्ण विजेता बनने का गौरव हासिल किया। यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि गोल्फ को भारत में अभी क्रिकेट, हॉकी या कुश्ती जितना व्यापक जनसमर्थन नहीं मिला है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिली ऐसी सफलता इस खेल के प्रति युवाओं की रुचि बढ़ा सकती है।

कुश्ती में अमन सहरावत ने पुरुषों की 57 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया। उन्होंने उत्तर कोरिया के विश्व चैंपियन चोंग सोंग हान को 11-7 से हराया। कुश्ती के अलावा मुक्केबाजी में भी भारत को महत्वपूर्ण सफलताएँ मिलीं। लवलीना बोरगोहेन ने स्वर्ण पदक जीतकर भारतीय महिला मुक्केबाजी के इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया। वह एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने वाली दूसरी भारतीय महिला मुक्केबाज बनीं।

एथलेटिक्स भारत के पदक अभियान का सबसे बड़ा आधार बना। इस खेल में भारत ने कुल 24 पदक हासिल किए। इससे यह स्पष्ट होता है कि भारतीय खेल व्यवस्था में एथलेटिक्स का आधार लगातार मजबूत हो रहा है। एथलेटिक्स में बड़ी संख्या में पदक मिलना इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें विभिन्न प्रकार की दौड़, कूद और फेंक स्पर्धाएँ शामिल होती हैं।

हरी घांस

वहां न कोई सोयाबीन था, न कोई कपास। वहां चार फीट गहरा गंदा, सड़ा हुआ बाढ़ का पानी भरा था। और उस पानी की सतह पर तैर रही थी, सैकड़ों टन जहरीली जलकुंभी और सड़ी हुई जंगली घास।

उपग्रह के अंधे कैमरे ने अंतरिक्ष से उस पानी पर फैली सड़ती हुई हरी काई और जलकुंभी को ह्यस्वस्थ, समृद्ध फसलह्न मान लिया था। एआई का एल्गोरिदम इंसान की सांसें नहीं पढ़ सकता; वह सिर्फ रंगों की तरंगें पहचानता है। पोर्टल पर रिपोर्ट स्वतः लॉक हो चुकी थी, ह्यफसल पूर्णतः सुरक्षित। किसान किसी भी प्रकार के मुआवजे अथवा क्लेम का पात्र नहीं है ह्न

यार, तुमने कभी किसी इंसान को अपनी ही बबादी के सबूत जुटाने के लिए गिड़गिड़ाते देखा है? इस मुल्क में गरीब का सच सबसे बड़ा झूठ मान लिया जाता है, जब तक कि कोई मशीन उस पर मुहर न लगाए।

उस डूबते खेत की मेड़ पर पचास साल का किसान हरिकिशन खड़ा था। बदन पर एक फटी हुई बनियान और आंखों में नींद का आखिरी कतरा भी गायब। उसकी हथेली में बैंक का लाल नोटिस था। खाद, बीज और बेटी सुमित्रा के ब्याह के लिए लिया गया चार लाख रुपये का कर्ज अब सीधे नीलामी की चौखट पर पहुंच चुका था।

हरिकिशन ने आगे बढ़कर सर्वेयर के बूट पकड़ लिए, बाबूजी, भीतर उतरकर देख लो... मेरी चार महीने की मेहनत सड़कर बदबू मार रही है। मेरी फसल का एक दाना भी नहीं बचा।

सर्वेयर ने अपना आईपैड उसकी आंखों के आगे चमकाया और बड़े दार्शनिक भाव से बोला, हरिकिशन जी, विज्ञान भावनाओं पर नहीं चलता। अंतरिक्ष में तैरता अरबों रुपये का सैटेलाइट झूठ बोलेगा या तुम? हमारे डिजिटल डैशबोर्ड पर तुम्हारा खेत राज्य में नंबर वन ग्रीनरी दिखा रहा है। अगर हमने नुकसान लिखा, तो सिस्टम ऑडिट हमें जेल भेज देगा।

व्यवस्था का सारा सौंदर्य इसी में है; वह इतनी निर्दोष और तकनीकी रूप से सटीक होती है कि उसमें किसी भूखे के मरने की जिम्मेदारी सिर्फ उसकी अपनी किस्मत पर डाल दी जाती है।



पञ्चांग राशिफल

दिनांक- 06 अक्टूबर 2026 मंगलवार
सूर्योदय - 06:23सूर्यास्त 18:09
आश्विन मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल -15:00 से 16:30 तक
तिथि- एकादशी 24:41 उपरांत द्वादशी
नक्षत्र- अश्लेषा 23:29 उपरांत मघा
योग- सिद्ध 0941 उपरांत साध्य
करण - बव
चन्द्रमा - कर्क मे है 23:29पर सिंह मे प्रवेश करेगा
मुस्लिम मास - रवि उस्सानी मास 23तारिख

मेष- नौकरी में वरिष्ठों का मार्गदर्शन लाभ देगा। व्यापार में लाभ की गति थोड़ी धीमी रह सकती है।

वृषभ- परिवार में बड़ों के आशीर्वाद से रुके काम बनेंगे। आर्थिक संतुलन बनाए रखें, बजट के अनुसार चलें।

मिथुन- कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों से पूरा सहयोग मिलेगा। व्यापारिक प्रतिस्पर्धियों को पछाड़कर लाभ कमाएंगे।

कर्क- परिवार में सौहार्दपूर्ण माहौल रहेगा। अचानक रुका हुआ पैसा मिल सकता है।

सिंह- मानसिक और शारीरिक ऊर्जा का स्तर ऊंचा रहेगा। कार्यस्थल पर वाद-विवाद से दूर रहना ही समझदारी है।

कन्या- व्यापारिक सौदों में जल्दबाजी न करें, समीक्षा करें। घर में छोटी बातों पर तूल न दें, शांति रखें।

तुला- अनावश्यक खर्चों पर रोक लगाना जरूरी होगा। थकान और सुस्ती दूर करने के लिए आराम लें।

वृश्चिक- कार्यस्थल पर आपकी नई सोच को स्वीकार किया जाएगा।

धनु- व्यापार में विस्तार के योग हैं, प्रयास तेज करें। निजी संबंधों में प्रगाढ़ता और मिठास आएगी।

मकर- धन आगमन के रास्ते खुलेंगे। स्वास्थ्य बहुत बढ़िया रहेगा, ऊर्जावान महसूस करेंगे।

कुंभ- करियर में तरक्की के नए रास्ते खुलेंगे। व्यापार में सरकारी क्षेत्र से लाभ मिलने के संकेत हैं।

मीन- पारिवारिक माहौल बहुत खुशनुमा रहेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, धन संचय होगा।

संजा पर्व ग्यारहवां दिन

आज बनेगा जलेबी का जोड़ा

संजा पर्व के ग्यारहवे दिन दशमी की जलेबी जोड़ बनाई जाती है। यह जेलबियां मिठास का प्रतिक होती है। बुजूर्ग महिलाएं कुंवारी कन्याओं को बताती है कि ससुराल में अपनी जीव्हा पर लगाम कसने पर कड़वाहट भी मिठास में बदल जाती है। सभी से प्यार,स्नेह के साथ रहना और सभी की मदद करना लड़की का गुण होता है। जिसप्रकार जलेबी घी में तपने के बाद शकर की चासनी की कड़ाई में डूबकर सारी मिठास अपने में समाहित कर लेती है। उसी प्रकार विवाह बाद कन्या को अपने ससुराल में अपने व्यवहार से सभी के मन में मिठास घोलना चाहिए। ताकि वहां सभी की चहेती बनकर सुखपूर्वक रह सके।

जाड़ी जसोदा-पतली पेमा की कहानी

संजा पर्व के दौरान बुजूर्ग महिलाएं संजा माण्डने वाली कुंवारी कन्याओं को कथाएं सुनाती है। इन कथाओं के माध्यम से जहां लड़कियों में लोकाचार की भावना जाग्रत होती हैवहीं समझ विकसित होती है कि ससुराल में किसप्रकार से रिश्तेदारों के साथ व्यवहार करना चाहिए। अन्यथा बाद में जो परिणाम सामने आते हैं वे कितने गंभीर होते हैं। जसोदा नाम की एक गरीब महिला थी। वह इतनी गरीब थी कि अपने बच्चों को एक समय का भोजन भी नहीं करा पाती थी। उसके माता-पिता का निधन हो चुका था वहीं एक भाई था, जो पत्नि के व्यवहार के कारण दूरी बनाकर रहता था। श्राद्ध पक्ष आया तो भाई तीर्थ क्षेत्र में अपने माता-पिता का तर्पण करने गया। पत्नि को कह गया कि बहन को श्राद्ध पर बुलाना और भोजन कराना। इधर जोधा को भी पता था कि हर वर्ष भाई के घर से बुलावा आता है। इसलिए वह इंतजार करती रही कि भाभी बुलाने आएगी। जब श्राद्ध वाले दिन भी भाभी बुलाने नहीं आई तो स्वयं जसोदा अपने बच्चों को लेकर भाई के घर पहुंची।

जसोदा अपनी भाभी के व्यवहार से परिचित थी। सो उसने बच्चों के कहाकि मैं आटा गुंधूंगी। तुम बाहर नाली के पास बैठ जाना। जैसे ही में हाथा धोउंगी, नाली से आटे का पानी निकलेगा, तुम दोनों उसे बर्तन में एकत्रित कर लेना। हम बाद में उसे पका लेंगे। जसोदा आटा गूंधने लगी। जैसे ही उसने हाथ धोना चाहा, प्रमा ने उसे कहा-रूको भाभी, आटे के हाथ धोओगी तो चींटी खाएगी, इससे श्राद्ध का भोजन झूठा हो जाएगा। मैं तुम्हारे हाथ से आटा उतार देती हूं। इतना कहकर उसने चाकू से हाथ पर चिपका आटा निकाला। ऐसा करने से जसोदा के हाथ लहूलुहान हो गए। इधर भाई पिण्डदान कर रहा था तो पिण्डों में से खून की बूंदे निकलने लगी। भाई ने पण्डित से कारण पूछा तो उसने बताया कि तुम्हारे घर कोई संकट आने वाला है। जसोदा अपने घर आ गई। बच्चे भूखे सोए लेकिन वह रातभर जागती रही। उसके घर के बाहर एक बेल और एक कुत्ता बात कर रहे थे। वे कह रहे थे कि इस घर के चारों कोनों में बहुत सारा धन गड़ा है। यह सुनकर जसोदा ने चारों कोनें खोदे। बहुत सारा धन निकला। ऐसा होने से जसोदा की गरीबी जाती रही। उसने महल बनवाया और ठाठ से रहने लगी। इधर तर्पण करके भाई लोटा तो पत्नि से पूछा कि जसोदा आई थी या नहीं? भोजन कराया या नहीं? प्रेमा बोली-हां, आई थी। सभी को भोजन करवा दिया। एक वर्ष बाद फिर श्राद्ध आया। इस बार भाई जसोदा को उसके घर भोजन पर बुलाने गया। जोधा के महल, वैभव देखकर वह चौंक गया। जसोदा ने निमंत्रण स्वीकार किया। जब वह भोजन करने भाई के घर गए तो भोजन की थाली में रखी सामग्री से सोने के जेवरों को छू कर कहने लगे-खाओ नथ भोजन, खाओ ठुस्सी एरन। ऐसा करने से भाई, भोजाई शर्मिंदा हुए। हरियाणा में आज भी यह कहानी संजा पर्व के दौरान सुनाई जाती है। उसमें जसोदा की जगह धोंधा बाई नाम का जिक्र रहता है।

आज का माण्डना

आज कणि-कणि घर से न्यौतो आयो रे भंवरिया
आज कई-कई नोत जीमायो रे भंवरिया
आज चांद-सूरज बीरा के घर से न्यौतो आयो रे भंवरिया
लपसी का लोंदा उपर घी, जीमायो रे भंवरिया ....।

श्रीमती स्वाति अंकित जैन

आरोपों का दौर: जिसे देखो वही इस्तीफा मांग रहा

व्यंग्य

इन दिनों इस्तीफा मांगने का फैशन चल रहा है। कोने कोने से इस्तीफा मांगने की आवाज आ रही है। जिससे मांगा जा रहा है बस वही किसी से नहीं मांग रहा है बाकी सब मांग रहे हैं। जहां भी दो आदमी खड़े बात कर रहे हैं तो समझ जाओ उसमें से एक सामने वाले से इस्तीफा मांग रहा है। जो स्पष्ट नहीं बोल सकते वे हकलाते और तुतलाते हुए मांग रहे है। अस्पष्ट में भी यह स्पष्ट है कि इस्तीफा मांग रहे है।



अख्तर अली
(दैनिक अवन्तिका)

मांग सब रहे हैं पर दे कोई नहीं रहा है। माईक पर चिल्ला चिल्ला कर माँगा जा रहा है। इतना चिल्लाया जा रहा है कि बहरों ने भी सुन लिया। बस उसने नहीं सुना जिससे मांगा जा रहा है। बुद्धि के खेत पर इस्तीफे के कीटाणुओं ने हमला कर दिया है जिससे अक्ल की खड़ी फसल चौपट हो गई है।

मोमोज की तरह इस्तीफे की मांग गली गली में फैल गई है। पहले आरोप लगा कर इस्तीफा मांगा जाता था तब जवाब में कहा जाता था झ आरोप साबित हो गया तो सन्यास ले लूंगा। अब इस्तीफे की मांग ने इतनी तरक्की कर ली है कि आज इस्तीफे की मांग आरोप की मोहताज नहीं है। जिनको इस्तीफे का मतलब तक नहीं मालूम वो भी इस्तीफा मांग रहे हैं। कहते हैं जब सब मांग रहे हैं तो मैं पीछे क्यों रहूं। मैंने एक से पूछा झ आप किस वजह से उससे इस्तीफा मांग रहे हैं ? उसने बोला झ वजह उसे अच्छी तरह मालूम है जिससे मांगा जा रहा है। उसके आठ दस मामले हैं वह अपनी इच्छा और सुविधानुसार वजह चस्पा कर लेगा।

एक दूसरा व्यक्ति चिल्ला रहा था इस्तीफा दो इस्तीफा दो। मैंने पूछा आप किससे इस्तीफा मांग रहे है ? उसने कहा यह मेरे को नहीं मालूम , मैं तो बस इतना चाहता हूं इस्तीफा दो। मैंने पुनः पूछा झ आपके मांगने पर दे तो कौन दे ? उसने गुस्से में कहा झ जिसको भी देना है वह दे इससे मेरे को फर्क नही पड़ता , मैं तो बस इतना चाहता हूं इस्तीफा दो।

यह चर्चा में बने रहने का उपक्रम भी है। जब किसी को लगता है उसकी लोकप्रियता घटती जा रही है , उसके होने का नोटिस नहीं लिया जा रहा है तो वह एक दिन अचानक प्रधानमंत्री से इस्तीफा मांग लेता है। हमें यह अच्छी सुविधा मिली हुई है कि चलते चलते चप्पल भी टूट जाए तो हम प्रधानमंत्री से इस्तीफा मांग सकते हैं।महिलाओं के व्हाट्सअप ग्रुप में सूचनाओं का अदान प्रदान हुआ कि सब मांग रहे हैं तो अपन भी किसी से इस्तीफा मांगो। किससे मांगे ? अपने अपने पति से मांगे। पति पर आरोप लगाया जाये कि लंबे समय से एक ही पद पर कब्जा जमाये बैठे हैं। इनके शासनकाल में घर का समुचित विकास नहीं हुआ , औरत का शोषण हुआ और बच्चों के लालन पालन में घोर अनियमितता पाई गई है। अतः समस्त पुरुषो को पति के पद से तुरंत सामूहिक इस्तीफा दे देना चाहिए। हम मायके से ससुराल तक रैली निकालेगे जिसे परिवर्तन यात्रा नाम दिया जायेगा।

आज हर बड़े नेता से इस्तीफा मांगा जा रहा है। जिससे नहीं मांगा जा रहा उसका कद छोटा है। कुछ नेता अपना कद बढ़ाने के लिये अपने इस्तीफे की मांग प्रायोजित कर रहे है।

अगर कोई अयोग्य महत्वपूर्ण पद पर काबिज हो गया है और वह लगातार पद और पावर का दुरूपयोग कर रहा है तब तो उससे इस्तीफा माँगना मांगना ही चाहिए ।

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 7000 से क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 7050 विशाल 6950 से 6950 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से डंकी चना 6200 से 6500 मसूर 3000 मालवराज 2850 से 2900 6000 महाराष्ट्र सफेद 8700 मक्का 2500 से 2525 चना से 8900 महाराष्ट्र लाल १००० दाल 8500 से 8600 मीडियम से 9200 कर्नाटक 9100 से 8800 से 8900 बेस्ट 9400 9300 निमाड़ी तुअर 7000 से से 9600 तुअर दाल 8700 से '8200 मूंग बेस्ट गर्मी 7900 से 8800 मीडियम 9700 से 9800 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8100 से बेस्ट 11100 से 11400 एक्स्ट्रा 8200 मोगर 5500 से 7200 बेस्ट 12200 से 12400 ब्रांडेड उड़द बोल्ड 9400 से 9700 उड़द 13800 मूंग दाल 9500 से 9600 गर्मी 9000 से 9400 ग्रेविटी क्लीन बेस्ट 9700 से 9800 मूंग मोगर 9500 से 10000 हल्का उड़द 11500 से 11600 बेस्ट 11700 4000 से 6000 काबुली डॉलर से 11800 उड़द दाल 11200 से 8300 से 10000 काबुली रशियन 11300 बेस्ट 11400 से 11500- 6800 से 7100 बिटकी 6500 से उड़द मोगर 12200 से 12400 6700 सरसों निमाड़ी 8300 रायडा बेस्ट 12600 से 12900 मसूर 7100 से 7300 सोयाबीन 5600 दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 टोली 5700 से 5900 गेहूं मिल से 76,50 रुपए प्रति क्विंटल।

आलू, प्याज, लहसून भाव

ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000 बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

धर्म-आस्था

वेदों में ईश्वर के बारे में क्या कहा गया है?

हिन्दू धर्म में वेदों को सबसे प्राचीन और विश्वसनीय धार्मिक और दार्शनिक ग्रंथों में गिना जाता है। वेदों में लिखी बातें बहुत हद तक हिन्दू धर्म का आधार है लेकिन आज ईश्वर को लेकर अलग-अलग विश्वास है, सम्प्रदाय और मान्यताएं हैं, ईश्वर के अलग-अलग स्वरूप और शक्तियां हैं। तो, क्या वेद ईश्वर से जुड़ी इन मान्यताओं का समर्थन करता है या ईश्वर को लेकर उसकी अवधारणा बहुत ही अलग है? धार्मिक पुराणों में ईश्वर के रूप, गुण, शक्तियों इत्यादि का बखान मिलता है, लेकिन क्या वेद भी ईश्वर को इसी तरह दर्शाता है? वेदों में आखिर ईश्वर के बारे में क्या बताया गया है और आज की मान्यताओं से वह कितना अलग है, चलिए जानते हैं...वेदों में ईश्वर की व्याख्या

आज हिन्दू समाज भले ही अलग-अलग देवी-देवताओं की मूर्तियाँ बनाकर उनकी पूजा कर रहा है, लेकिन वेदों में पुराणों की तरह ईश्वर की महिमा और शक्तियों का बखान नहीं मिलता है। वेदों में ईश्वर को अनंत, निराकार, सर्वव्यापी और सच्चिदानंद स्वरूप जरूर बताया गया है, लेकिन वेदांत दर्शन ईश्वर को निर्गुण और सत्ताहीन ब्रह्म भी मानता है। वेदों के अनुसार ईश्वर के पास कोई शक्तियां नहीं है, कोई गुण या उसकी प्रकृति नहीं है, जिससे वो चमत्कार कर सके या खुद की उपस्थिति दर्शा सके। जबकि वहीं पुराणों में सगुण रूपों (शिव, विष्णु, शक्ति आदि) की उपासना का महत्व बताया गया है, जिनके पास खास प्रकृति और शक्तियां हैं।



ऋग्वेद में ईश्वर के सगुणी होने या अनेक रूपों के होने के बजाय आत्मा और परमात्मा के एकत्व पर जोर दिया गया है। 'अहं ब्रह्मास्मि' जैसे मंत्र इस बात की व्याख्या करते हैं कि आत्मा और परमात्मा में कोई भेद नहीं किया गया है। जो स्वयं को जानता है, वह ईश्वर को भी जानता है क्योंकि ईश्वर केवल एक चेतना हैं जो सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड में हो रही घटनाओं के साक्षी हैं। ऐसा नहीं है कि वेदों में देवताओं का वर्णन नहीं मिलता, बल्कि वेदों में प्रकृति से जुड़े अग्नि, इंद्र, वरुण, सूर्य, उषा आदि देवताओं की स्तुतियां मिलती हैं। लेकिन वेदों में ऐसे गहरे दार्शनिक विचार भी हैं जो एक परम सत्य और सृष्टि के मूल कारण को समझने का प्रयास करते हैं। वेदों में देवताओं के लिए 'देव' शब्द का प्रयोग मिलता है। लेकिन इन देवताओं को यूं ही किसी शक्ति से जोड़कर उसकी उपासना करने नहीं बताया गया है, बल्कि वेदों में ऋषि उस व्यापक सत्य की खोज भी करते हैं जो पूरे अस्तित्व के पीछे है। वैदिक मंत्रों में देवताओं को ब्रह्मांडीय शक्तियों और प्रकृति के विभिन्न आयामों से भी जोड़ा गया है। अग्नि केवल अग्नि नहीं, बल्कि यज्ञ और देवताओं तक पहुंचने वाले माध्यम के रूप में भी वर्णित हैं। सूर्य प्रकाश और जीवन से जुड़े हैं। वरुण ऋत और नैतिक-ब्रह्मांडीय व्यवस्था से जुड़े दिखाई देते हैं। यहाँ 'ऋत' का सामान्य अर्थ ब्रह्मांडीय व्यवस्था, सत्य और वह नियम माना जाता है, जिसके अनुसार संसार चलता है।

ऋग्वेद के प्रसिद्ध मंत्र में कहा गया है -

इसका सामान्य भावार्थ है - सत्य एक है, ज्ञानी उसे अनेक नामों से पुकारते हैं। इस मंत्र में अग्नि, यम और मातरिश्वा आदि नामों का उल्लेख आता है। ऋग्वेद का नासदीय सूक्त (10.129) सृष्टि की उत्पत्ति से जुड़े सबसे प्रसिद्ध वैदिक चिंतन में से एक है। इसमें ऋषि उस समय की कल्पना करते हैं, जब ब्रह्माण्ड में कुछ भी अस्तित्व में नहीं था। फिर प्रश्न उठता है कि यह सृष्टि आखिर उत्पन्न कैसे हुई? सूक्त के अंतिम भाग में एक सवाल सामने आता है कि सृष्टि की वास्तविक उत्पत्ति को कौन जानता है। इस सवाल के जवाब में देवताओं का अस्तित्व भी सृष्टि के बाद माना जाता है।

ऋग्वेद के पुरुष सूक्त (10.90) में एक विराट पुरुष का वर्णन मिलता है। यह पुरुष सामान्य व्यक्ति नहीं, बल्कि एक ऐसी ब्रह्मांडीय सत्ता के रूप में वर्णित है जिसका संबंध संपूर्ण सृष्टि से है। सूक्त में कहा गया है कि विराट पुरुष के यज्ञ से ब्रह्मांडीय व्यवस्था और विभिन्न सृष्टि गत तत्वों की अभिव्यक्ति हुई।

उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2071-3150, चना देशी-5901 काबली- 3350-7951, बटला-3201, रायड़ा- 6850, मूंग- 7600, सोयाबीन- 2700-6085, मैथीदाना- 5240, सरसो- 7050-7601, तुवर- 4300, तिल्ली-10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेर्ण्ड- 1,49,500 रवा- 1,49,400 चांदी-टंच- 2,27,500 पाट- 2,26,650।

उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

आमंत्रण

आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।

editor.awantika@gmail.com

नवरात्रि में कन्या चरण पूजन का आयोजन 14 अक्टूबर को

शुजालपुर। श्री खाटू श्याम सेना ट्रस्ट अकोदिया की ओर से नवरात्रि पर्व के अवसर पर 14 अक्टूबर को मां अन्नपूर्णा मंदिर जाटपुरा में कन्या चरण पूजन का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर संस्था ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। संस्था के जिला अध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार गेहलोत ने बताया कि भारतीय संस्कृति में नवरात्रि के दौरान कन्या पूजन का विशेष महत्व है। इसी उद्देश्य से देवी स्वरूप कन्याओं का चरण पूजन किया जाएगा। आयोजन के लिए जल्द ही कन्याओं को आमंत्रित कर कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोजन को लेकर संस्था के सदस्यों द्वारा आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

बीटीआई मैदान में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आज

शुजालपुर। सेवा संकल्प अभियान 2026 के तहत विधानसभा स्तरीय निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन 6 अक्टूबर को शुजालपुर मंडी स्थित बीटीआई मैदान में किया जाएगा। शिविर सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक चलेगा। शिविर में नेत्र परीक्षण की सुविधा उपलब्ध रहेगी। जांच के बाद जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क चश्मे प्रदान किए जाएंगे। आयोजकों के अनुसार शिविर का उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को नेत्र जांच एवं आवश्यक उपचार संबंधी सुविधा उपलब्ध कराना है। शिविर का आयोजन मंत्री एवं शुजालपुर विधायक इंदर सिंह परमार के नेतृत्व में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत किया जा रहा है। मंत्री श्री परमार ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

अजनास के मजदूर का नाले में मिला शव: चोट के निशान नहीं

खातेगांव। अजनास निवासी विष्णु पिता जगन मर्सकोले (लगभग 40) का शव रविवार शाम मालसगोदा रोड स्थित खाल (नाले) में संदिग्ध अवस्था में मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नाले से बाहर निकलवाकर पंचनामा कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार चौकीदार ने शव मिलने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की और शव को पोस्टमार्टम के लिए खातेगांव अस्पताल भेजा। सोमवार सुबह शासकीय अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार प्राथमिक जांच में युवक के शरीर के बाहरी हिस्से पर चोट के निशान नजर नहीं आए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

महिला को भेजा अश्लील मैसेज, प्रकरण दर्ज

शुजालपुर। क्षेत्र के ग्राम की 23 वर्षीय युवती ने एक व्यक्ति पर पीछा करने, अश्लील मैसेज भेजने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। युवती की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। युवती ने पुलिस को बताया कि करीब चार माह पहले वह शुजालपुर की एक कॉलोनी में किराए से रहकर कपड़े की दुकान पर काम करती थी। इसी दौरान कॉलोनी में किराना दुकान चलाने वाला गोविन्द नाथ उसका पीछा करता था और मोबाइल नंबर मांगता था। नंबर देने से मना करने पर भी वह उसका पीछा करता रहा। परेशान होकर युवती काम छोड़कर अपने गांव चली गई। शिकायत के अनुसार पिछले करीब 15 दिनों से गोविन्द नाथ उसे वाट्सऐप पर संदेश भेज रहा था। 2 अक्टूबर की रात करीब 8.42 बजे उसने कथित तौर पर अश्लील संदेश भेजे और आपत्तिजनक बातें लिखीं।

घर पर सोलर लगाने का मौका, दो स्थानों पर लगेंगे विशेष कैंप

शुजालपुर। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को सोलर रूफ टॉप लगाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से एमपीईबी द्वारा शुजालपुर संभाग में तीन दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में उपभोक्ताओं को एक ही स्थान पर योजना से जुड़ी विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। 6 अक्टूबर को जनपद पंचायत कार्यालय परिसर कालापीपल तथा 7 अक्टूबर को एमपीईबी संभागीय कार्यालय पोल फैक्ट्री परिसर शुजालपुर में शिविर लगेगा।

स्वामित्व रजिस्ट्री में निष्पादक की भूमिका पर पटवारियों की आपत्ति

पटवारी संघ बोला हड़ताल नहीं, नियमित राजस्व कार्य जारी जवाबदेही स्पष्ट करने की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



स्वामित्व रजिस्ट्री योजना के क्रियान्वयन में पटवारियों को निष्पादक की भूमिका दिए जाने को लेकर मध्यप्रदेश पटवारी संघ ने आपत्ति जताई है। संघ ने शासन-प्रशासन से पटवारी की भूमिका, अधिकार और जवाबदेही का वैधानिक आधार स्पष्ट करने की मांग की है। संघ का कहना है कि आपत्ति कार्यप्रणाली और अतिरिक्त जवाबदेही को लेकर है, पटवारी हड़ताल पर नहीं हैं।

संघ जिलाध्यक्ष शाजापुर हरिओम हनोतिया के अनुसार नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन गिरदावरी, न्यायालयीन प्रतिवेदन, सीएम हेल्पलाइन और जनसुनवाई सहित नियमित राजस्व कार्य पूर्ववत किए जा रहे हैं। स्वामित्व रजिस्ट्री में जिस व्यक्ति का नाम पहले से अधिकार अभिलेख अथवा राजस्व अभिलेख में दर्ज है, उसके स्वामित्व या अधिकार को पुनः रजिस्ट्री अथवा निष्पादन प्रक्रिया से प्रमाणित कराने में पटवारी को निष्पादक की भूमिका दिए जाने का वैधानिक आधार स्पष्ट किया जाना चाहिए।

संघ का कहना है कि स्वामित्व योजना पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित है, जबकि पटवारी पहले से राजस्व विभाग के नियमित कार्यों के साथ विभिन्न विभागों की योजनाओं और ऑनलाइन कार्यों का दायित्व संभाल रहे हैं। ऐसे में अतिरिक्त कार्यभार और व्यक्तिगत जवाबदेही बढ़ने से व्यावहारिक कठिनाइयां पैदा हो रही हैं। ड्रोन सर्वे और मौके की वास्तविक स्थिति में अंतर के अलावा स्वामित्व व सीमाओं से जुड़े दावे-आपत्तियां भी मैदानी स्तर पर चुनौती बन रही हैं।

कार्य-विभाजन की मांग

पटवारी संघ ने मांग की है कि योजना से संबंधित विभाग के मैदानी अमले को भी इसके क्रियान्वयन में प्रभावी रूप से शामिल किया जाए और कार्य एवं जवाबदेही का स्पष्ट विभाजन किया जाए। साथ ही पटवारी की भूमिका उसके विधिसम्मत राजस्व दायित्वों तक सीमित रखने, अतिरिक्त योजनाओं का अनावश्यक कार्यभार नहीं देने तथा अवकाश एवं शासकीय अवकाश के दिनों में स्वामित्व रजिस्ट्री के लिए अनावश्यक दबाव नहीं बनाने की मांग की गई है। संघ ने दोहराया कि पटवारी हड़ताल पर नहीं हैं और आमजन से जुड़े नियमित राजस्व कार्य जारी हैं।



शासकीय बालकृष्ण शर्मा नवीन महाविद्यालय में 30 दिवसीय एड-ऑन कोर्स का शुभारंभ

शाजापुर। स्थानीय शासकीय बालकृष्ण शर्मा नवीन स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा विद्यार्थियों के भाषाई कौशल को निखारने के उद्देश्य से कम्युनिकेशन स्किल्स एंड फंक्शनल इंग्लिश विषय पर आधारित 30 घंटे के विशेष एड-ऑन कोर्स का शुभारंभ शनिवार से किया गया। इस रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को पूरी तरह निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी, और कोर्स को सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थानीय शासकीय कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. यतीश धाकड़ रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में आज के वैश्विक दौर में अंग्रेजी संवाद कौशल की अनिवार्यता पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को इसका अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एस. के. तिवारी ने छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य व व्यक्तित्व विकास के लिए इस प्रकार के कौशलाधारित पाठ्यक्रमों को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। कला संकाय की अध्यक्ष एवं अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. मीनू गिडवानी ने एड-ऑन कोर्स की विस्तृत रूपरेखा और इसके महत्व को सामने रखा। वहीं आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. अरुण बोडाने ने विद्यार्थियों की अकादमिक समझ को बढ़ाते हुए एड-ऑन कोर्स तथा वैल्यू एडेड कोर्स के बीच के तकनीकी अंतर को बारीकी से समझाया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अर्चना वर्मा ने किया तथा आभार प्रो निर्मला सूर्यवंशी ने माना।

संदिग्ध हालात में नवविवाहिता की मौत, पति फरार: डेढ़ साल पहले हुई थी शादी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



जिले के मल्हार टोडी क्षेत्र में 32 वर्षीय नवविवाहिता प्रीति चौहान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह रविवार को घर की रसोई में फर्श पर बेसुध मिली थी। शरीर पर चोट के निशान भी मिले हैं।

घटना के बाद पति गोविंद घर के बाहर से गेट लगाकर फरार हो गया। मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर प्रताड़ना और हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। प्रीति का करीब डेढ़ साल पहले गोविंद चौहान से विवाह हुआ था। शुरूआत में दोनों सास-ससुर के साथ रहते थे, बाद में अलग रहने लगे।

परिजनों के अनुसार शनिवार रात दोनों के बीच विवाद हुआ था। रविवार सुबह करीब 11 बजे भी दोनों में विवाद हुआ। इसके बाद गोविंद घर से बाहर निकला और बाहर से गेट लगा दिया। पड़ोस में रहने वाले ससुर ने मौके पर पहुंचकर दरवाजा खोला तो प्रीति रसोई में फर्श पर बेसुध मिली। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

प्रीति के अंकल संजय कुमार सोलंकी ने बताया कि घटना से कुछ देर पहले करीब 10.30 बजे उनकी प्रीति से फोन पर बात हुई थी।

शरीर पर चोट के निशान मिले

मौत के बाद परिजनों ने प्रीति के गाल, हाथ, गले और मुंह पर चोट के निशान होने की बात कही। इससे मामला संदिग्ध हो गया। सूचना पर इंदौर से प्रीति की मां, अंकल और अन्य रिश्तेदार देवास पहुंचे। उन्होंने ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना और हत्या का आरोप लगाया।

ट्रैक्टर-ट्रॉली लगाने पर गाली-गलौज के बाद हुई मारपीट

अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा

आगर की गल्ला मंडी में रविवार देर रात ट्रैक्टर-ट्रॉली लगाने को लेकर कुछ लोगों के बीच विवाद हो गया। मंडी में इन दिनों कृषि उपज की आवक बढ़ने से बड़ी संख्या में किसान रात में ही ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर पहुंच रहे हैं। सुबह उपज बेचने के लिए नंबर लगाने के बाद ट्रॉलियां खड़ी की जाती हैं। इसी दौरान पहले ट्रॉली लगाने को लेकर युवकों में विवाद हुआ।

विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज हुई और फिर हाथापाई शुरू हो गई। मौके पर मौजूद किसी व्यक्ति ने घटना का वीडियो बना लिया। सोमवार सुबह यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में कुछ लोग एक-दूसरे से मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं।

पुलिस बोली-किसी पक्ष ने शिकायत दर्ज नहीं कराई

वायरल वीडियो सामने आने के बाद भी विवाद की असली वजह और मारपीट में शामिल लोगों की पहचान अभी स्पष्ट नहीं है। कोतवाली पुलिस के अनुसार मामले में अब तक किसी भी पक्ष ने शिकायत दर्ज नहीं कराई है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करेगी।

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा संपन्न, 25 हजार विद्यार्थियों ने लिया भाग



शाजापुर। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में शाजापुर जिले में शनिवार को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलेभर के लगभग 25,000 विद्यार्थियों ने भारी उत्साह के साथ परीक्षा में हिस्सा लिया। आयोजकों के अनुसार इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य आज की नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, गौरवशाली इतिहास, देश की समृद्ध परंपराओं और जीवन के नैतिक मूल्यों से गहराई से परिचित कराना है। गायत्री परिवार द्वारा इसके माध्यम से युवाओं में अपनी जड़ों के प्रति जागरूकता और संस्कार सिंचन का एक सार्थक प्रयास किया गया है। परीक्षा के स्वरूप की जानकारी देते हुए आयोजकों ने बताया कि विद्यार्थियों के ज्ञान को परखने के लिए प्रश्नपत्र में कुल 100 प्रश्न शामिल किए गए थे। इसके अतिरिक्त, मेधावी छात्र-छात्राओं के सटीक मूल्यांकन और समान अंक आने की स्थिति के समाधान के लिए 5 विशेष ट्राइब्रेकर प्रश्न भी पूछे गए थे। परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों और अभिभावकों में भी खासा उत्साह देखा गया। जिले के विभिन्न विद्यालयों में परीक्षा का संचालन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।



बजरंग दल ने कमर्शियल गरबा आयोजनों का किया विरोध, एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा

आगर मालवा में बजरंग दल प्रखंड सुसनेर और सर्व हिंदू समाज ने व्यावसायिक गरबा आयोजनों पर रोक लगाने की मांग की है। सोमवार को कार्यकर्ताओं ने एसडीएम सुसनेर को ज्ञापन सौंपा। इसमें टिकट, पास और प्रवेश शुल्क लेकर होने वाले गरबा आयोजनों को अनुमति नहीं देने को कहा।

ज्ञापन में बताया गया कि नवरात्रि मां शक्ति की आराधना का पवित्र पर्व है। संगठन का आरोप है कि शुल्क लेकर व्यावसायिक गरबा आयोजन धार्मिक स्वरूप बिगाड़ते हैं और कानून-व्यवस्था की स्थिति भी बन सकती है। संगठन ने प्रशासन से सुसनेर में शुल्क आधारित गरबा इवेंट पर रोक लगाने की मांग की। पुरानी अनुमतियों की समीक्षा और नए आवेदनों की जांच के बाद ही अनुमति देने को कहा। मैरिज गार्डन, होटल, क्लब जैसे स्थलों का पुलिस के साथ निरीक्षण कराने को भी कहा। बिना अनुमति गरबा होने पर कार्यक्रम तुरंत बंद कराकर आयोजकों पर कार्रवाई की मांग भी रखी गई।

गांव की बेटी व प्रतिभा किरण योजना के ऑनलाइन आवेदन में किया सहयोग, नशामुक्ति की ली शपथ

- सेवा सेतु अभियान में विद्यार्थियों को मिली योजनाओं की जानकारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



सेवा सेतु अभियान आपकी सरकार आपके द्वार के तहत रविवार को नगर पालिका परिषद शुजालपुर में उच्च शिक्षा विभाग का महाविद्यालय स्तरीय विशेष अभियान आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ ऑनलाइन आवेदन के लिए मार्गदर्शन एवं सहयोग उपलब्ध कराया गया। अभियान के दौरान विशेष रूप से गांव की बेटी एवं प्रतिभा किरण योजना की पात्रता, आवश्यक दस्तावेज और ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी गई। योजनाओं के आवेदन के लिए विशेष स्टॉल लगाया गया, जहां विद्यार्थियों को आवेदन करने में आवश्यक सहयोग प्रदान किया गया।

अतिथियों ने विभिन्न स्टॉल का अवलोकन कर विद्यार्थियों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। अधिकारियों एवं उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों से शासकीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बीके त्यागी, प्रभारी संध्या सोलंकी, अर्पिता शुक्ला, प्रीतम परमार एवं दीपक लोधी उपस्थित रहे।

नशामुक्ति की ली शपथ

कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों एवं उपस्थित लोगों ने नशामुक्ति की शपथ ली। युवाओं को नशे से दूर रहने और समाज को नशामुक्त बनाने के लिए जागरूक करने का संकल्प लिया गया।

उप जेल में बंदियों को कराया योग, स्वास्थ्य परीक्षण कर दिया आवश्यक परामर्श व उपचार



शुजालपुर। सेवा संकल्प अभियान 2026 के तहत आयुष विभाग जिला शाजापुर की टीम ने शुक्रवार को उप जेल शुजालपुर में योग, स्वास्थ्य एवं ध्यान शिविर आयोजित किया। शिविर में परिरुद्ध बंदियों को योगाभ्यास, प्राणायाम और ध्यान कराया गया। आयुष विभाग की टीम ने बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श एवं उपचार भी प्रदान किया। योग एवं ध्यान के माध्यम से शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक शांति, सकारात्मक सोच और तनाव प्रबंधन को बढ़ावा देना शिविर का उद्देश्य रहा। शिविर में आयुष विभाग की डॉ. जान्हवी मिश्रा, शिवनारायण नाविक, सतीश कुमार कुल्ली, योग शिक्षक जय प्रकाश परमार, देवेंद्र सिंह परमार एवं लखन ऑफि निया सहित टीम के सदस्य मौजूद रहे। वहीं सहायक जेल अधीक्षक हितेश बंडिया, फार्मासिस्ट संपदा निगम, प्रहरी गिरिराज सिंह राठौड़ सहित जेल स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के समापन पर सहायक जेल अधीक्षक हितेश बंडिया ने शिविर के सफल आयोजन के लिए आयुष विभाग की टीम का आभार व्यक्त किया।

ज्वेलरी व्यापारी से लूट के 8 आरोपी गिरफ्तार 14.125 किलो चांदी और दो बोलेरो जब्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नलखेड़ा

ज्वेलरी व्यापारी से हुई लूट के मामले में पुलिस ने अब तक आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे और निशानदेही से कुल 14.125 किलो चांदी और वारदात में इस्तेमाल दो बिना नंबर की बोलेरो वाहन जब्त किए गए हैं। पुलिस के अनुसार लूटी गई चांदी खरीदकर उसे गलाने वाले आरोपी तक भी टीम पहुंची।

उसके कब्जे से 5 किलो 985 ग्राम चांदी की सिल्लियां बरामद की गई हैं। पुलिस के अनुसार 23 मई 2025 की रात करीब 9 बजे नलखेड़ा निवासी ज्वेलरी व्यापारी पारस सोनी दुकान बंद कर कर्मचारी दुर्गेश मीणा के साथ स्कूटी से घर जा रहे थे। उनके पास चांदी और सोने के जेवरात सहित नकदी थी। मोदी तिराहा-बडलावदा रोड पर जसवाल कॉलोनी के पास पीछे से आई सफेद रंग की बिना नंबर की बोलेरो में सवार लोगों ने उन्हें रोककर मारपीट की और जेवरात व अन्य सामान लूट लिया था। मामले में नलखेड़ा थाने में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई।

एक-एक कर आरोपियों तक पहुंची पुलिस: जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों, मुखबिर सूचना और पूछताछ के आधार पर पुलिस ने 10 जून 2025 को प्रेमचन्द्र, विक्रम, सन्नी और पुरीलाल को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 4 किलो 40 ग्राम चांदी बरामद हुई। इसके बाद 2 अगस्त 2025 को रतनलाल को गिरफ्तार कर 4 किलो 100 ग्राम चांदी के जेवरात बरामद किए गए। जांच के दौरान पुलिस राजस्थान पहुंची। 16 सितंबर 2026 को सुराराम और 21 सितंबर को सत्यनारायण उर्फ नैताराम को गिरफ्तार किया गया। इनसे पूछताछ के आधार पर वारदात में प्रयुक्त बिना नंबर की बोलेरो जब्त की गई।

संकेतक के बिना खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई बाइक

शुजालपुर। आष्टा- शुजालपुर मार्ग पर किसोनी जोड़ के पास सड़क पर बिना संकेतक के खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से बाइक टकराने पर 32 वर्षीय युवक घायल हो गया। हादसा 3 अक्टूबर की रात करीब 10 बजे हुआ। पुलिस के अनुसार ग्राम लसुल्डिया मलक निवासी विकास परमार बाइक से शुजालपुर मंडी आ रहे थे। किसोनी जोड़ के पास सड़क पर बिना संकेतक के खड़ी जॉन डियर ट्रैक्टर-ट्रॉली से उनकी बाइक टकरा गई। हादसे में विकास के सिर, बाईं आंख और हाथ में चोट आई। साथी महेंद्र साहू ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां से परिजन आरोग्य अस्पताल लेकर पहुंचे। पुलिस ने ट्रैक्टर.ट्रॉली के अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

न्यायालय तहसीलदार तहसील बड़नगर जिला उज्जैन

कमांक/क्यू/री-2/2026/ बड़नगर दिनांक 29.09.2026
प्र.क्र. 0061/ब-121/2024-25

सार्वजनिक सूचना इश्तिहार

आवेदक लक्ष्मीनारायण पिता गोविन्द जाति भोई निवासी शिवघाट रोड खोबदरवाजा तहसील बडनगर जिला उज्जैन ने ग्राम जाफला में स्थित भूमि सर्वे नं 608/1 रकबा 0.36 सर्वे नं 636/1/1 रकबा 0.37 पर प्रति प्रार्थीगण का नाम डिलीट किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस प्रकरण में निम्नलिखित अनावेदक / सह खातेदारों के विरूद्ध कार्यवाही विचाराधीन है।

01. जानकीलाल पिता दयाराम जाति भोई निवासी - शिवघाट रोड खोबदरवाजा बडनगर जिला उज्जैन 02. टीकराम पिता दयाराम जाति भोई निवासी- मोहब्बत मोहल्ला बच्छराज फेक्ट्री बडनगर
03. देवबाई पति दयाराम जाति बलाई
04. गंगाबाई पति गणेश पिता दयाराम जाति बलाई
05. भुलीबाई पति लक्ष्मीनारायण पिता दयाराम जाति बलाई
06. पुनिबाई पति बगदीराम पिता दयाराम जाति बलाई निवासी बच्छराज फेक्ट्री पानी की टंकी के सामने बडनगर
07. हुक्माबाई पति विक्रम पिता दयाराम जाति बलाई निवासी-सांगरोद बईडा तहसील देपालपुर जिला इन्दौर

उपरोक्त सभी अनावेदको को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 30.10.2026 को प्रात 11 बजे न्यायालय तहसीलदार बडनगर जिला उज्जैन के समक्ष स्वंय अथवा अपने विधिवत अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करे ।

उक्त दिनांक स्थान पर उपस्थित न हो पाने तथा आपत्तियां न कर पाने की दशा में किसी आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा ।

तहसीलदार
तहसील बडनगर जिला उज्जैन

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी 01-श्री शलज दीक्षित पिता स्व. हरिओम दीक्षित, निवासी-एमेराइड आइल टावर 3, फ्लेट नं.-1306, साकी विहार रोड, अंधेरी (पूर्व) मुंबई 02-श्रीमती श्वेता दीक्षित पति श्री आयुष चन्द्र, पुत्री स्व. हरिओम दीक्षित, निवासी-10/91 इंदिरा नगर, लखनऊ (उ. प्र.) के संयुक्त मालिकी स्वामित्व में भवन वर्तमान म्यु. क्रमांक 81 जो कि आजाद नगर उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। भवन वर्तमान दो मंजिला आर. सी. सी. की छत का निर्मित है। भवन की पैमाईश में लम्बाई-उत्तर से दक्षिण बतरफ पूर्व व पश्चिम समान-50 फीट या 15.24 मीटर एवं चौडाई-पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर व दक्षिण समान-30 फीट या 09.14 मीटर होकर भवन के भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल-1,500.00 वर्गफीट या 139.29 वर्गमीटर है। भवन की चर्तु:सीमा में पूर्व दिशा में भवन क्रमांक-82, पश्चिम दिशा में-भवन क्रमांक-80, उत्तर दिशा में-30.00 फीट चौडी सडक एवं दक्षिण दिशा में-12.00 मीटर चौडी गली है। उक्त पैमाईश व चर्तु:सीमा के मध्य स्थित भवन को क्रय करने का सौंदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भवन स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है शेष राशि का भुगतान कर, विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना बाकी है। उक्त भवन पर अन्य किसी व्यक्ति, सोसायटी, संस्था, समूह, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, बकाया आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। इति दिनांक-05.10.2026

राजकुमार प्रजापत एडवोकेट
कार्यालय-A-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन (म.प्र.)
मोबा. 94259-46659

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामी श्री रणछोडलाल पिता श्री कन्हैयालाल जी जाति आंजना गैर आदिवासी, निवासी ग्राम नलवा तहसील व जिला उज्जैन के एकांकी स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 5/3 रकबा 1.0600 हैक्टर, सर्वे नंबर 12/1 रकबा 1.1100 हैक्टर, सर्वे नंबर 12/3 रकबा 0.2100 हैक्टर, सर्वे नंबर 16 रकबा 0.8400 हैक्टर कुल किता 4 कुल रकबा 3.2200 हैक्टर अर्थात 16 बीघा 2 बिसवा स्थित ग्राम नलवा, तहसील व जिला उज्जैन में है, उक्त संपत्ति को क्रय करने का विक्रय अनुबंध मेरे पक्षकार द्वारा कर लिया गया है तथा आशिंक राशि अदा कर दी है शेष राशि अदा कर ई विक्रय पत्र का पंजीयन कराया जाना है।

अतः उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था आदि का कोई ऋण, भार, बकाया हो, उक्त वर्णित संपत्ति में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित संपत्ति के विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो। इति दिनांक 03-10-2026 स्थान उज्जैन

गौरव गौदावत (जैन), एडव्होकेट
दुकान नंबर- डीएफ-7, भरतपुरी शांपिंग
काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन
मोबाईल नंबर- 99260-68606

अशोकनगर में फंदे में फंसकर तेंदुए की मौत

अशोकनगर। अशोकनगर जिले के चंदेरी वन परिक्षेत्र के निदानपुर गांव के पास खेत में सोमवार को लगाए गए फंदे में फंसने से एक तेंदुए की मौत हो गई। घटना की सूचना वन विभाग को मिली। वन अमला मौके पर पहुंचा तो खेत में तेंदुआ मृत मिला। जांच में उसकी मौत कमर में फंदा कसने से होना सामने आया। वन विभाग ने खेत मालिक से पूछताछ की। मामले की जांच के लिए माधव टाइगर रिजर्व से डॉग स्क्वाड बुलाया गया। टीम ने मौके और आसपास के क्षेत्र में छानबीन की। जांच के आधार पर वन विभाग ने आरोपी को गिरफ्तार किया। उसे न्यायालय में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया है। अशोकनगर के पशु के डॉक्टरों ने तेंदुए का पोस्टमार्टम किया। इसके बाद वन विभाग ने तेंदुए का विधिवत अंतिम संस्कार कराया। वन विभाग ने बताया कि जंगल से लगे खेतों में किसान अक्सर जंगली जानवरों को रोकने के लिए फंदे या झटका मशीन लगा देते हैं। इनमें वन्यजीवों के फंसने से उनकी जान जा सकती है।

पिता के साथ ट्रेक्टर समेत कुंए में गिरे 2 बच्चे

खंडवा। खंडवा के रोशनाई गांव में सोमवार शाम खेत जोतते समय ट्रैक्टर कुएं में पलट गया। ट्रैक्टर पर पिता सुरेश के साथ उनके दो बच्चे शुभम (7) और शिवम भी बैठे थे। हादसे में शुभम ट्रैक्टर के नीचे दब गया। पिता की आंखों के सामने उसकी मौत हो गई। शिवम ट्रैक्टर पलटने के दौरान जमीन पर गिर गया। सुरेश भी ट्रैक्टर के नीचे दबे थे, लेकिन किसी तरह बाहर निकल आए। पिता और छोटे बेटे को मामूली चोट आई है। पदमनगर टीआई दिलीप देवड़ा के मुताबिक, सुरेश खेत मालिक के ट्रैक्टर से खंडवा निवासी किसान ओम के यहां काम कर रहा था। परिवार बच्चों के साथ खेत पर ही रहता है। सोमवार शाम वह दोनों बच्चों को ट्रैक्टर पर बैठाकर खेत जोत रहा था। कुएं के पास नमी के कारण हरी घास उगी थी। इसी घास पर ट्रैक्टर का टायर फिसल गया। सुरेश ने ट्रैक्टर को बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन वह कुएं में पलट गया। इसी दौरान शिवम जमीन किनारे पर गिर गया, सुरेश और शुभम ट्रैक्टर के साथ कुएं में अंदर गिर गए।

संत प्रेमानंद के शिष्य का तीसरा वीडिये आया सामने

मथुरा। वृंदावन में संत प्रेमानंद के शिष्य रसिक दुलारी शरण का सुसाइड से पहले का तीसरा वीडियो सामने आया है। इसमें रसिक दुलारी सीढ़ियों से छत पर जाते हुए दिख रहे हैं। उनके माथे पर चंदन और धोती पर खून के निशान दिखाई दे रहे हैं। 25 साल के रसिक दुलारी शरण ने 25 सितंबर की सुबह केली कुंज ट्रस्ट की बिल्डिंग की चौथी मंजिल से कूदकर जान दे दी थी। 26 सितंबर को यमुना किनारे उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस मामले में पुलिस केली कुंज आश्रम से जुड़े 30 से ज्यादा लोगों से पूछताछ कर चुकी है। वीडियो में दिख रहा है कि माथे पर सफेद चंदन लगा रसिक दुलारी सीढ़ियां चढ़ते हुए छत की ओर जा रहे।

जेल से निकलते ही पत्नी को मार डाला

मेरठ। मेरठ में रेप के आरोपी युवक ने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद वह अपने घर से करीब 500 मीटर दूर साली के घर पहुंचा। उससे कहा- मैंने तेरी बहन को मार डाला है। घर में लाश पडी है। इसके बाद वह भाग गया। युवक करीब डेढ़ साल पहले रेप के मामले में जेल गया था। 8 दिन पहले ही जमानत पर बाहर आया था। पुलिस के मुताबिक, ससुर ने जमानत नहीं कराई थी, इसलिए युवक नाराज था। इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच झगड़ा चल रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस पति की तलाश में दबिश दे रही है। घटना ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र की सोमवार दोपहर 3 बजे की है। पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर मौके से साक्ष्य जुटाए। इसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर मौके से साक्ष्य जुटाए। इसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। भूमिया पुल में रहने वाले शहजादा की बेटी मुस्कान (28) ने करीब 4 साल पहले अपने पड़ोस में रहने वाले असलम के बेटे आदिल से लव मैरिज की थी। शादी के बाद दोनों उसी कॉलोनी में किराए के मकान में रहने लगे थे। दोनों के 2 बच्चे हैं।

कानपुर में सरकारी डॉक्टर ने खुद को गोली से उडाया

कानपुर। कानपुर में सरकारी डॉक्टर ने लाइसेंसी रिवाल्वर से सीने में गोली मारकर सुसाइड कर लिया। गोली चलने की आवाज सुनकर पत्नी कमरे में पहुंची, तो डॉक्टर जमीन पर खून से लथपथ पड़े थे। परिवारवाले डॉ. संदीप सिंह (47) को रीजेंसी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना रविवार रात करीब 2 बजे निराला नगर के ब्लॉसम अपार्टमेंट की है। डॉ. संदीप सिंह सर्जन थे और कानपुर देहात में तैनात थे। संदीप के पिता राज बहादुर ने बताया- रात में बहू कंचन का फोन आया था। उसने कहा कि संदीप ने खुद को गोली मार ली है। अस्पताल ले जा रही हूं। मैंने कहा कि तुम बहुत धर्मात्मा बनती हो, जियो अपने हिसाब से। डीसीपी दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि फोरेंसिक टीम ने रिवाल्वर जब्त कर लिया है। वहीं, डॉ. सदीप सिंह के शव का पोस्टमॉर्टम वीडियोग्राफी के साथ कराया गया। पैनल ने उनके शरीर में फंसी गोली का पता लगाने के लिए पहले एक्सरे कराया। इसमें गोली पीठ में फंसी मिली। गोली लगने से हार्ट और लिवर पंचर हो गए थे। ज्यादा खून बहने से मौत की पुष्टि हुई। निराला नगर के ब्लॉसम अपार्टमेंट में डॉ. संदीप सिंह ने खुद को गोली मार ली। घटना की सूचना पर सोमवार सुबह पुलिस जांच-पड़ताल करने पहुंची। निराला नगर के ब्लॉसम अपार्टमेंट में डॉ. संदीप सिंह ने खुद को गोली मार ली। घटना की सूचना पर सोमवार सुबह पुलिस जांच-पड़ताल करने पहुंची।

गा?ी अड्डा-निकास चौराहा, बंबई वाले की धर्मशाला-दानी गेट मार्ग 18 मीटर, गुदरी चौराहा से पानदरीबा - हरसिद्धि पाल 15 मीटर चौडा होगा...

तीन और मार्गों का चौड़ीकरण कार्य हुए प्रारंभ

अधिकारियों ने स्थल पर पहुंचकर कार्यों की प्रगति देखी,तेजी लाने की हिदायत

दैनिक अवन्तिका ›› उज्जैन



शहर में मार्गों के चौडीकरण में तीन और मार्ग पर कार्य शुरू कर दिए गए हैं। इसी क्रम में गाड़ी अड्डा से निकास चौराहा, बंबई वाले की धर्मशाला से दानी गेट तथा गुदरी चौराहा से पानदरीबा होते हुए हरसिद्धि पाल तक मार्ग चौड़ीकरण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। क्षेत्रीय रहवासी स्वयं अपने मकान हाथों से तोडने का काम करते हुए नवनिर्माण में लगे हैं।

मार्ग चौड़ीकरण कार्य में क्षेत्र के रहवासियों द्वारा सकारात्मक सहयोग किया जा रहा है। रहवासी स्वयं अपने मकानों एवं प्रतिष्ठानों के चिन्हित प्रभावित हिस्सों को हटाने की कार्रवाई कर रहे हैं, जिससे चौड़ीकरण कार्य को गति मिल रही है। निगम आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि रहवासियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य को शीघ्रता से आगे बढ़ाया जाए। निगम आयुक्त श्री मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि चौड़ीकरण कार्य के दौरान सीवरेज, नाली निर्माण एवं अन्य आवश्यक कार्यों को चरणबद्ध तरीके से पूर्ण करते हुए निर्धारित अवधि में मार्गों को व्यवस्थित रूप से तैयार किया जाए।

कौन सा मार्ग कितना चौडा होगा- गाड़ी अड्डा-निकास चौराहा मार्ग - लगभग 1 किलोमीटर लंबे मार्ग को 18 मीटर चौड़ा किया जाना है। मार्ग पर रहवासियों द्वारा चिन्हित प्रभावित हिस्सों को स्वयं हटाने की कार्रवाई की जा रही है। नगर निगम द्वारा नाली निर्माण का कार्य भी प्रचलित है।

बंबई वाले की धर्मशाला- दानी गेट मार्ग- लगभग 470 मीटर लंबे मार्ग को 18 मीटर चौड़ा किया जाना है। यहां भी क्षेत्रवासियों द्वारा सहयोग करते हुए अपने मकानों के चिन्हित हिस्से स्वयं हटाए जा रहे हैं, जिससे मार्ग चौड़ीकरण कार्य को आगे बढ़ाने में सुविधा मिल रही है।

गुदरी चौराहा-पानदरीबा - हरसिद्धि पाल मार्ग -लगभग 570 मीटर लंबे मार्ग को 15 मीटर चौ?ा किया जाना है। इस मार्ग का धार्मिक एवं यातायात की दृष्टि से विशेष महत्व है। यह मार्ग बाबा महाकाल की सवारी के साथ-साथ सिंहस्थ की पेशवाई के प्रमुख मार्गों में शामिल है।

अधिकारी पहुंचे स्थल पर- सोमवार को निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा अधिकारियों के साथ इन मार्गों का स्थल निरीक्षण किया। आयुक्त द्वारा संबंधित अधिकारियों को कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने तथा सभी आवश्यक कार्यों को आपसी समन्वय के साथ तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने मार्गों पर सीवरेज कार्य, नाली निर्माण सहित अन्य आवश्यक अधोसंरचनात्मक कार्यों को भी प्राथमिकता से पूर्ण करने को कहा। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त संतोष टैगोर, कार्यपालन यंत्री हिमांशु तिवारी, भवन अधिकारी राजकुमार राठौर, भवन निरीक्षक सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

मनाया जाएगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अंतर्गत जिले में 06 अक्टूबर 2026 को बच्चों एवं किशोर-किशोरियों को कृमि नाशक दवा खिलाने का अभियान आयोजित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत जिला गुना में लक्षित बच्चों एवं किशोर-किशोरियों को कृमि नाशक दवा का सेवन कराया जाना है।जिले में अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करने के लिए शासकीय, अशासकीय/निजी, अर्द्धशासकीय विद्यालयों, छात्रावासों, मदरसों तथा आंगनवाड़ी केन्द्रों को अभियान से जोड़ा गया है।

पेंशन प्रकरणों के समय पर निराकरण पर जोर

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में सोमवार को समय सीमा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर ने निर्माण विभागों के कार्यपालन यंत्रियों को अपने-अपने विभाग के निर्माणाधीन कार्यों की नियमित फील्ड विजिट एवं निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी फील्ड में जाकर कार्यों की वास्तविक स्थिति देखें, मौके पर आने वाली समस्याओं का समाधान करें।

जमीन विवाद में व्यक्ति की मृत्यु के मामले में पुलिस की त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही

गुना। सिरसी थाना क्षेत्र के ग्राम चिडरऊ अमरपुरा में जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक व्यक्ति की मृत्यु के मामले में वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में तत्परता से कार्यवाही करते हुए महज 24 घंटे के भीतर चार थानों की पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है।

उल्लेखनीय है कि फरियादिया जागृति बाई पटेलिया निवासी ग्राम नयागांव के द्वारा दिनांक 03 अक्टूबर 2026 को सिरसी थाना पुलिस को रिपोर्ट करते हुये बताया था कि आज वह अपने परिवार की महिलाओं के साथ ग्राम चिडरऊ अमरपुरा स्थित अपने खेत में मक्के की फसल काट रही थी। उनके साथ ग्राम नयागांव निवासी पिस्सम यादव, उसकी पत्नी सुनीता यादव एवं रुकमणी यादव भी मजदूरी का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान ग्राम सालौदा निवासी गजानंद धाकड़, उसके पुत्र कमल सिंह एवं धनराज, भानेज लोटू तथा कुछ अन्य व्यक्ति वहां पहुंचे और पूर्व से चले आ रहे जमीन विवाद को लेकर विवाद करने लगे। जिनके द्वारा गाली-गलौज करने के साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया गया। विवाद बढ़ने पर खेत में मजदूरी कर रहे पिस्सम यादव के साथ मारपीट की गई । फरियादिया एवं पिस्सम यादव की पत्नी सुनीता यादव द्वारा बीच-बचाव करने पर उनके साथ भी मारपीट की गई । मारपीट के दौरान पिस्सम यादव गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही बेहोश हो गया, इस घटना की सूचना डायल-112 पर दी गई । डायल-112 वाहन के मौके पर पहुंचने के बाद घायलों को उपचार हेतु शासकीय अस्पताल मारकीमऊ ले जाया गया, जहां चिकित्सक द्वारा पिस्सम यादव को मृत घोषित कर दिया गया। फरियादिया की रिपोर्ट पर आरोपीगण गजानंद धाकड़, कमल सिंह धाकड़, धनराज धाकड़, लोटू धाकड़ एवं अन्य अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध सिरसी थाने में अपराध क्रमांक 70/26, धारा 296(बी), 115(2), 351(3), 3(5), 103(1) बीएनएस एवं एससी/एसटी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल द्वारा आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु एसडीओपी गुना विवेक अष्ठाना के नेतृत्व में पुलिस की विशेष टीमें गठित कर सक्रिय की गईं। पुलिस टीमों द्वारा आरोपियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी गई तथा सघन तलाश एवं पतारसी की गई ।

सामाजिक न्याय के साथ आर्थिक न्याय- लोकतंत्र का आधार, देश की नींव ...

टैक्स देते समय हिंदूस्तानी, वोट देते समय जाति-धर्म और योजनाओं में वर्ग- आखिर हमारी पहचान क्या है?

सामाजिक न्याय के साथ वास्तविक जरूरतमंदों को अवसर मिले, व्यवस्था का लाभ पात्र तक पहुंचे और सक्षम समाज अपनी जिम्मेदारी निभाए-वर्षा मेहता

दैनिक अवन्तिका ›› नागद

लोकतंत्र केवल मतदान का अधिकार या सरकारी सुविधाएं प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह अधिकारों के साथ कर्तव्यों, समानता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी सिखाता है। ऐसे में समाज के सामने एक गंभीर आत्ममंथन का प्रश्न है—क्या हमारी पहचान परिस्थितियों के अनुसार बदलती है?

कर और टैक्स चुकाते समय हम सबसे पहले भारतीय नागरिक होते हैं। चुनाव के समय हमारी जातीय, सामाजिक अथवा धार्मिक पहचान कई बार प्रमुख हो जाती है और सरकारी योजनाओं, आरक्षण अथवा अन्य सुविधाओं का लाभ लेते समय हम अपनी पात्रता और वर्ग के आधार पर अधिकार की बात करते हैं। यह विरोधाभास किसी एक व्यक्ति या समाज तक सीमित नहीं है, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में नागरिक चेतना से जुड़ा व्यापक विषय है।

सामाजिक न्याय जरूरी, लेकिन पात्रता और पारदर्शिता भी जरूरी -उच्च शिक्षा के क्षेत्र में यूजीसी सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का उद्देश्य शिक्षा के अवसरों को व्यापक बनाना और विद्यार्थियों को आगे बढ़ने का अवसर देना है। सामाजिक न्याय की नीतियों का उद्देश्य उन वर्गों को अवसर उपलब्ध कराना है, जो ऐतिहासिक रूप से शिक्षा और विकास के समान अवसरों से वंचित रहे हैं। ऐसे प्रयासों का सम्मान करते हुए यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि सरकारी योजनाओं, छात्रवृत्तियों और सुविधाओं का लाभ वास्तविक पात्र एवं जरूरतमंद व्यक्ति तक पारदर्शी तरीके से पहुंचे।

सामाजिक न्याय का अर्थ किसी एक वर्ग को दूसरे के विरुद्ध खड़ा करना नहीं, बल्कि ऐसी व्यवस्था तैयार करना है जिसमें ऐतिहासिक वंचना को दूर करने के साथ आर्थिक रूप से कमजोर और वास्तविक जरूरतमंद व्यक्ति को भी आगे बढ़ने का उचित अवसर मिले।

सवर्ण समाज भी समझे अपनी सामाजिक जिम्मेदारी- इस विषय पर केवल सरकार और व्यवस्था से सवाल करना पर्याप्त नहीं है। सवर्ण समाज के सक्षम परिवारों को भी आत्ममंथन करते हुए अपनी सामाजिक जिम्मेदारी समझनी होगी। यदि किसी परिवार के पास शिक्षा, संसाधन और अवसर उपलब्ध हैं, तो उसकी जिम्मेदारी केवल अपने अधिकारों की मांग तक सीमित नहीं रहनी चाहिए।



आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों की पढ़ाई, पुस्तकों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, मार्गदर्शन और रोजगारपरक प्रशिक्षण में सहयोग किया जाए तो यह सामाजिक समरसता की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान होगा। किसी जरूरतमंद बच्चे को आगे बढ़ने का अवसर देना भी समाजसेवा और राष्ट्र निर्माण है।

अधिकार के साथ कर्तव्य भी जरूरी- सरकार से शिक्षा, रोजगार, योजनाओं और सुविधाओं की अपेक्षा करना हमारा अधिकार है, लेकिन राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना भी हमारा कर्तव्य है। इसी प्रकार मतदान करते समय जाति, धर्म या व्यक्तिगत हित से आगे बढ़कर नीति, योग्यता, जनहित और विकास को प्राथमिकता देना लोकतंत्र को अधिक मजबूत बना सकता है।

आज आवश्यकता किसी वर्ग को कटघरे में खड़ा करने की नहीं, बल्कि हर वर्ग को अपनी जिम्मेदारी समझने की है। सरकार व्यवस्था को पारदर्शी और न्यायपूर्ण बनाए, पात्र व्यक्ति ईमानदारी से उसका लाभ ले और समाज के सक्षम लोग जरूरतमंदों का हाथ थामें—यही वास्तविक सामाजिक समरसता का रास्ता है।

हमारी पहचान अलग-अलग हो सकती है, लेकिन राष्ट्र के प्रति हमारी जिम्मेदारी समान है। टैक्स देते समय हम भारतीय हैं, मतदान करते समय हमें विवेकशील नागरिक होना चाहिए और योजनाओं का लाभ लेते समय पात्रता तथा जरूरत को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए।

लोकतंत्र तभी मजबूत होगा, जब अधिकारों के साथ कर्तव्य, सामाजिक न्याय के साथ आर्थिक न्याय और व्यक्तिगत पहचान के साथ राष्ट्रहित को समान महत्व दिया जाएगा।

वर्षा मेहता
अध्यक्ष, महिला मंडल
श्री राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी, मध्यप्रदेश, नागदा
पूर्व प्राध्यापक समाजशास्त्र

अग्रोहा महिला विकास ट्रस्ट का डीजे गरबा नाईट और फैशन शो आज

उज्जैन। अग्रोहा महिला विकास ट्रस्ट द्वारा शहर में डीजे गरबा नाईट और फैशन शो का भव्य आयोजन आज 6 अक्टूबर को शाम 7 बजे से किया जाएगा। यह रंगारंग कार्यक्रम मंगलनाथ रोड स्थित सुरभि गार्डन में आयोजित होगा। इस महोत्सव में गरबा प्रतियोगिता के साथ-साथ फैशन शो आकर्षण का मुख्य केंद्र रहेगा। कार्यक्रम में ग्रुप गरबा प्रतियोगिता आयोजित होगी, जिसमें 6 से 10 प्रतिभागियों का ग्रुप हिस्सा ले सकेगा। ग्रुप गरबा के कुल दो राउंड होंगे। वहीं, गरबा फैशन शो तीन राउंड में संपन्न होगा। शानदार प्रदर्शन करने वाले प्रतियोगियों के लिए प्रथम पुरस्कार 2100 रुपये और द्वितीय पुरस्कार 1100 रुपये रखा गया है। इसके साथ ही हिस्सा लेने वाले प्रत्येक ग्रुप को प्रोत्साहन पुरस्कार भी दिया जाएगा। आयोजन में मुख्य प्रतियोगिताओं के अलावा अन्य कई विशेष आकर्षण भी शामिल किए गए हैं। इनमें बेस्ट कपल गरबा, बेस्ट सास-बहू गरबा, बेस्ट प्रिंस और बेस्ट प्रिंसेस का चयन किया जाएगा। प्रतियोगियों के लिए गरबा ड्रेस पहनना अनिवार्य किया गया है। कार्यक्रम स्थल पर दर्शकों और प्रतिभागियों के लिए स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल भी उपलब्ध रहेंगे। आयोजन समिति के अनुसार प्रतियोगिता के संबंध में निर्णायकों का निर्णय ही अंतिम मान्य होगा। अग्रोहा महिला विकास ट्रस्ट की अध्यक्ष संगीता अग्रवाल और सचिव शीला अग्रवाल के नेतृत्व में इस कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए सरोज अग्रवाल, तृप्ति मित्तल, हेमलता गुप्ता और अनिता गोयल को संयोजक बनाया गया है।

जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आई.डी.एफसी. फर्स्ट बैंक, पता - प्रथम मंजिल भवन क्रमांक 91 (पुराना क्रमांक 71) आई.बी.आई बैंक के पास, जवाहर मार्ग, इंदौर की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि पुराना भूखण्ड क्रमांक 13 नया भूखण्ड क्रमांक 212 स्थित वजीर पार्क कॉलोनी, हरिफाटक नानाखेड़ा रिंग रोड़ उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुलक्षेत्रफल 123.71 वर्गमीटर है। जिसकी चर्तुसीमा पूर्व में- भवन शाहिद भाई टायर वाले का, पश्चिम मे- रोड़, उत्तर- भवन क्रमांक 211 एवं दक्षिण में- भवन क्रमांक 213 स्थित है। उक्त संपत्ति अब्दुल रजाक पिता इस्माइल खान, एवं रेहान बी पति अब्दुल रजाक खान एवं शाहरूख खन व सोयब खान पुत्रगण अब्दुल रजाक खान ने इसके पूर्वस्वामी खलीक मंसुरी व सहमतिदातागण रानी पति नोशाद खान, इकरार खान पिता फैजान खान एवं जोया खान पति सलमान से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी432022023ए12194463 दिनांक 27/07/2023 के माध्यम से क्रय कि। एवं रेहाना सुल्तान कि मृत्यु दिनांक 31/08/2025 को हो जाने के पश्चात उक्त संपत्ति के स्वामी अब्दुल रजाक खान व शाहरूख खान एवं सोयब खान हुये । तथा सोयब खान आदि ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आई.डी.एफसी.फर्स्ट बैंक लिमिटेड, में आवेदन किया है तथा आई.डी.एफसी. फर्स्ट बैंक लिमिटेड, उक्त सम्पत्ति को बंधक कर ऋण प्रदान करने जा रहे है अत: सूचित किया जाता हैं कि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी व्यक्ति का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर आई.डी.एफ.सी. फर्स्ट बैंक लिमिटेड द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार आई.डी.एफसी. फर्स्ट बैंक लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। दिनांक 05/10/2026

तेजपाल परिहार एडवोकेट
ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3
तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर
चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन मो. 9301860352

जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आर.बी.एल.बैंक लिमिटेड पता- 26 बख्तावर मार्ग, फ्रिगंज उज्जैन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन क्रमांक 81 का पूर्व दिशा का भाग स्थित परवाना नगर एक्सटेंशन कॉलोनी सावेंर रोड़ उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुल क्षैत्रफल 44.61 वर्गमीटर। जिसकी चर्तुसीमा पूर्व में- नंदकिशोर सेन का मकान, पश्चिम मे- एच.के. गुरूनानी का मकान, उत्तर मे- नाली एवं दक्षिण मे- रोड़ परवाना नगर का स्थित है। उक्त सम्पत्ति विजय पिता राधाकिशन मुलचंदानी एवं पुनम मुलचंदानी पति विजय मुलचंदानी ने इसके पूर्वस्वामी लक्ष्मीनारायण सोनी से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 458 दिनांक 01/05/2008 के माध्यम से क्रय कि। एवं पुनम मुलचंदानी का स्वर्गवास दिनांक 12/02/2025 को हो जाने के पश्चात उक्त संपत्ति के स्वामी विजय मुलचंदानी एवं दिशा मुलचंदानी पुत्री विजय मुलचंदानी हुये। तथा उक्त संपत्ति विजय मुलंचदानी एवं दिशा मुलचंदानी ने विक्रय करने का अनुबधं रणजीत बिश्वास पिता अखिल बिश्वास से किया है तथा रणजीत बिश्वास ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु आर.बी.एल.बैंक लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया हैं तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति को बंधक करने जा रहे है अत: सूचित किया जाता हैं कि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी व्यक्ति का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर आर.बी.एल.बैंक लिमिटेड द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार आर.बी.एल.बैंक लिमिटेड उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। दिनांक 05/10/2026

तेजपाल परिहार एडवोकेट
ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3
तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर
चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन मो. 9301860352

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार के द्वारा राहुलसिंह पिता श्री मेहरबान सिंह, निवासी- ग्राम धुरेरी तहसील बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 449 रकबा 0.1300 हैक्टेयर, सर्वे क्रमांक 451 रकबा 0.66 हैक्टेयर, सर्वे क्रमांक 452 रकबा 0.12 हैक्टेयर, सर्वे क्र. 453 रकबा 0.12 हैक्टेयर, सर्वे क्रमांक 455 रकबा 0.25 हैक्टेयर, सर्वे क्रमांक 464 रकबा 0.43 हैक्टेयर, सर्वे क्रमांक 465 रकबा 0.60 हैक्टेयर, सर्वे क्रमांक 467 रकबा 0.28 हैक्टेयर, सर्वे क्रमांक 469 रकबा 0.10 हैक्टेयर, सर्वे क्रमांक 470 रकबा 0.13 हैक्टेयर, सर्वे क्रमांक 471 रकबा 0.01 हैक्टेयर कुल किता 11, कुल रकबा 2.83 हैक्टेयर स्थित ग्राम बेड़ावन्या तहसील खाचरौद जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित कृषि भूमि का क्रय करने का सौदा किया गया है। उक्त क्रय सौदे के लिये बयाना पेटे राशि भी मेरे पक्षकार द्वारा अदा की जा चुकी है, केवल मात्र विक्रय पत्र का सम्पादन होना शेष रह गया है। अगर किसी व्यक्ति, संस्थान, बैंक, पेढ़ी एवं अन्य किसी वित्तीय संस्थान को उक्त क्रय सौदे पर आपत्ति है तो मेरे कार्यालय में जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस की अवधि में मय् प्रमाणन स्वरूप दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें, उक्त अवधि समाप्ति के पश्चात उक्त क्रय सौदे से संबंधित की गई आपत्ति मान्य नहीं होगी और मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रय पत्र का सम्पादन करवा लिया जावेगा। सो सूचित हो। इति, दिनांक 05/10/2026

शिवम् मिश्रा उच्च न्यायालय अधिवक्ता
कार्यालय - एल.आई.जी. डी-14/18, क्षिप्रा विहार
कॉलोनी, उज्जैन (म.प्र.)

न्यूज-कॉलम

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, चालक फरार

मंदसौर। जिले के मल्हारगढ़ क्षेत्र अंतर्गत बूढ़ा-टकरावद मार्ग पर गर्रावद फंटे के पास सोमवार को हुए सड़क हादसे में बाइक सवार लालसिंह पिता ईश्वर सिंह, निवासी खेड़ा काल्याखेड़ी की मौत हो गई।जानकारी अनुसार घटना के बाद घायल लालसिंह काफी देर तक सड़क किनारे पड़े रहे, जिन्हें बाद में एक राहगीर की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि किसी चार पहिया वाहन चालक ने बाइक को टक्कर मारी और घायल को तड़पता छोड़कर अपनी गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। परिजनों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालकर आरोपी वाहन और उसके चालक की पहचान की जाए। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

अपेक्स बैंक प्रशासक महेंद्र सिंह यादव का आज मंदसौर दौरा

मंदसौर। मध्य प्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक) भोपाल के प्रशासक महेंद्र सिंह यादव 6 अक्टूबर को मंदसौर जिले के प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रशासक श्री यादव सोमवार शाम को ही मंदसौर पहुंच चुके हैं। अपने प्रवास के दौरान वे मंगलवार को कृषि उपज मंडी में आयोजित होने वाले बलराम कृषि महोत्सव में सहभागिता करेंगे। इसके अतिरिक्त, श्री यादव सुबह 10.30 बजे जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के प्रधान कार्यालय में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक लेंगे। इस बैठक में जिले की सभी 35 शाखाओं के शाखा प्रबंधक और फील्ड अधिकारी उपस्थित रहेंगे, जहां बैंक की गतिविधियों और प्रगति की समीक्षा की जाएगी। अपने दौरे के दौरान वे बैंक से संबद्ध प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों धुंधड़का और कचनारा का भ्रमण भी करेंगे।

कॉलेज में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए नि:शुल्क कक्षाएं शुरू

मंदसौर। पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी कराने के उद्देश्य से विशेष मार्गदर्शन कक्षाओं का शुभारंभ किया गया। प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे के मार्गदर्शन में शुरू हुई इन कक्षाओं के उद्घाटन अवसर पर कार्यक्रम संयोजक डॉ. बी.आर. स्वामी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए नियमित अध्ययन, अनुशासन, समय प्रबंधन और निरंतर अभ्यास ही सफलता की कुंजी है।प्रथम दिवस की कक्षा में भूगोल विभाग के प्राध्यापक डॉ. लखन जैन ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के पैटर्न, पाठ्यक्रम, महत्वपूर्ण विषयों और तैयारी की सटीक रणनीति के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कॉलेज प्रशासन के अनुसार, इन विशेष कक्षाओं का संचालन प्रत्येक सप्ताह सोमवार से शुक्रवार तक दोपहर 2 से 2.40 बजे तक कक्ष क्रमांक 206 में किया जाएगा। कक्षाओं में भाग लेने के लिए विद्यार्थियों का पंजीयन अनिवार्य रखा गया है, जिसके लिए गूगल फॉर्म उपलब्ध कराया गया है।

दो बाइक की भिडंत में एक व्यक्ति की मौत

नीमच । शहर के ग्वालटोली क्षेत्र में रविवार को दो बाइकों की भिड़ंत में 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। हादसा ग्वालटोली स्थित बालाजी मंदिर के सामने हुआ। मृतक की पहचान ग्राम- बामनिया निवासी कारूलाल भील के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार कारूलाल भील बाइक से किरत नमा कराने के लिए नीमच आया था। इसी दौरान बालाजी मंदिर के सामने उसकी बाइक की सामने से आ रही दूसरी बाइक से भिड़ंत व हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कारूलाल गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद उसे तत्काल जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर परिजन भी जिला चिकित्सालय पहुंचे। रविवार सुबह पुलिस ने जिला चिकित्सालय में मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

हाईवे के किनारे ढाबों व रेस्टोरेन्टस पर थानों, अस्पतालों व एम्बुलेंस के नंबर प्रदर्शित किए जाए-संभागायुक्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



संभागीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में संभागायुक्त श्री आशीष सिंह ने निर्देश दिए कि संभाग के जिलों में जहां-जहां भी ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं, वहां पर हाईवे के किनारे के ढाबों और रेस्टोरेंटों पर हॉस्पिटल, एंबुलेंस व थानों के नंबर की लिस्ट बनाकर प्रदर्शित की जाए। साथ ही ढाबों व रेस्टोरेंट पर कार्यरत कर्मचारियों को इस बात का प्रशिक्षण भी दिया जाए कि दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को किस तरह निकट के अस्पताल तक सुरक्षित पहुंचाया जाए। आवश्यकता हो तो ऐसे कर्मचारियों के समूह को डॉक्टर्स एवं पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा प्रशिक्षण दिलवाया जाना चाहिए। आपात स्थिति में सीपीआर किस तरह से दी जानी चाहिए, इसकी भी प्रॉपर ट्रेनिंग होनी चाहिए।

संभागीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आज प्रशासनिक संकुल भवन के द्वितीय तल स्थित कलेक्टर सभागृह में संभागायुक्त श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में एडीजी श्री राकेश गुप्ता, डीआईजी श्री नवनीत भसीन, सभी जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, नगर निगम आयुक्त एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में संभागायुक्त श्री आशीष सिंह ने कहा कि ऐसे धार्मिक व सामाजिक स्थलों के पास बनी हुई रपटें, जिन पर बाढ़ का पानी चढ़ जाता है और वहां नलखेड़ा की तरह दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है, तो एसी जगहों पर बड़े पुल बनाने का प्रस्ताव बनाकर जिले से भेजा जाए। ऐसे स्थानों पर सर्वोच्च प्राथमिकता से ब्रिज बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा।

संभागायुक्त ने राष्ट्रीय राजमार्गों एवं एमपीआरडीसी की सड़कों पर बने हुए अवैधानिक कट पॉइंट को बंद करने के निर्देश दिए। उन्होंने इंजीनियर्स को निर्देश दिए कि यदि ढाबों, पेट्रोल पंपों आदि के सामने अवैधानिक कट बनाए जाते हैं तो संबंधित इंजीनियर के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। संभागायुक्त ने कहा कि जहां भी कट पॉइंट है, वहां पर प्रॉपर साइनेज व नियमानुसार स्पीड ब्रेकर या रंबल स्ट्रिप लगाई जाना चाहिए। पेट्रोल पंप व ढाबों के लिए कट देने की आवश्यकता नहीं है। संभागायुक्त ने आवश्यक व अनावश्यक कट की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में एडीजी श्री राकेश गुप्ता ने शहर में लगने वाली सब्जी मंडियों के कारण बिगड़ी ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार करने, सड़कों पर दिखने वाले गौवंश को गौशाला में पहुंचाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही एडीजी ने कहा कि टोल नाके के आसपास सीट बेल्ट की चेकिंग की जानी चाहिए। दो पहिया वाहन चालको को हेलमेट लगाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि चेकिंग के समय यह ध्यान रखा जाए कि इससे ट्रैफिक प्रभावित न हो। श्री राकेश गुप्ता ने निर्देश दिए हैं कि एनएचएआई, एमपीआरडीसी एवं पुलिस तीनों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अपने-अपने फोर्स व एंबुलेंस के नंबर आपस में साझा करें।

सेवा संकल्प में कुकडेश्वर सहित 12 नगरीय निकायों में जल स्त्रोतों की सफाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच,



ोवा संकल्प अभियान के तहत च्सेवा मेरा योगदानज्ञ गतिविधि अंतर्गत जिले के सभी 12 नगरीय निकायों में जल संरक्षण एवं जल स्त्रोतों की स्वच्छता के लिए विशेष सफाई अभियान आयोजित किया गया। अभियान के दौरान जिले कुंडेश्वर, अठना,नीमच सहित 22 स्थानों पर कुओं, तालाबों, बावड़ियों, नदी घाट एवं अन्य जल स्त्रोतों की साफ-सफाई की गई।इसमें लोगों ने बढ़ चढ़कर स्वच्छता के लिए श्रमदान किया।

अभियान के दौरान विभिन्न नगरीय निकायों में निर्धारित जल स्त्रोतों पर सफाई कार्य किया गया। नीमच नगर पालिका क्षेत्र में नाथूलाल बावड़ी, भटनागर कुआं एवं मातादीन कुआं, जीरन नगर परिषद में शिव घाट तालाब, कुकड़ेश्वर नगर परिषद में महादेव घाट तथा मनासा नगर पालिका में राम तलई तालाब की सफाई की गई।

इसी प्रकार सिंगोली नगर परिषद में फिल्टर प्लांट, रतनगढ़ नगर परिषद में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, जावद नगर पालिका में सांवलिया डेम एवं खोर दरवाजा बावड़ी, नयागांव नगर परिषद में ढाबा माता मंदिर बावड़ी एवं पीपलेश्वर बावड़ी तथा अठाना नगर परिषद में विभिन्न जल स्त्रोतों, गंभीर नदी घाट एवं बावड़ी की सफाई की गई।

रामपुरा नगर पालिका क्षेत्र में पातोशा बावड़ी एवं श्रीपुरा चौपड़ा तथा सरवानिया महाराज नगर परिषद में वार्ड क्रमांक-3 स्थित तलई में भी सफाई अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान संबंधित नगरीय निकायों के नगर पालिका नगर परिषद अध्यक्ष, पार्षदगण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, अधिकारी-कर्मचारी एवं अन्य संबंधितजन उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय सह भागिता करते हुए जल स्त्रोतों की सफाई एवं श्रमदान किया। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित इस सामूहिक प्रयास का उद्देश्य स्वच्छता, जल संरक्षण, जल स्त्रोतों की साफ-सफाई एवं जनभागीदारी को बढ़ावा देना है।



सफाई व्यवस्था बिगड़ी, नपा कर्मचारियों ने शुरू किया काम बंद आंदोलन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

अपनी 15 सूत्रीय मांगों को लेकर गांधी चौराहे पर प्रदर्शन कर रहे नगर पालिका कर्मचारियों का आंदोलन सोमवार काम बंद आंदोलन के रूप मं परिवर्तित हो गया। 19 सितंबर से चरणबद्ध आंदोलन कर रहे कर्मचारियों ने 26 सितंबर से शुरू की गई भूख हड़ताल के बाद अब पूर्णतः च्काम बंदज्ञ हड़ताल का ऐलान कर दिया है। कर्मचारियों का कहना है कि पिछले दो वर्षों से लगातार ज्ञापन देने के बावजूद शासन और प्रशासन द्वारा उनकी समस्याओं का कोई ठोस समाधान नहीं निकाला गया है।

संयुक्त मोर्चे के बैनर तले जारी इस आंदोलन में कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में 15 से 20 वर्षों से कार्यरत दैनिक वेतनभोगियों का स्थायीकरण, अनुकंपा नियुक्ति और हर महीने की 1 से 7 तारीख के बीच नियमित वेतन भुगतान शामिल है। कर्मचारियों ने आउटसोर्सिंग और ठेका पद्धति का विरोध करते हुए शहर के विस्तार को देखते हुए 100 पुरुष एवं 100 महिला सफाई कर्मचारियों की नई भर्ती की मांग की है। इसके अलावा 8 घंटे से अधिक काम का भत्ता, ईपीएफ व वेतन पर्ची की उपलब्धता, और मांग पत्र सौंपने पर उत्पीड़नात्मक नोटिस न देने जैसी मांगें शामिल हैं। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं, काम बंद आंदोलन जारी रहेगा।

बलराम कृषि महोत्सव पर आज मंडी परिसर में जुटेंगे जिलेभर के किसान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

जिले में कृषि और संबंधित गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज मंगलवार, 6 अक्टूबर को स्थानीय कृषि उपज मंडी परिसर में दोपहर 12 बजे से बलराम कृषि महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।कलेक्टर श्री दिव्यांक सिंह के निर्देशन में आयोजित होने वाले इस विशाल महोत्सव की तैयारियों को लेकर सोमवार को जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन की अध्यक्षता में अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर द्वारा विभिन्न विभागों को सौंपी गई जिम्मेदारियों की प्रगति की समीक्षा की गई और सभी अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने के कड़े निर्देश दिए गए। आयोजन स्थल पर कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन सहित संबंधित विभागों, खाद-बीज विक्रेताओं और कृषि यंत्र डीलरों के समन्वय से प्रदर्शनी व विभिन्न स्टॉल लगाए जाएंगे। बैठक के दौरान सीईओ श्री जैन ने कृषक प्रशिक्षण, तकनीकी सत्र, कंट्रोल रूम, पेयजल, विद्युत, चिकित्सा, सफाई, मंच व्यवस्था और किसानों को लाने-ले जाने के लिए परिवहन व्यवस्था के संबंध में बिंदुवार दिशा-निर्देश दिए। इस महोत्सव के सफल संचालन के लिए एसडीएम शुभम पाटीदार को नोडल अधिकारी तथा मंडी सचिव लक्ष्मी सिंह ठाकुर को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया।

पेंशनर नागरिक महासंघ की मासिक बैठक संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलिया मंडी

5 अक्टूर को पेंशनर नागरिक महासंघ की मासिक बैठक गांधी चौराहा स्थित कार्यालय पर आयोजित की गई।बैठक का शुभारंभ माता सरस्वती तथा भारत माता के चित्र पर पुष्प माला चढ़ा कर स्तुति के साथ किया गया।

बैठक के सभापति के रूप में सर्वानुमति से श्री रतनलाल नागरिया के आतिथ्य में तथा पिपलिया मंडी इकाई के अध्यक्ष पंकज शर्मा तरुण की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में सर्व प्रथम उपाध्यक्ष श्री हरिसिंह यादव द्वारा संगठन गीत कोरस रूप में गाया गया ।इसके पश्चात 4 अक्टूबर को आयोजित नगरपालिका सभा भवन मदसौर में आयोजित वार्षिक स्थापना दिवस एवं वरिष्ठ पेंशनर्स के सम्मान समारोह की पूर्ण जानकारी प्रस्तुत की गई।सम्मान समारोह में पिपलिया



मंडी इकाई के पांच वरिष्ठों श्री अंबालाल कारपेंटर,श्री रतनलाल नागरिया, श्री शांतिलाल डोषी ,श्री शंकर सिंह सोलंकी एवं श्री गोवर्धन लाल वर्मा के अस्सी एवं पिच्चासी वर्ष पूर्ण होने पर शॉल पुष्प माला एवं प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया । श्री नागरिया जी एवं श्री डोशी के अस्वस्थता के कारण पिपलिया कार्यालय पर एवं डोशी जी के निवास पर पहुंच कर प्रतीक चिन्ह शॉल से सम्मानित किया गया।आज की बैठक में निम्न पेंशनर्स उपस्थित रहे श्री अमृत लाल जैन,श्री श्यामलाल बोराना कन्हैयालाल कारपेंटर,श्री अंबालाल कारपेंटर,श्री हुकमी चंद कनेरिया,श्री भंवर सैनी फौजी,श्री राधेश्याम सैनी, श्री रामचंद्र आर्य ,श्री धर्मेंद्र गौड़ बगदीराम धनोतिया, श्री राम गुप्ता ,श्री राजेंद्र कैथवास,श्री भंवर सिंह चौहान,श्री शंकरलाल झरिया,श्री राधेश्याम सैनी, श्री के सी टेलर उपस्थित रहे।

जीवित पट्टा नामांतरण आपसी सहमति से किये जाय-सिसोदिया

मल्हारगढ़।अफीम नीति देरी जल्दी घोषित करने की मांग एवं अफीम उत्पादक किसानों की अन्य समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर सोमवार को प्रदेश कांग्रेस के सचिव परशुराम सिसोदिया की अगुवाई में कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल



शर्मा,जनपद सदस्य श्यामलाल मालवीय चावली,कांग्रेसनेता दिनेश गुप्ता काचरिया,अनिल मुलासिया,राजू गुर्जर झावल,हरसोल के पूर्व सरपंच राजमल टेलर आदि जिला अफीम अधिकारी अतनु चटर्जी जी से मिले एवं एक ज्ञापन सोपा।ज्ञापन में लिखा कि विभाग द्वारा किसानों के लिए अफीम नीति का निर्धारण नही किये जाने से अफीम उत्पादक किसानों की परेशानियां लगातार बढ़ रही है। 1 अक्टूम्बर से 10 अक्टूम्बर के बीच अफीम पोस्त बुआई होने से मौसम की अनुकूलता मिलने से उत्पादन भी अच्छा होता है,इसके विपरीत अफीम नीति में देरी की वजह से फसल रोगग्रस्त होगी एवं उत्पादन पर भी असर पड़ेगा।

न्यूज कालम



उत्कृष्ट विद्यालय में करियर काउंसलिंग कार्यशाला आयोजित

मंदसौर। शा. उत्कृष्ट विद्यालय मंदसौर में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत एक विशेष करियर काउंसलिंग कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य श्री के.सी. सोलंकी के निर्देशन में आयोजित इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विकसित भारत की संकल्पना के तहत विद्यार्थियों को विभिन्न सेवा गतिविधियों, शैक्षणिक विकल्पों और भविष्य में रोजगार के उभरते अवसरों से अवगत कराना रहा। कार्यशाला में कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को उनकी रुचि, क्षमता और योग्यता के अनुसार सही स्ट्रीम चुनने तथा मेडिकल व अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों (कोर्सों) के चयन पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। इसके साथ ही मीडिया और जनसंचार के क्षेत्र में उभरते हुए करियर विकल्पों की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के दौरान विषय विशेषज्ञों और शिक्षकों ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। मार्गदर्शन देने वालों में उच्च माध्यमिक शिक्षक हरीश परिहार, अनिल जैन, अमजद वारसी और करियर काउंसलिंग प्रभारी सुरभि शर्मा शामिल रहे।

वरिष्ठ अधिवक्ता कांतिलाल राठौर को मिला मध्यप्रदेश गौरव सम्मान



मंदसौर। विधिक क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं, निर्भीक न्याय प्रणाली और समाज सेवा के लिए मंदसौर के वरिष्ठ अधिवक्ता व पूर्व लोक अभियोजक साहू कांतिलाल राठौर को प्रतिष्ठित मध्यप्रदेश गौरव सम्मान से अलंकृत किया गया है। प्रेस क्लब वेलफेयर वर्ल्ड वाइड फाउंडेशन नई दिल्ली द्वारा भोपाल के सरदार वल्लभभाई पटेल पॉलिटेक्निक कॉलेज सभागार में आयोजित भारत अवार्ड समारोह-2026 के दौरान यह सम्मान प्रदान किया गया। सम्मान-प्रेरणा-परिवर्तन थीम पर आयोजित इस राज्य स्तरीय समारोह में मध्य प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) सुभाष चंद्र त्रिपाठी ने श्री राठौर को उनकी निष्ठावान जनसेवा और विधिक योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया।

श्री पोरवाल कुटुंब सहायक संस्था की कमान रमेशचंद्र सेठिया के हाथों में

मंदसौर। श्री पोरवाल कुटुंब सहायक संस्था मंदसौर की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को संस्था कार्यालय में संपन्न हुई, जिसमें संस्था के सुचारू संचालन और सामाजिक हित के कार्यों को गति देने पर गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान निवर्तमान अध्यक्ष शंकरलाल गुप्ता (भानपुरा) ने संस्था संचालन में आ रही व्यावहारिक समस्याओं को सदन के सामने रखते हुए अध्यक्ष पद से असमर्थता व्यक्त की। इसके पश्चात कार्यकारिणी सदस्यों ने सर्वसम्मति से पूर्व अध्यक्ष रमेशचंद्र सेठिया के अनुभवों को देखते हुए उन्हें पुनः अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया। बैठक में सर्वसम्मति से श्री रामगोपाल महाजन को मानसेवी सचिव का दायित्व सौंपा गया। इसके साथ ही प्रांतीय स्तर पर संस्था के विस्तार और सभी क्षेत्रों के प्रतिनिधित्व के लिए विभिन्न शहरों से गणमान्य सदस्यों को कार्यकारिणी में स्थान दिया। संस्था के कार्यालय सचिव के रूप में गोविंद मांदलिया की नियुक्ति की गई। इस दौरान कार्यकारिणी ने समाज हित से जुड़े 70 सहायता प्रकरणों पर उनके भुगतान की स्वीकृति प्रदान की।



जादूगर ढोंढूराम ने स्कूली बच्चों को नशा मुक्ति के प्रति किया जागरूक

नीमच। स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत ग्राम सरवानिया महाराज स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय परिसर में तारापुर निवासी प्रसिद्ध जादूगर ढोंढूराम ने उपस्थित स्कूली बच्चों को अपनी कला और विचारों के माध्यम से समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान जादूगर ढोंढूराम ने अपनी बेहतरीन मोनो एक्टिंग (एकपात्रीय अभिनय) के माध्यम से बच्चों को स्वच्छता, नशामुक्ति एवं अंधविश्वास के प्रति जागरूक कर शिक्षा का महत्व समझाया। इस अवसर पर उन्होंने स्कूली बच्चों से अपील की कि वे अपने आस-पड़ोस को साफ-सुथरा रखें, क्योंकि स्वच्छता ही स्वस्थ जीवन का आधार है। इसके साथ ही उन्होंने समाज में फैली विभिन्न सामाजिक और धार्मिक कुरीतियों को दूर कर एक जागरूक और सभ्य समाज के निर्माण में सहयोग देने का संकल्प दिलाया।

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा सम्पन्न

महिदपुर। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी उज्जैन जिले के महिदपुर तहसील में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया दिनांक 3 अक्टूबर को लगभग 50 विद्यालय में 1940 विद्यार्थियों पंजीयन करवाया था जिसमें से 1900 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। सभी संस्था के प्राचार्य एवं प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक साथियों का सहयोग सराहनीय रहा। साथ ही गायत्री परिवार के परिजन सुभाष जी दुबे मनोज कुमार शर्मा बालमुकुंद सोनगरा घनश्याम शर्मा प्रदीप कुमार समाधिया रामगोपाल जोशी हेमचंद शर्मा बंशीलाल शर्मा का विशेष सहयोग रहा।

एसडीओपी जेडेन लिंगजर्पा का ग्वालियर तबादला

महिदपुर। महिदपुर में 14 माह तक एसडीओपी के पद पर कार्यरत रहे जेडेन लिंगजर्पा (आईपीएस 2023) का तबादला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्वालियर के पद पर किया गया है। उनके तबादले की खबर के बाद महिदपुरवासियों एवं पुलिस विभाग से जुड़े लोगों ने उन्हें विदाई दी। महिदपुर में अपने 14 माह के कार्यकाल के दौरान जेडेन लिंगजर्पा ने पूरी निष्ठा एवं कर्तव्यपरायणता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। उनके कार्यकाल को लेकर स्थानीय लोगों ने कहा कि उन्होंने पुलिस अधिकारी के रूप में अपने कार्य को देशभक्ति और सेवा भावना के साथ पूरी जिम्मेदारी से निभाया।

पति-पत्नी के विवाद में युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

सारंगपुर। सारंगपुर में पति-पत्नी के विवाद के बाद रविवार दोपहर करीब 1:45 पति ने बस स्टैंड के पास जहरीला पदार्थ खा लिया। ईचीवाडा निवासी मनीष अहिरवार पिता कालूराम (28) अपने गांव से सारंगपुर आया था। मोबाइल पर पत्नी से बात के दौरान कहासुनी हुई। पत्नी के न आने से नाराज मनीष ने यह कदम उठाया। जहर खाने के बाद मनीष पास के एक पेड के नीचे उल्टियां करने लगा। परिजनों के पूछने पर उसने जहरीला पदार्थ खाने और पत्नी से विवाद की बात बताई। घटनास्थल के पास मौजूद कांग्रेस के पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय ने युवक को देखा। हालत गंभीर होने पर उसे बेहतर इलाज के लिए शाजापुर रेफर कर दिया गया।

श्री कालिका माता नवरात्रि मेला 11 अक्टूबर से

बड़नगर। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर पालिका परिषद बड़नगर द्वारा श्री कालिका माता नवरात्री मेले 2026 का आयोजन 11 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक कालिका माता मंदिर किला प्रांगण पर किया जावेगा। कालिका माता नवरात्रि मेला हेतु नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या द्वारा मेला समिति का गठन किया गया। जिसमें पार्षद नर्मदा राजेश परमार को श्री कालिका माता नवरात्री मेले 2026 का अध्यक्ष नियुक्त कर निम्नांकित समितियों का गठन किया गया। जिसमें नेहा शांतिलाल गोखरू को सांस्कृतिक समिति प्रभारी, लक्ष्मीबाई लालबहादुर बादशाह को खेलकूद समिति का प्रभारी, अजय दौराया को व्यवस्था समिति का प्रभारी, राकेश भूरिया को विद्युत साज सज्जा का प्रभारी नियुक्त किया गया एवं संजय श्रीवास्तव, शैलेन्द्रसिंह गोसर, राजेश आचार्य, सुरेश कुशवाह को समितियों का सचिव नियुक्त किया गया। एम.आर.निंगवाल मेला अधिकारी एवं रवि पांचाल सहायक मेला अधिकारी होंगे । कार्यक्रमों के साथ आकर्षक विद्युत साज-सज्जा की जावेगी।

धार्मिक यात्रा से वापस लौटने पर किया स्वागत

महिदपुर रोड। नगर पोरवाल समाज के राम भरोसे पोर वाल तथा अनिल भैसोटा ने नागदा शहर के युवा समाजसेवी राजेश पोरवाल मनीष पोरवाल पंकज पोरवा ल व इन तीनों की धर्मपत्नी अनिता पोरवाल भावना पोर वाल कविता पोरवाल की 14 दिन की जगन्नाथपुरी की धार्मिक यात्रा पूरी कर लौटने पर स्वागत किया इस दौरान राजेश पोरवाल ,मनीष पोरवाल तथा पंकज पोरवाल ने कहा धार्मिक यात्रा करने से व्यक्ति में धार्मिक भावना का उदय होता है तथा जीवन में संतोष एवं सुख समृद्धि प्राप्त होती है।

सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान मालवा प्रांत द्वारा

विद्या मंदिर उमावि में प्रांत स्तरीय विज्ञान मेला एवं वैदिक गणित प्रतियोगिता आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बडौद

स्थानीय सरस्वती विद्या मन्दिर उ.मा.वि. बड़ौद में सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान मालवा प्रांत की योजनानुसार प्रांत स्तरीय विज्ञान मेला एवं वैदिक गणित प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 03 अक्टूबर शनिवार से 04 अक्टूमबर रविवार तक किया गया।

इस प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान मालवा प्रांत के शाजापुर , खण्डवा , खरगोन , इन्दौर , धार , मंदसौर , उज्जैन विभाग के सरस्वती शिशु विद्या मंदिरों से 412 छात्र/छात्राएं , संरक्षक आचार्य/दीदी एवं निर्णायक शिक्षको ने सहभागिता की। प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता के समापन सत्र का शुभारंभ मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। समापन सत्र के मुख्य अतिथि डॉ.साधना भंवर (सेवानिवृत्त प्राचार्य डाईट एवं प्रांतीय प्रतियोगिता प्रांत संरक्षक) , अध्यक्षता भागीराम यादव (पूर्व प्राचार्य , प्रांत समिति सदस्य एवं गणित मेले के संरक्षक) , विशेष अतिथि राघवेन्द्र देराश्री (विभाग समन्वय , विभाग मंदसौर एवं विज्ञान एवं गणित मेंला मध्यक्षेत्र सहसंयोजक) , मिलिंद बाउसकर (वैदिक गणित प्रांत संयोजक) , नारायणसिंह मल्डावदिया (संस्था प्राचार्य एवं प्रतियोगिता महाप्रबंधक) एवं प्रदीप जैन (वैदिक गणित सह संयोजक मालवा प्रांत) रहें। अतिथि परिचय राजपालसिंह सिसोदिया ने कराया।

अतिथि स्वागत विपीन दुबे , लोकेन्द्रसिंह यादव एवं पल्लवी भट्नागर ने किया। पश्चात विज्ञान मध्यक्षेत्र सहसंयोजक राघवेन्द्र



देराश्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्या भारती प्रति वर्ष 4 प्रकार की अखिल भारतीय प्रतियोगिता सम्पन्न करवाती हैं । जिसमें विज्ञान एवं गणित मेला एक प्रकार की प्रतियोगिता है जिसमें विविध विषय है। विद्या भारती का इस प्रकार की प्रतियोगिता के आयोजन के पीछे उद्देश्य है कि अधिक से अधिक संख्या में बाल वैज्ञानिको को तराशना है जो आगे चलकर देशहित में अपनी महत्वपुर्ण भुमिका का निर्वहन करेगे।

इस प्रतियोगिता में जिन छात्र/छात्राएं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है वह विद्या भारती मालवा प्रांत का प्रतिनिधित्व क्षेत्र स्तरीय प्रतियोगिता में करेगे एव कहा की शेष छात्र/छात्राएं असफल नही हुए उन्हे एक अवसर और मिला है अपनी कलॉ का प्रदर्शन करने में हम ऐसा विचार करे। पश्चात विजेता , उपविजेता छात्र/छात्राएं को प्रमाण पत्र एवं शिल्ड देकर सम्मानित किया गया एवं प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आए विद्यालय का सम्मान उनके संरक्षक आचार्य/दीदी को शिल्ड देकर किया गया।

ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर हंसवाहिनी शिक्षा समिति के पदाधिकारी विजय कुमार जैन , अशोक कुमार तरसिंग , मुकेशकुमार तरवेचा, अशोककुमार कुण्डल बोहरा, विनोदकुमार मोदी, बिरदीचंद जैन , वैजयन्त कुमार जैन, प्रकाश कुमावत, भगवतस्वरुप शर्मा , शेरुसिंह राजपूत पत्रकार साथी नटवरसिंह राजपूत , जगदीश भावसार एवं समस्त आचार्य/दीदी परिवार उपस्थित रहा। समापन सत्र का संचालन रेणुका शेर ने किया एवं आभार मिलिंद बाउसकर वैदिक गणित प्रांत संयोजक ने माना।

सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वार शिविर में 194 आवेदनों का निराकरण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश शासन द्वारा सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका परिषद बड़नगर के सौजन्य से स्थानीय इन्द्रप्रस्थ गार्डन में महेन्द्रसिंह यादव प्रशासक अपेक्स बैंक के मुख्य आतिथ्य एवं विधायक जितेन्द्र उदयसिंह पण्ड्या की अध्यक्षता तथा रवि सौलंकी अध्यक्ष उज्जैन विकास प्राधिकरण के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ।

सेवा सेतु अभियान शिविर में शासन द्वारा निर्धारित विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं में उपस्थित हितग्राहियों को पंजीकरण किया जाकर तथा त्वरित निराकरण करते हुए विभिन्न योजनाओं में लाभांवित किया गया।

उक्त शिविर में नगरीय प्रशासन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, कृषि विभाग, महिला एवं विकास विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, उर्जा विभाग, खाद्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें, उक्त शिविर में लगभग कुल पंजीकृत आवेदन 508 में से 194 हितग्राहियों के आवेदन का निराकरण तत्काल किया जाकर संबंधित योजना का लाभ दिया गया, शेष हितग्राहियों के आवेदनों पर भविष्य में पात्रता अनुसार लाभान्वित किये जाने की कार्यवाही की जाना है। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष अनिता सतीश वर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष भाजपा नवीन राठौड, गणपत डाबी मौजूद रहे।

त्योहारों के मद्देनजर व्यापारियों को 4 लाख रुपए की चिल्लर वितरित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नागदा

त्योहारों के दौरान बाजार में खुले पैसों की उपलब्धता बनाए रखने के उद्देश्य से व्यापारी महासंघ की अगुवाई में भारतीय स्टेट बैंक के सहयोग से शनिवार को व्यापारियों को करीब 4 लाख रुपए की चिल्लर वितरित की गई। महिदपुर रोड स्थित व्यापारी महासंघ अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल के प्रतिष्ठान पर शाम 5 बजे चिल्लर वितरण किया गया।

व्यापारी महासंघ अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल ने बताया कि व्यापारी संघ द्वारा प्रतिवर्ष त्योहारों के पूर्व व्यापारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए खुले पैसे उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाता है। इस वर्ष भी 100 से अधिक व्यापारियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार करीब 3 हजार से 5 हजार रुपए तक के सिक्के उपलब्ध कराए गए। इनमें 5, 10 और 20 रुपए के सिक्के शामिल रहे।

चिल्लर वितरण में भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक आशीष सक्सेना एवं रोकड़ अधिकारी राहुल सुनहरे का विशेष सहयोग रहा। व्यापारियों ने खुले पैसों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए व्यापारी महासंघ एवं बैंक का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर डिस्पोजल संघ अध्यक्ष बृज टॉक, मेडिकल एसोसिएशन अध्यक्ष अंकित सेठिया, पूर्व नागदा व्यापारी संघ सचिव दिलीप सिंह सोनगरा एवं पूर्व कोषाध्यक्ष रसमन जैन सहित व्यापारी महासंघ के पदाधिकारी एवं व्यापारी मौजूद रहे। महासंघ ने बताया कि आगे भी चिल्लर उपलब्ध होने पर व्यापारियों को वितरित की जाएगी।

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की उज्जैन से अयोध्या पदयात्रा

यात्रा 26 को करेंगी प्रवेश, कांग्रेस जनों ने पदयात्रा को लेकर जोश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह द्वारा 20 अक्टूबर को उज्जैन से अयोध्या तक निकाली जाने वाली पदयात्रा को लेकर सारंगपुर में कांग्रेस कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने जोरदार तैयारियां शुरू कर दी हैं। यात्रा को भव्य और सफल बनाने के लिए स्थानीय नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अगुवाई ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी, पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद अली, निजाम कुरैशी ने की। इस दौरान यात्रा के मार्ग, भोजन, विश्राम व्यवस्था और कार्यकर्ताओं की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने पर विस्तृत चर्चा हुई।

ब्लाक प्रवक्ता लखन धनगर ने बताया कि राजा की यह पदयात्रा धार्मिक आस्था, आपसी सौहार्द और जन-जागरण का संदेश लेकर निकल रही है। इसे लेकर मालवा-राजगढ क्षेत्र सहित पूरे सारंगपुर के कांग्रेसजनों और युवाओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। श्रीधनगर ने बताया कि श्रीसिंह की यात्रा 26 अक्टूबर को सारंगपुर में प्रवेश करेंगी। रात्रि विश्राम सारंगपुर में होगा, जिसके बाद वह अगले दिन 27 अक्टूबर को धनोरा में थोड़ी देर दोपहर के समय विश्राम होगा और फिर ग्राम गुलावता पहुंचकर रात्रि विश्राम किया जाएगा। 28 अक्टूबर की सुबह सारंगपुर विस क्षेत्र से राजगढ़ विस के लिए यात्रा प्रस्थान करेंगी। इस दौरान संगठन को बेहतर ढंग से ब्लाक स्तर पर संचालित करने पर दुर्गेश सोमानी का नेता एवं कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

जगह-जगह होगा स्वागत

बैठक में अलरजा कुरैशी, गौरव शर्मा, अभिजीत नाहर, लोकेश पुष्पद, नरेंद्र ठाकुर, आनन्द पाल, मुस्ताक अंसारी, पवन राज एवं गब्दु पठान सहित बडी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी नेताओं ने संकल्प लिया कि सारंगपुर क्षेत्र से ऐतिहासिक संख्या में कार्यकर्ता इस पदयात्रा में शामिल होंगे और यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत करेंगे।

सेवा सेतु मेगा शिविर में 102 आवेदन प्राप्त 11 हितग्राहियों को मौके पर मिला लाभ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जीरापुर

शासन के निर्देशानुसार सेवा संकल्प अभियान के तहत रविवार को नगर परिषद जीरापुर में सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार अंतर्गत मेगा शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी, विशेष अतिथि पूर्व विधायक पुरसिंह पवार एवं नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह ने मां सरस्वती एवं भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

शिविर का उद्देश्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का पात्र नागरिकों को त्वरित लाभ पहुंचाना रहा। इसके लिए विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल एवं हेल्प डेस्क



लगाए गए, जहां नागरिकों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ आवेदन प्राप्त किए गए। शिविर में कुल 102 आवेदनों का ऑनलाइन पंजीयन कर उनका निराकरण किया गया।

शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री संबल योजना, आयुष्मान भारत योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, पीएम स्वनिधि योजना एवं पेंशन योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की सेवाएं उपलब्ध कराई गईं।

ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में विधायक हजारीलाल दांगी, पूर्व विधायक पुरसिंह पंवार, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, पार्षद शिव मंडलोई, गिरिराज जुलानिया, पुरीलाल दांगी, कुशाल कुशवाह एवं कमल झावा सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

अक्टूबर में अप्रैल जैसी गर्मी, तापमान 35 डिग्री, न्यूनतम 20 डिग्री रहा

सारंगपुर। अक्टूबर में ही अप्रैल जैसी गर्मी पड़ रही है। शनिवार को अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। जबकि एक दिन पहले शनिवार को 34 डिग्री था। मौसम विभाग के अनुसार अक्टूबर में क्षेत्र के मौसम तेजी से बदलने वाला है। बंगाल की खाडी में फिलहाल कोई नया सिस्टम नहीं बनने से अगले एक सप्ताह तक बारिश की गतिविधियां होने की संभावना नहीं है। लेकिन आर्द्रता बढने से दिन गर्म और उमस भरे रहेंगे, जबकि रात के तापमान में धीरे-धीरे गिरावट शुरू होगी। रविवार को न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

दो बार नेशनल खेल चुकी वैष्णवी जाधव का 26 वर्ष की उम्र में निधन

- एक दिन पहले की थी शादी की खरीदी, अगले ही दिन थम गई सांसें

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

जिस घर में कुछ ही दिनों बाद शहनाइयां गूंजने वाली थीं, जहां बेटी की शादी को लेकर खुशियों और तैयारियों का माहौल था, वहां अचानक मातम पसर गया। दो बार नेशनल स्तर पर खेल चुकी 26 वर्षीय वैष्णवी (तनु) जाधव का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वैष्णवी की असमय मौत की खबर से परिजनों सहित पूरे नगर में शोक की लहर दौड गई।

स्वर्गीय प्रकाशचंद्र जाधव की पोती और लोकेश जाधव की बडी बेटी वैष्णवी की शादी तीन महीने बाद तय थी। परिवार बेटी की शादी को यादगार बनाने की तैयारियों में जुटा था। नियति का क्रूर खेल देखिए, जिस बेटी ने एक दिन पहले ही अपनी शादी के लिए खरीदारी की थी, उसी के अगले दिन घर से उसकी अर्थी उठी। जिस घर में बेटी के दुल्हन बनने के सपने संजोए जा रहे थे, वहां अचानक उसकी विदाई का ऐसा मंजर सामने आया, जिसने हर आंख को नम कर दिया।

एक मां के लिए अपनी बेटी को दुल्हन बनते देखना जीवन के सबसे खूबसूरत सपनों में से एक



होता है। वैष्णवी की मां भी बेटी की शादी को लेकर न जाने कितने सपने संजोए बैठी होंगी। शादी की खरीदारी, तैयारियां और घर में आने वाली खुशियों की कल्पना के बीच उन्हें क्या पता था कि जिस बेटी को कुछ महीनों बाद दुल्हन बनाकर विदा करना था, उसे इस तरह हमेशा के लिए खोना पडेगा। बेटी के निधन से परिवार पर दुखों का पहाड टूट पडा। मां और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। जिस घर में शादी की बातें हो रही थीं, वहां अब बेटी की यादें और परिजनों की सिसकियां रह गईं। वैष्णवी की असमय विदाई ने परिवार के उन सपनों को भी अधूरा छोड दिया, जिन्हें पूरा करने की तैयारियां चल रही थीं। वैष्णवी दो बहनों में बडी थी। राष्ट्रीय स्तर पर दो बार खेल चुकी वैष्णवी ने अपनी प्रतिभा से परिवार का नाम रोशन किया था। इतनी कम उम्र में उसका यूं चले जाना परिवार के साथ उन लोगों के लिए भी गहरा आघात है, जो उसे जानते थे।

जनप्रतिनिधियों ने दी श्रद्धांजलि


वैष्णवी की अंतिम यात्रा उनके निवास सुदर्शन नगर से निकाली गई। पिता लोकेश जाधव ने मुखाग्नि देकर अंतिम विदाई दी। शव यात्रा में नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल, दर्जी समाज राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित चौहान, हिंउस अध्यक्ष डा. ध्रुव भल्ला, अभिभाषक संघ अध्यक्ष पीएस मंडलोई, मुक्ति धाम समिति अध्यक्ष अनिल बारकिया, दिनेश सिसोदिया, अमित सक्सेना सहित जनप्रतिनिधियों और परिचितों ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी।



नशा न करेंगे, न करने देंगे की शपथ दिलाई, विद्यालय परिसर घोषित हुआ नशा-तंबाकू मुक्त

सुसनेर। राज्य शासन के निदेशानुसार महात्मा गांधी की 157वीं जयंती के अवसर पर 2 से 8 अक्टूबर तक आयोजित मद्य निषेध सप्ताह के तहत शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय खेरिया सुसनेर में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारत स्काउट एवं गाइड तथा यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में संचालित प्रोजेक्ट यूथ फॉर चेंज के बैनर तले मिशन लाइफ के अंतर्गत स्वस्थ जीवन शैली को लेकर विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। संस्था प्रभारी भैरूलाल ओसारा के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों एवं मादक पदार्थों के सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान संस्था प्रभारी ने छात्र-छात्राओं को स्नशा न करेंगे, न करने देंगेस की सामूहिक शपथ दिलाई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशामुक्ति का संदेश अपने घर एवं आसपास के लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही विद्यालय परिसर को नशा एवं तंबाकू मुक्त शिक्षण क्षेत्र घोषित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक भूपेंद्र सिंह झाला, कैलाशचंद्र दांगी, तिलोकचंद पाटीदार, राकेश पाटीदार, रमेशचंद्र दांगी, शिक्षिका चंचल जैन सहित विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

श्राद्ध पक्ष के अवसर पर भव्य पितृ तर्पण एवं जलाजंली कार्यक्रम संपन्न



तराना नगर में पितृपक्ष के अवसर पर सर्व हिंदू समाज सनातन भाइयों के द्वारा एक शिवलिंग रोज अभिषेक मंडली के तत्वावधान में एवं महंत मोहन भारती गिरी महाराज अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष जूना अखाड़ा के सानिध्य में एवं पंडित राजेश शर्मा गुरुजी के मार्गदर्शन में तराना नगर में श्री तिलभांडेश्वर महादेव मंदिर परिसर में तराना नगर के सर्व हिंदू समाज के भाईयों द्वारा भव्य पितृ तर्पण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें तराना नगर के सभी समाज के सनातनी भाई ने मिलकर अपने पूर्वजों को जलांजलि तर्पण कार्य करके श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम पंडित नीरज रावल एवं पंडित अवंती पंड्या आचार्यत्व में वेदोक्त मंत्रों के द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन तराना नगर के वरिष्ठ समाज सेवी ललित सोमानी के द्वारा किया गया। यह जानकारी एक शिवलिंग रोज अभिषेक मंडली के प्रमुख सदस्य दिनेश शर्मा द्वारा दी गई।

जन शिक्षक शर्मा को दी विदाई



बडौद। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुदवास में राज्य शिक्षा केंद्र के द्वारा जन शिक्षक एवं ब्लॉक असिस्टेंट कोऑर्डिनेटर के पदों की पूर्ति की गई 'जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जन शिक्षा केंद्र सुदवास के अंतर्गत पूर्व से कार्यरत अशोक शर्मा जन शिक्षक का पदपूर्ति के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपलोन केंद्र पर पद स्थापना की गई। शर्मा पूर्व में सुदवास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जन शिक्षक के रूप में पदस्थ होकर अपना कार्य कर रहे थे 'शर्मा की कार्य प्रणाली बहुत ही अच्छी एवं सराहनी रही ' आज आपको विद्यालय परिवार की ओर से स्थानांतरण हेतु विदाई दी गई एवं पुष्पमाला साल एम श्रीफल से आपका स्वागत किया गया तथा उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी गई 'इस विदाई समारोह में विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

संजा महोत्सव के अंतर्गत सामाजिक संस्था किला कोट प्रतियोगिता का आयोजन



महिदपुर। संजा महोत्सव के अंतर्गत सर्व प्रयास सामाजिक संस्था महिदपुर द्वारा किला कोट प्रतियोगिता का आयोजन कस्तूरबा गांधी छात्रावास में रखा गया जिसमें 10 से 15 बालिकाओं ने भाग लिया और गाय के गोबर से किला कोट का गाय के गोबर से सुंदर-सुंदर आकृतियां निर्मित की। शाखा प्रमुख सोनू रोहिणी मेहता, सह प्रमुख नीतू जैन, कोषाध्यक्ष सरिता कालरा, सदस्य ऊषा खंडूजा एवं रेखा व्यास एवं छात्रावास प्रभारी मंजू जैन की उपस्थिति में कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। किला कोट प्रतियोगिता के निर्णय के रूप में श्रीमती प्रभा शर्मा एवं श्रीमती कविता जलांद्रा द्वारा बालिकाओं को प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया । प्रथम स्थान कुमकुम, प्रियंका , गौरी, आरती और जिया, द्वितीय स्थान रेशम, कविता, दिव्यांशी, गौरी, खूशबू, तृतीय स्थान चंचल, शिवानी और बसकन्या ने प्राप्त किया। कार्यकारिणी प्रमुख रजनी गुलाटी द्वारा बताया गया कि संजा माता की लोक कला वर्तमान में विलुप्त हो चुकी है इसको जीवंत करने के प्रयास किए जाने चाहिए क्योंकि संजा माता हमें प्रकृति से जुड़े रहने का संदेश देती है एवं लोकगीतों में कहीं ना कहीं प्रकृति से जुड़े होने एवं आपके संबंधों की मिठास के संदेश छुपे हैं इसलिए इस लोक कला को हमें भूलना नहीं चाहिए और अधिक से अधिक इसका प्रचार प्रसार करना चाहिए।

खून की कमी से हैं परेशान?

तेजी से हीमोग्लोबिन बढ़ाने के लिए डाइट में शामिल करें यह चीजें...



हीमोग्लोबिन शरीर में ऑक्सीजन पहुंचाने के लिए एक जरूरी प्रोटीन है। जब शरीर में आयरन, फोलेट या विटामिन बी12 जैसे पोषक तत्वों की कमी हो जाती है तो हीमोग्लोबिन का लेवल कम हो सकता है। इसके कारण थकान, कमजोरी, चक्कर, सांस फूलना और स्किन का पीला पड़ना जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। हालांकि, हर बार कम हीमोग्लोबिन का कारण सिर्फ आयरन की कमी नहीं होता है। एक स्टडी के अनुसार, शरीर में हीमोग्लोबिन का लेवल बढ़ाने के लिए आयरन से भरपूर डाइट और प्रोटीन से भरपूर फूड्स का सेवन करना बहुत प्रभावी होता है। प्रोटीन ब्लड वेसल्स के निर्माण और शरीर में आयरन के परिवहन में अहम भूमिका निभाता है। डाइट में हरी पत्तेदार सब्जियों को शामिल करने से शरीर को पर्याप्त मात्रा में आयरन मिलता है। इसके अलावा, विटामिन सी हीम संश्लेषण की प्रक्रिया में सुधार करता है। , हीमोग्लोबिन बनाने में आयरन अहम भूमिका निभाता है। डाइट में आयरन से भरपूर फूड्स शामिल करने से शरीर को हीमोग्लोबिन बनाने में मदद मिलती है। इसके लिए आप अपनी डाइट में इन फूड्स को शामिल कर सकते हैं।



1. हरी पत्तेदार सब्जियां

पालक और अन्य हरी पत्तेदार सब्जियां आयरन फोलेट और अन्य माइक्रोन्यूट्रिएंट्स से भरपूर होती हैं। हालांकि, पौधों से मिलने वाला आयरन शरीर में मांस या मछली से मिलने वाले आयरन की तुलना में कम आसानी से अवशोषित होता है।

2. दालें और बीन्स

शाकाहारी लोगों के लिए आयरन और प्रोटीन का अच्छा सोर्स दाल और बीन्स को माना जाता है। मसूर की दाल, राजमा, चना और सोयाबीन को नियमित रूप से डाइट में शामिल करना हीमोग्लोबिन बढ़ाने का अच्छा तरीका है।

3. तिल और कद्दू के बीज

तिल और कद्दू के बीज जैसे सीड्स भी आयरन और अन्य मिनरल्स से भरपूर होते हैं। इन्हें आप अपने रोजाना के खाने में सलाद, दही या नाश्ते में थोड़ी मात्रा में शामिल कर सकते हैं।

4. नॉनवेज फूड्स

मांसाहारी भोजन जैसे अंडा, मछली और मीट भी हीमोग्लोबिन बढ़ाने में मदद करते हैं। खासकर मीट से मिलने वाला हीम आयरन शरीर आसानी से अवशोषित करता है।

आयरन अवशोषण में विटामिन सी का महत्व

न्यूट्रिशनिस्ट रक्षिता मेहरा बताती हैं कि हीमोग्लोबिन बढ़ाने के लिए सिर्फ आयरन खाना ही काफी नहीं होता है, बल्कि शरीर उसे कितना अवशोषित कर पाता है, यह भी जरूरी है। विटामिन सी पौधों से मिलने वाले नॉन-हीम आयरन के अवशोषण को बेहतर बनाने में मदद करता है। इसलिए, आयरन से भरपूर नींबू, आंवला, अमरूद, संतरा, कीवी, टमाटर या शिमला मिर्च जैसे विटामिन सी से भरपूर फूड्स लिए जा सकते हैं। जैसे चने या दाल के साथ नींबू, आंवला, टमाटर आदि जैसे विटामिन सी फूड्स शामिल कर सकते हैं, जो आयरन के अवशोषण को बढ़ाते हैं।

एनीमिया से बचाव के लिए लाइफस्टाइल में क्या बदलाव करें?

न्यूट्रिशनिस्ट रक्षिता मेहरा का कहना है कि एनीमिया शरीर में हीमोग्लोबिन और रेड ब्लड सेल्स के लेवल को कम कर देता है, जिससे थकान, कमजोरी और चक्कर आने जैसी समस्याएं होने लगती हैं। इससे बचने और हेल्दी रहने के लिए आप अपनी रोजाना की लाइफस्टाइल में ये बदलाव कर सकते हैं-

- **आयरन से भरपूर डाइट-** अपने रोजाना के भोजन में हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक या मेथी, चुकंदर, अनार, खजूर, मुनक्का और साबुत अनाज शामिल करें।
- **विटामिन सी का सेवन-** आयरन के बेहतर अवशोषण के लिए अपने भोजन के साथ नींबू का रस, संतरा या आंवला जैसी विटामिन सी से भरपूर चीजें शामिल करें।
- **चाय और कॉफी से दूर रहें-** भोजन के तुरंत बाद चाय या कॉफी पीने से बचना चाहिए, क्योंकि इनमें मौजूद टैनिन शरीर में आयरन के अवशोषण को कम करते हैं।
- **लोहे के बर्तनों का इस्तेमाल करें-** खाना पकाने के लिए लोहे की कढ़ाई या बर्तनों का इस्तेमाल करें, जिससे भोजन में नेचुरल तरीके से आयरन की मात्रा बढ़ सके।
- **पर्याप्त पानी और नींद-** शरीर को हाइड्रेटेड रखने के लिए रोजाना 7 से 8 घंटे की अच्छी नींद लें ताकि मेटाबॉलिज्म और ब्लड सकुर्लेशन सही बना रह सके।
- **नियमित शारीरिक गतिविधि करें-** योग, हल्की सैर या एक्सरसाइज को अपने रूटीन का हिस्सा बनाएं ताकि शरीर में ऑक्सीजन का फ्लो बेहतर हो सके।

जो शिशु समय से पहले जन्म लेते हैं, वे काफी कमजोर हो सकते हैं। इसलिए उनकी मालिश करने से पहले डॉक्टर की सलाह बहुत जरूरी होती है। इस लेख में डॉक्टर ने प्री-मैच्योर शिशु की मालिश करने से जुड़े सभी पहलुओं को विस्तार से समझाया है।

समय से पहले जन्मे शिशु की मालिश कब शुरू करें?



समय से पहले जन्मे शिशु को लेकर अक्सर पेरेंट्स सोचते हैं कि शिशु की मालिश की जाए, ताकि इसकी ग्रोथ जल्द से जल्द हो सके। अगर शिशु प्री-मैच्योर है, तो उसकी स्किन, मांसपेशियां और शरीर का तापमान स्वस्थ शिशुओं के मुकाबले अलग हो सकता है। इसलिए समय से पहले जन्मे शिशुओं की मालिश करने से पहले डॉक्टर से पूरी जानकारी लेना बहुत महत्वपूर्ण है। प्री-मैच्योर शिशु की मालिश शुरू करने से पहले यह चेक किया जाता है कि शिशु कितने हफ्ते में पैदा हुआ, जन्म के समय उसका वजन कितना था, अभी उसकी सेहत कैसी है, सांस लेने में कोई परेशानी तो नहीं है और NICU में शिशु का किस तरह का इलाज चल रहा है?

मालिश शुरू करने से पहले इन बातों का रखें ध्यान

अगर शिशु को हार्ट या किसी भी तरह की समस्या है, तो मालिश करने से बचना चाहिए। मालिश के दौरान शिशु को बहुत ही हल्के हाथ का इस्तेमाल करें और अगर शिशु असहज दिखे, तो मालिश तुरंत रोक दे। जब डॉक्टर शिशु की मालिश करने की सलाह दें, तो कुछ खास बातों का ध्यान रखना जरूरी है, क्योंकि प्री-मैच्योर शिशु की कंडीशन समय पर जन्मे शिशुओं से थोड़ी अलग होती है। मालिश करते समय कुछ गलतियां शिशु को परेशान कर सकती हैं। इसलिए सावधानी से मालिश करना जरूरी है।

समय से पहले जन्मे शिशु के मामले में मालिश शिशु की स्थिति देखकर तय करनी चाहिए। शुरूआत में मालिश का समय बहुत कम समय रखा जा सकता है, लेकिन अगर शिशु को आराम मिल रहा है, तो इसे धीरे-धीरे बढ़ाया जा सकता है। अगर मालिश करते समय शिशु रो रहा हो या उसे सांस लेने में तकलीफ दिखाई दे, तो मालिश तुरंत रोक देनी चाहिए।

Sport

इंदौर में 11 अक्टूबर को भारत से टी-20 मुकाबला

वेस्टइंडीज टीम ने मांगा एक्स्ट्रा नारियल पानी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के होलकर स्टेडियम में 11 अक्टूबर को भारत और वेस्टइंडीज के बीच होने वाले टी-20 मुकाबले की तैयारियां तेज हो गई हैं। मैच से पहले दोनों टीमों के खिलाड़ियों की डाइट, हाइड्रेशन और रिकवरी का खास ध्यान रखा जा रहा है। इसी बीच वेस्टइंडीज टीम ने इंदौर में नारियल पानी का एक्स्ट्रा स्टॉक रखने की विशेष मांग की है। वेस्टइंडीज टीम के मैनेजर ने मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन से फोन पर एक्स्ट्रा नारियल पानी उपलब्ध रखने का आग्रह किया है। टढउअ के सीईओ रोहित पंडित के मुताबिक, खिलाड़ियों के लिए सामान्य तौर पर नारियल पानी की व्यवस्था रहती है, लेकिन इस बार वेस्टइंडीज टीम ने इसकी अतिरिक्त उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा है।

इंदौर में बारिश के बाद अब तापमान बढ़ने के साथ गर्मी और ड्राई हीट का असर दिखाई दे रहा है। ऐसे में मैदान पर लगातार दौड़ने, फील्डिंग और बल्लेबाजी-गेंदबाजी करने वाले खिलाड़ियों के लिए हाइड्रेशन अहम है। टीम प्रबंधन चाहता है कि खिलाड़ियों को जरूरत के समय नारियल पानी आसानी से उपलब्ध हो।



इंदौर में पहली बार आए साइंटिफिक रोलर

11 अक्टूबर को इंदौर के होलकर स्टेडियम में भारत और वेस्टइंडीज के बीच होने वाले टी-20 मुकाबले की तैयारियां अब आधुनिक तकनीक के साथ की जा रही हैं। मैदान में पहली बार 200, 500 और 750 किलोग्राम वजन वाले आधुनिक रोलर मंगाए गए हैं। ये पुराने मैनुअल रोलर की तुलना में आकार में बड़े हैं और इनके वजन का वितरण भी अलग तरीके से किया गया है। इन्हें चेन्नई से इंदौर लाया गया है। इन आधुनिक रोलर के पीछे क्रिकेट पिच की मिट्टी, नमी, घास की जड़ों और गेंद के उछाल को लेकर हुई वैज्ञानिक रिसर्च है।

वेजेटेरियन मेन्यू पर भी ज्यादा जोर

दोनों टीमों के खिलाड़ियों की पसंद और जरूरत के अनुसार भोजन की व्यवस्था की जा रही है। डाइट में वेजेटेरियन विकल्प ज्यादा रखे गए हैं। खिलाड़ियों की फिटनेस और मैच के बाद रिकवरी को ध्यान में रखते हुए खान-पान तैयार किया जाएगा।

रिकवरी के लिए आइसबाथ टब की व्यवस्था

मैच और अभ्यास सत्र के बाद खिलाड़ियों की रिकवरी के लिए आइसबाथ टब की व्यवस्था भी की जा रही है। टी-20 में लगातार शारीरिक गतिविधि के चलते खिलाड़ियों पर पड़ने वाले दबाव को देखते हुए रिकवरी सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। भारतीय टीम के लिए रेडिसन होटल और वेस्टइंडीज टीम के लिए मैरियट होटल में ठहरने की व्यवस्था की गई है। दोनों टीमों के इंदौर पहुंचने से पहले होटल, अभ्यास, परिवहन और सुरक्षा से जुड़ी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

पाकिस्तान से हॉकी में गले मिला भारत, क्रिकेट में नो-हैंडशेक

नई दिल्ली। भारत ने जापान के आइची-नागोया में खेले गए एशियन गेम्स में 21 गोल्ड सहित 85 मेडल जीते। भारतीय क्रिकेट टीम ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ ना मिलाने का सिलसिला जारी रखा। हालांकि हॉकी में दोनों टीमों के खिलाड़ी गले मिले। एथलेटिक्स में वित्या रामराज ने पीटी उषा का 42 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। महिला हॉकी टीम की गोलकीपर सविता पुनिया ने फाइनल में पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल बचाया। इसकी बदौलत टीम ने 44 साल बाद विमेंस हॉकी में गोल्ड जीता।

आकाशदीप-मुकेश की न्यूजीलैंड दौरे से टेस्ट टीम में वापसी संभव

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

तेज गेंदबाज आकाशदीप और मुकेश कुमार की न्यूजीलैंड दौरे से टेस्ट टीम में वापसी हो सकती है। बंगाल से खेलने वाले दोनों पेसर्स ने ईरानी कप में 14 विकेट लेकर अपनी दावेदारी पेश की है।

रेस्ट ऑफ इंडिया की 167 रन की जीत में आकाशदीप ने 6 और मुकेश कुमार ने 8 विकेट लिए। वहीं, जांघ की चोट से जूझ रहे प्रसिद्ध कृष्णा भी फिटनेस क्लीयरेंस मिलने पर न्यूजीलैंड जा सकते हैं। भारत का न्यूजीलैंड दौरा 22 अक्टूबर से शुरू होगा। जोकि 1 दिसंबर तक चलेगा। इस

आवश्यकता है
होटल में सफाई व रूम सर्विस दिन और रात के लिए।
हिमालया गेस्ट हाउस
बैंक ऑफ इंडिया के पास, उज्जैन
9669890245

वधु चाहिए (सिन्धी)
विधुर सिंधी 42 वर्ष हेतु सिन्धी वधु चाहिए, मकान, दुकान अपना। उज्जैन मप्र.
संपर्क करें
8253063625

आवश्यकता है
प्रतिष्ठित आइल कम्पनी के लिए योग्य एवं अनुभवी सेल्समेन (लड़कों) की तुरंत आवश्यकता है। अच्छा संवाद कौशल, वेतन योग्यतानुसार
संपर्क करें
8225022548
(चिमनगंज मंडी उज्जैन)

दुकान बेचना है
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

जमीन बेचना है
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

आवश्यकता
रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु हेल्पर की जो सभी कार्य कर सके आवश्यकता है।
संपर्क करे
9827820470

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

आवश्यकता
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

नैनो न्यूज

- **मुकेश कुमार की वापसी संभव-** ईरानी कप में शानदार प्रदर्शन के बाद तेज गेंदबाज मुकेश कुमार की भारतीय टीम में वापसी की संभावना बढ़ी है।
- **इंग्लैंड चैंपियंस ने हराया भारत-** वर्ल्ड चैंपियंस ऑफ लीजेंड्स में इंग्लैंड चैंपियंस ने भारत चैंपियंस को 21 रन से हराकर महत्वपूर्ण जीत दर्ज की।
- **अभिषेक बने छक्कों के बादशाह-** 2026 में टी20 क्रिकेट में अभिषेक शर्मा 104 छक्कों के साथ सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।
- **ईशान किशन का शानदार प्रदर्शन-** ईशान किशन 2026 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारतीय बल्लेबाजों में सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गए हैं।
- **पृथ्वी शॉ संभालेंगे महाराष्ट्र-** रणजी ट्रॉफी 2026-27 के पहले मुकाबले के लिए महाराष्ट्र ने पृथ्वी शॉ को कप्तान बनाया है। टीम का मुकाबला दिल्ली से होगा।
- **भारत के एशियाड प्रदर्शन पर नजर-** एशियन गेम्स में भारत ने 21 स्वर्ण समेत 85 पदक जीते। तीरंदाजी, हॉकी और मुक्केबाजी ने अभियान को मजबूती दी।
- **हॉकी टीम का शानदार अभियान-** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने फाइनल में मलेशिया को 5-1 से हराकर एशियन गेम्स में अपना खिताब बरकरार रखा।

शार्दूल ठाकुर चोट के कारण शुरूआती मैचों से बाहर

सूर्यकुमार यादव रणजी ट्रॉफी में लौटेंगे:मुंबई के लिए 11 अक्टूबर से खेल सकते हैं

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पूर्व भारतीय टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव 2026-27 रणजी ट्रॉफी में मुंबई के लिए खेलने के लिए उपलब्ध हैं। वे मुंबई के पहले एलीट ग्रुप ऊ मैच में चंडीगढ़ के खिलाफ खेल सकते हैं। मुंबई और चंडीगढ़ के बीच यह मुकाबला 11 अक्टूबर से मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में होगा। सूर्यकुमार ने आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच IPL 2026 में खेला था।

वहीं, पूर्व मुंबई कप्तान शार्दूल ठाकुर हाथ की चोट के कारण शुरूआती कुछ मैचों में नहीं खेल पाएंगे। उनकी गैरमौजूदगी में तुषार देशपांडे मुंबई के तेज गेंदबाजी अटैक की अगुआई करेंगे। सूर्यकुमार ने फरवरी 2025 में नागपुर में विदर्भ के खिलाफ मुंबई के लिए आखिरी रणजी मैच खेला था। उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, उन्होंने घरेलू रेड-बॉल टूर्नामेंट के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि कर दी है। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के एक सूत्र ने टाइम्स ऑफ इंडिया से कहा, सूर्या ने MCA अध्यक्ष अजिंक्य नाइक को आगामी रणजी ट्रॉफी के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि की है।

सूर्यकुमार ने अब तक 86 फर्स्ट-क्लास मैच खेले हैं। उनके नाम 5,758 रन हैं। उन्होंने 144 पारियों में 14 शतक और 30 अर्धशतक लगाए हैं। उनका बल्लेबाजी औसत 42.33 है।

टी-20 वर्ल्ड कप 2026 जीतने के बाद सिलेक्शन कमेटी ने उन्हें कप्तानी से हटा दिया और श्रेयस अय्यर को नया कप्तान बनाया। यहां तक आयरलैंड, इंग्लैंड, जिम्मबाब्वे, अफगानिस्तान और जापान सीरीज की टीमों में भी उन्हें शामिल नहीं किया गया। सिलेक्टर्स ने उनके खराब फॉर्म को वजह बताया।



पिछले सीजन 13 विकेट लिए थे

रणजी ट्रॉफी इतिहास की सबसे सफल टीम मुंबई के लिए सीजन शुरू होने से पहले शार्दूल की गैरमौजूदगी बड़ा झटका है। 34 साल के शार्दूल ने पिछले सीजन मुंबई के लिए छह मैच खेले थे। उन्होंने 13 विकेट लिए थे और आठ पारियों में 130 रन बनाए थे। शार्दूल का आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच वेस्ट जोन के लिए दलीप ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल में था। यह मुकाबला इउउकके सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में नॉर्थ जोन के खिलाफ हुआ था। उस मैच की दोनों पारियों में शार्दुल केवल एक विकेट ले सके थे।

न्यूज कॉलम

ऑनलाइन सेंटरों में चोरी करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

धार। राजगढ़ में सरदारपुर रोड स्थित दो ऑनलाइन सेंटरों में सेंधमारी कर चोरी करने वाले 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों सेंटरों में 4 अक्टूबर की रात चोरी हुई थी। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की कंप्यूटर स्क्रीन और फिंगरप्रिंट मशीन बरामद की हैं। चोरी की सूचना मिलने के बाद राजगढ़ थाना पुलिस ने सेंटरों और आसपास लगे उउळश कैमरों के फुटेज खंगाले। साथ ही मुखबिरों से मिली जानकारी के आधार पर संदिग्धों की पहचान की गई।

इंदौर-अहमदाबाद फोरलेन पर सुरक्षा सख्त

धार। जिले के राजगढ़ में इंदौर-अहमदाबाद फोरलेन पर रात में सफर करने वाले वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए राजगढ़ थाना पुलिस ने पहल की है। माछलिया घाट से धूलेट गांव तक करीब 25 किलोमीटर के संवेदनशील मार्ग पर जगह-जगह चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं। इनमें वाहन चालकों को रात में सुनसान जगह पर वाहन रोकने से बचने और पंक्चर होने पर सुरक्षित स्थान पर ही टायर बदलने की सलाह दी गई है। दरअसल, इस मार्ग पर पहले सड़क पर रापी लगाकर वाहनों के टायर पंक्चर करने और फिर सुनसान जगह पर टायर बदलते समय चालकों से लूटपाट की घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

घर में निकला 8 फीट का अजगर, रेस्क्यू कर छोड़ा

झाबुआ। जिले के देवलफलिया गांव में एक घर के अंदर अजगर निकलने से लोग डर गए। रविवार को डूंगर सिंह सिंगाड की पत्नी रोटी बनाने की तैयारी कर रही थीं, तभी उन्होंने एक बिल्ली को तेजी से निकलते देखा। पास जाकर पता चला कि अजगर बिल्ली का शिकार कर रहा था। डूंगर सिंह ने तुरंत गांव के युवा कैलाश सिंगाड को सूचना दी। कैलाश ने सर्पमित्रों प्रताप देवड़ा और अजय देवड़ा को बुलाया। सर्पमित्रों ने देखा कि अजगर पत्थर की दीवार में घुस गया था। प्रताप देवड़ा ने दीवार खोदकर अजगर को बाहर निकाला और सुरक्षित पकड़ लिया।

पावागढ़ के लिए 350 श्रद्धालु पैदल रवाना



260 किमी की यात्रा, 9 अक्टूबर को पहुंचेगा दल, माता रानी के दर्शन करेंगे श्रद्धालु

मनावर। मनावर क्षेत्र के सामजीपुरा और नंगूर गांव से करीब 350 श्रद्धालुओं का दल गुजरात के प्रसिद्ध तीर्थ पावागढ़ के लिए पैदल रवाना हुआ। यात्रा क्षेत्र की सुख-शांति और अच्छी फसल की कामना के साथ माता रानी के दर्शन के लिए की जा रही है। ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों के साथ यात्रियों को विदा किया। ग्राम पटवार से पावागढ़ तक यात्री करीब 260 किलोमीटर की दूरी पैदल तय करेंगे। दल कुक्षी, आलीराजपुर और बाड़ौली होते हुए 9 अक्टूबर को पावागढ़ पहुंचेगा। मंदिर तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को करीब 1800 सीढ़ियां चढ़नी होंगी। यात्रा के दौरान श्रद्धालु जय माता दी के जयकारे लगाते हुए और भजन-कीर्तन करते हुए चलेंगे। रास्ते में आने वाले गांवों के मंदिरों में भी दर्शन करेंगे। नंगूर से रवाना हुए 150 यात्रियों का भाजपा जिला पंचायत सदस्य गणेश जर्मन ने स्वागत किया।

नैनो न्यूज

- **पटाखा बाजार से किराया वसूली तेज-** इंदौर विकास प्राधिकरण ने रीजनल पार्क के सामने लगने वाले थोक पटाखा बाजार से एक करोड़ रुपए से अधिक किराया वसूलने का नोटिस दिया है।
- **सोयाबीन कारोबार में बाजार स्थिर-** इंदौर के सोयाबीन कारोबार से जुड़े सोयामील का एनसीडीईएक्स भाव सोमवार को 46 हजार रुपए पर स्थिर रहा।
- **दूध महंगा, घरेलू बजट प्रभावित-** इंदौर में एक अक्टूबर से दूध के दाम बढ़ गए हैं। घर पहुंच सेवा 65 और डेयरी से खरीद पर 68 रुपए लीटर हो गई।
- **नए औद्योगिक क्षेत्रों से उम्मीदें बढ़ीं-** इंदौर क्षेत्र में नए औद्योगिक क्षेत्रों के विकास से खाद्य प्रसंस्करण, प्लास्टिक, इंजीनियरिंग और एमएसएमई कारोबार को विस्तार मिलने की उम्मीद है।
- **नगर निगम ने होटल के हिस्से को हटाया-** छावनी चौराहे पर सड़क चौड़ीकरण में बाधा बने एमएमबी होटल के हिस्से को नगर निगम ने हटाया। कार्रवाई हाईकोर्ट के आदेश के बाद हुई।
- **निवेश ठगी से कारोबारियों को खतरा-** इंदौर में ऑनलाइन निवेश ठगी के मामलों में बड़ी रकम फंस रही है। ट्रेडिंग, क्रिप्टो और निवेश प्लेटफॉर्म के नाम पर लोगों को निशाना बनाया जा रहा है।
- **पेट्रोल भाव में आज बदलाव नहीं-** इंदौर में 5 अक्टूबर को पेट्रोल का भाव 114.58 रुपए प्रति लीटर रहा। पिछले कई दिनों से कीमत में स्थिरता बनी हुई है।
- **प्याज कारोबार में बढ़ी हलचल-** मंडी में प्याज की आवक लगातार बनी हुई है। थोक कारोबारियों को त्योहारी मांग बढ़ने से व्यापार मजबूत होने की उम्मीद है।

नगर निगम के सफाई कर्मचारियों ने नियमितिकरण सहित विभिन्न मांगों को लेकर निगम कार्यालय परिसर में किया प्रदर्शन

नारेबाजी कर महिलाओं ने चूड़ियां निकालकर निगम के गेट पर फेंकी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में नगर निगम के सफाई कर्मचारियों ने सोमवार को नियमितिकरण सहित विभिन्न मांगों को लेकर निगम कार्यालय परिसर में प्रदर्शन किया। सुबह करीब 11.30 बजे बड़ी संख्या में कर्मचारी निगम पहुंचे और जमीन पर बैठकर नारेबाजी शुरू कर दी। इस दौरान कर्मचारियों ने बाहर आकर बात करो, निगम कमिश्नर इस्तीफा दो, जातिवाद बंद करो और निगम कमिश्नर हाय-हाय के नारे लगाए। कर्मचारी निगम आयुक्त के बाहर आकर बात करने की मांग कर रहे थे। प्रदर्शन करीब दो घंटे चला।

प्रदर्शन के दौरान सफाई मित्र महिलाओं ने भी जमकर नारेबाजी की। कुछ महिलाओं ने अधिकारियों को देने के लिए अपने हाथों से चूड़ियां निकाल लीं। इसके बाद कुछ महिलाओं ने चूड़ियां निगम ऑफिस के गेट पर फेंक दीं।



8 किमी दूर जाकर काम, 20 साल बाद भी नियमित नहीं

सफाई मित्र माया पथरोड ने बताया कि उन्हें नगर निगम में काम करते हुए 20 साल हो गए हैं, लेकिन अब तक परमानेंट नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है और निगम कमिश्नर भी उनकी बात नहीं सुनते। माया ने बताया कि जब उन्होंने नौकरी शुरू की थी, तब 3450 रुपए मिलते थे, अब 10 हजार 500 रुपए मिलते हैं। इसमें करीब 4 हजार रुपए किराए में चले जाते हैं। वह खजराना से गौरीनगर काम करने जाती हैं। उनके मुताबिक दिनभर आने-जाने और काम में ही निकल जाता है, इसलिए दूसरी जगह काम भी नहीं कर सकतीं।

सफाई मित्र बोलीं- इनाम नहीं, सुविधाएं भी नहीं

सफाई मित्र रीना ने कहा कि सफाई कर्मचारी इतने सालों से इंदौर को नंबर वन बनाते आ रहे हैं, लेकिन उन्हें कोई इनाम नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि कमलनाथ सरकार के समय 5 हजार रुपए मिले थे, उसके बाद कुछ नहीं मिला। रीना ने कहा कि वे 12 महीने काम करते हैं। बिना सूचना छुट्टी लेने पर उन्हें नौकरी से बंद करने की धमकी दी जाती है। सुविधा के नाम पर भी कुछ नहीं है। बीमा अस्पताल में घंटों बैठने के बाद इलाज हो पाता है। बच्चों के लिए भी कुछ नहीं कर पा रहे हैं। पूजा सिरसिया ने बताया कि समय पर वेतन नहीं मिलता। 10 हजार रुपए वेतन में भी कटौती कर ली जाती है। इतने कम वेतन में बच्चों की पढ़ाई-लिखाई नहीं हो पाती।

इंदौर में 11 अक्टूबर को भारत से टी-20 मुकाबला; डिहाइड्रेशन से बचना खिलाड़ियों के लिए अहम

वेस्टइंडीज टीम ने मांगा एक्स्ट्रा नारियल पानी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

होलकर स्टेडियम में 11 अक्टूबर को भारत और वेस्टइंडीज के बीच होने वाले टी-20 मुकाबले की तैयारियां तेज हो गई हैं। मैच से पहले दोनों टीमों के खिलाड़ियों की डाइट, हाइड्रेशन और रिकवरी का खास ध्यान रखा जा रहा है। इसी बीच वेस्टइंडीज टीम ने इंदौर में नारियल पानी का एक्स्ट्रा स्टॉक रखने की विशेष मांग की है।

वेस्टइंडीज टीम के मैनेजर ने मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन से फोन पर एक्स्ट्रा नारियल पानी उपलब्ध रखने का आग्रह किया है। एमपीसीए के सीईओ रोहित पंडित के मुताबिक, खिलाड़ियों के लिए सामान्य तौर पर नारियल पानी की व्यवस्था रहती है, लेकिन इस बार वेस्टइंडीज टीम ने इसकी अतिरिक्त उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा है। इंदौर में बारिश के बाद अब तापमान बढ़ने के साथ गर्मी और ड्राई हीट का असर दिखाई दे रहा है। ऐसे में मैदान पर लगातार दौड़ने, फील्डिंग और बल्लेबाजी-गेंदबाजी करने वाले खिलाड़ियों के लिए हाइड्रेशन अहम है। टीम प्रबंधन चाहता है कि खिलाड़ियों को जरूरत के समय नारियल पानी आसानी से उपलब्ध हो।

भारतीय टीम के लिए रेडिसन होटल और वेस्टइंडीज टीम के लिए मैरियट होटल में ठहरने की व्यवस्था की गई है। दोनों टीमों के इंदौर पहुंचने से पहले होटल, अभ्यास, परिवहन और सुरक्षा से जुड़ी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।



वेजेटेरियन मेन्यू पर भी ज्यादा जोर- दोनों टीमों के खिलाड़ियों की पसंद और जरूरत के अनुसार भोजन की व्यवस्था की जा रही है। डाइट में वेजेटेरियन विकल्प ज्यादा रखे गए हैं। खिलाड़ियों की फिटनेस और मैच के बाद रिकवरी को ध्यान में रखते हुए खान-पान तैयार किया जाएगा। मैच और अभ्यास सत्र के बाद खिलाड़ियों की रिकवरी के लिए आइसबाथ टब की व्यवस्था भी की जा रही है। टी-20 में लगातार शारीरिक गतिविधि के चलते खिलाड़ियों पर पड़ने वाले दबाव को देखते हुए रिकवरी सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

पत्नी ने हथौड़ी से सिर पर वार कर पति की हत्या कर दी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

गांधी नगर थाना क्षेत्र के जंबूड़ी गांव में घरेलू हिंसा और रोज-रोज के विवाद से तंग आकर एक महिला ने अपने ही पति की बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपी पत्नी ने पहले सोते हुए पति के सिर पर हथौड़ी से मारा और फिर गला दबाकर उसे मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने आरोपी पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, मृतक की पहचान संतोष डावर (45) पुत्र रामचंद्र डावर के रूप में हुई है। संतोष इंदौर एयरपोर्ट पर विमानों में फ्यूलिंग भरने का काम करता था।

परिजन और आसपास के लोगों के अनुसार, संतोष को अत्यधिक शराब पीने की लत थी। वह रोजाना शराब के नशे में धुत होकर घर आता था और अपनी पत्नी सूरज बाई व बच्चों के साथ मारपीट करता था। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि रविवार शाम को भी संतोष शराब पीकर घर आया और पत्नी सूरज बाई से विवाद करने लगा। बात इतनी बढ़ गई कि संतोष ने पत्नी और बच्चों को धमकी दी कि आज रात तुम सबको जान से खत्म कर दूंगा। डरी हुई पत्नी ने इसके बाद घटनाक्रम को अंजाम दिया। सूरज बाई ने बताया कि पति उठकर बच्चों या उस पर हमला न कर दे। इसी डर के चलते उसने पति पर हमला कर दिया। संतोष और सूरज बाई की चार बेटियां हैं, जो घटना के समय घर पर ही सो रही थीं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले में जांच कर रही है।



मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए रखे डिवाइडर से टकराकर व्यापारी की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

एरोड्रम इलाके में रविवार रात सड़क हादसे में एक व्यापारी की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए सड़क पर रखे डिवाइडर से टकराने के बाद कमल गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। एरोड्रम पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान कमल (44) पुत्र दुर्गाशंकर वागेला निवासी महावीर कृष्ण एवेन्यू के रूप में हुई है। रात करीब 12 बजे कमल अपने दोस्तों के साथ घर लौट रहे थे। घर के पास उनके दोस्त दूसरी तरफ मुड़कर चले गए। इसके कुछ देर बाद घर से कुछ दूरी पर कमल हादसे का शिकार हो गए। वहां मौजूद लोगों ने उन्हें गंभीर हालत में एमवाय अस्पताल पहुंचाया। कमल हेयर कॉस्मेटिक के व्यापारी थे। उनके परिवार में दो बेटियां और एक बेटा है। परिजनों का आरोप है कि मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए सड़क पर रखे डिवाइडर से टकराने के कारण हादसा हुआ। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज तलाश रही है, जिसके बाद हादसे की स्थिति स्पष्ट होगी।

बाणगंगा इलाके में रविवार रात ट्रेन हादसे में प्रॉपर्टी ब्रोकर की मौत हो गई। एमआर-10 रेलवे लाइन के पास अनिल का शव मिला। उनकी एक्टिवा भी रेलवे पटरी के पास पड़ी थी। पुलिस हादसे के साथ आत्महत्या के एंगल से भी जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान अनिल (52) पुत्र दगडू फरादे के रूप में हुई है। ट्रेन से टकराने के कारण उनकी मौत होने की आशंका है। रात में उनके पास मिले मोबाइल के जरिए परिजनों को घटना की जानकारी मिली।

एमडी ड्रग्स की मुखबिरी के शक में हमला

2 हत्याओं के आरोपी बदमाश ने युवक को मारे चाकू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

द्वारकापुरी इलाके के नॉर्थ मोहल्ला में रविवार रात नशे के कारोबार की पुलिस को मुखबिरी करने के शक में युवक लखन पर चाकू से हमला कर दिया गया। पुलिस के अनुसार, तलाई मोहल्ला निवासी रेवाराम ने अपने साथियों के साथ लखन को रास्ते में रोककर चाकू से कई वार किए। गंभीर रूप से घायल लखन को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

पुलिस के अनुसार, लखन रात में बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान रेवाराम ने उसे रास्ते में रोक लिया। आरोप है कि नशे के कारोबार की मुखबिरी करने की बात को लेकर रेवाराम और उसके साथियों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। रेवाराम शहर के बदमाश शुभम नेपाली और चेतन नाथ का खास साथी बताया जाता है। वह पहले दो अलग-अलग हत्याओं में आरोपी रह चुका है।

सोमवार को लखन की मां और परिवार के लोग उसकी बाइक लेने रेवाराम के घर के पास पहुंचे। इस दौरान दोनों पक्षों में फिर विवाद हो गया। मारपीट में भी एक युवक घायल हुआ। बताया जाता है कि रेवाराम करीब 15 दिन पहले ही जेल से छूटकर आया था। इसके बाद उसके इलाके में एमडी ड्रग्स बेचने की चर्चा है। शहर में एमडी ड्रग्स और नशे के कारोबार को लेकर शुभम नेपाली और महेश टोपी गैंग के बीच लंबे समय से रंजिश चली आ रही है। दोनों गुट पहले भी कई बार आमने-सामने आ चुके हैं। रेवाराम, शुभम नेपाली और चेतन पहले एक ही गैंग के लिए काम करते थे। रेवाराम ने चेतन के साथ मिलकर अतुल काकानी की हत्या की थी। इसके बाद जेल से छूटने पर उसने एक चौकीदार की भी हत्या कर दी थी। रेवाराम पर अलग-अलग थानों में करीब 20 गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। घटना के बाद इलाके में गैंगवार की आशंका जताई जा रही है। सीपी संतोष सिंह ने चाकूबाजी के मामलों को लेकर थाना प्रभारियों को पहले ही चेतावनी दी थी।

भागीरथपुरा जल कांड मामले में

अब 5 नवंबर को होगी अगली सुनवाई

याचिकाकर्ताओं ने कहा- रिपोर्ट का अध्ययन कर बहस के लिए समय जरूरी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर। भागीरथपुरा जल कांड के मामले में अब अगली सुनवाई 5 नवंबर को होगी। न्यायिक जांच आयोग की रिपोर्ट सार्वजनिक होकर हाईकोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड हो चुकी है। रिपोर्ट का अध्ययन करने के लिए समय दिए जाने की मांग याचिकाकर्ताओं की ओर से की गई। ताकि अगली सुनवाई में रिपोर्ट के निष्कर्षों के आधार पर प्रभावी बहस की जा सके।

हाई कोर्ट में सोमवार को मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता महेश गर्ग और प्रमोद द्विवेदी की ओर से अधिवक्ता मनीष यादव, अधिवक्ता पंडित करण बैरागी तथा अन्य अधिवक्ताओं ने अदालत के सामने पक्ष रखा। उनका तर्क था कि जांच रिपोर्ट अब सार्वजनिक हो चुकी है और रिपोर्ट विस्तृत होने के कारण उसके अध्ययन में समय लगेगा। ऐसे में तत्काल बहस के बजाय रिपोर्ट को पढ़ने और उसके आधार पर तर्क तैयार करने के लिए समय दिया जाना जरूरी है।

मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति सुबोध अभ्यंकर और न्यायमूर्ति जय कुमार पिल्लई की पीठ के समक्ष हुई। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 5 नवंबर की तारीख नियत की है।

रिपोर्ट में जल-सीवर व्यवस्था पर गंभीर सवाल

भागीरथपुरा मामले की न्यायिक जांच रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद जलापूर्ति और सीवरेज व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल सामने आए हैं। रिपोर्ट में पुरानी पाइपलाइन, सीवर और पेयजल लाइनों की तकनीकी खामियों, निगरानी की कमी, शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने और पाइपलाइन बदलने की प्रक्रिया में हुई देरी जैसे पहलुओं का उल्लेख किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह संकट केवल दिसंबर 2025 में अचानक पैदा हुई समस्या नहीं था। जल-सीवर नेटवर्क से जुड़ी पुरानी खामियां और लंबे समय तक चली प्रशासनिक प्रक्रियाएं भी जांच के दायरे में रही हैं। पाइपलाइन बदलने के काम में हुई देरी को भी आयोग ने अपनी जांच में प्रमुखता से देखा है।

अब अदालत में तय होगी आगे की दिशा

अभिभाषक मनीष यादव के अनुसार रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद अब अगली सुनवाई महत्वपूर्ण मानी जा रही है। याचिकाकर्ता पक्ष रिपोर्ट में सामने आए तथ्यों के आधार पर जिम्मेदारी और आगे की कार्रवाई को लेकर अपने तर्क रख सकता है। दूसरी ओर संबंधित पक्ष भी रिपोर्ट के निष्कर्षों पर अपना पक्ष अदालत के सामने रखेंगे।

अतिशीघ्र आवश्यकता है
महिला कम्प्यूटर ऑपरेटर
किराये से होम स्टे देना है
(नानाखेड़ा बस स्टैंड के पास अवंतिका होटल के सामने)
ब्रिजा कार (2022 मॉडल-45000किमी)
महाकाल इंजीनियरिंग सर्विसेस
20, सिद्धी विनायक, कॉम्प्लेक्स, शहीद पार्क, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9425091176 समय : 11:30 से 3 बजे तक

25 साल से आपकी सेवा में
भास्कर आयुर्वेद
हमारे यहां सभी कंपनी की आयुर्वेदिक दवाईयां विशेष डिस्काउंट पर मिलती है।
शक्तिवर्धक दवाईयों के लिए
संकर्प करें- 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्प्लेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटनें मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com